हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित
शुक्ल पक्ष, स्वाति, विक्रम संवत् 2082
• औरंगाबाद • शुक्रवार • 01 अगस्त 2025 • वर्ष 27 • अंक 231 • पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 2.00

सत्यमेव जयते

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND




## श्रीमती द्रौपदी मुर्मु
भारत की माननीय राष्ट्रपति

## का वीर भूमि झारखण्ड में
# अभिनंदन और
# जोहार

दिनांक: 31 जुलाई और 1 अगस्त 2025



श्री संतोष कुमार गंगवार
माननीय राज्यपाल, झारखण्ड



श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PR. No.358699(IPRD)2025-26

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## संक्षिप्त समाचार

### भाकपा नेता का निधन, शोक

**बिहारशरीफ**। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की रहुई प्रखंड कमेटी के लोकल कमेटी सदस्य विजय चौधरी का निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। जिला सचिव राज किशोर प्रसाद ने बताया कि विजय चौधरी वर्ष 1969 से ही भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और बीड़ी फेडरेशन से जुड़े हुए सक्रिय कार्यकर्ता थे। वे लगातार खेत मजदूरों, किसानों और गरीब तबकों के हक में संघर्ष करते रहे। वर्तमान में वे रहुई प्रखंड कमेटी के लोकल कमेटी के सदस्य के रूप में कार्यरत थे। वे पिछले एक वर्ष से बीमार चल रहे थे। प्रारंभिक इलाज स्थानीय चिकित्सकों द्वारा किया जा रहा था, लेकिन स्वास्थ्य में सुधार नहीं होने के कारण उनके पुत्र उन्हें पटना ले गए, जहां इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। वे रहुई प्रखंड के बरांदी गांव के निवासी थे। उनके निधन की सूचना मिलते ही उनके आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस अवसर पर अंचल मंत्री सकलदेव प्रसाद यादव, शिवकुमार यादव, सत्येंद्र कृष्ण, डा. मनोज कुमार, उमेश चंद्र चौधरी मौजूद थे।

### बदमाश ने विवाहिता से किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

**बिहारशरीफ**। खुदागंज थाना अंतर्गत एक गांव में बदमाश ने बुधवार की सुबह 19 वर्षीया महिला से दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। घटना की सूचना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया आरोपी सुरेंद्र चौधरी का पुत्र रोहित कुमार है। परिजनों ने बताया कि महिला मायके में रह रही थी। समीप में आरोपित का किराना दुकान है। झांसा दे बदमाश महिला को दुकान के समीप बने एक कमरे बुलाया। जहां जाने पर बदमाश ने जबरन महिला से कुकृत्य किया। थानाध्यक्ष रवि कुमार गुप्ता ने बताया कि घटना की सूचना के घंटे भर के अंदर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया। केस दर्ज कर आरोपित को न्यायालय के सुपुर्द कर दिया गया। पीड़िता का मेडिकल जांच सदर अस्पताल में कराया गया।

### दुघर्टना में ई-रिक्शा सवार बुजुर्ग की मौत, तीन जख्मी

**बिहारशरीफ**। दीपनगर थाना अंतर्गत बाजार इलाके में बुधवार को स्कॉर्पियो की टक्कर से ई-रिक्शा सवार एक बुजुर्ग की मौत हो गई। जबकि, तीन सवार जख्मी हो गए। सभी ई-रिक्शा सवार हिलसा कोर्ट में केस की गवाही देने जा रहे थे। उसी दौरान हादसा हुआ। मृतक नालंदा थाना क्षेत्र के रघु बिगहा गांव निवासी 80 वर्षीय सुखदेव यादव हैं। जख्मी द्वारिका यादव, शिव यादव और विनोद यादव को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। परिवार ने बताया कि चारों लोग हिलसा कोर्ट में गवाही देने जा रहे थे। उसी दौरान ई-रिक्शा में स्कार्पियो ने टक्कर मार दिया। जिससे बुजुर्ग की मौत हो गई। स्कॉर्पियो चालक भागने के बजाय सभी जख्मी को अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने बुजुर्ग को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलने पर परिवार के लोग अस्पताल पहुंच गए। जहां उनकी चीत्कार गूंजने लगी। जख्मी व मृतक एक ही परिवार के हैं। थानाध्यक्ष जितेंद्र राम ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिवार के हवाले कर दिया गया। वाहन जब्त कर पुलिस अग्रेतर कार्रवाई में जुटी है।

### पानी भरे पईन में डूबकर युवती की मौत

**बिहारशरीफ**। कतरीसराय थाना अंतर्गत जवाहरचक गांव में बुधवार को पानी भरे पईन में डूबकर युवती की मौत हो गई। मृतका स्व. कोमल पंडित की 18 साल की पुत्री सोनी कुमारी है। परिवार ने बताया कि पैर फिसलने से युवती पईन में गिर गई। जहां डूबकर उसकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम करा, उसे परिवार के हवाले कर दिया गया।

### खेल विश्वविद्यालय में 7 अगस्त तक होगा दाखिला

**राजगीर**। खेल विश्वविद्यालय, राजगीर में एक वर्षीय आवासीय खेल प्रशिक्षण कार्यक्रम – स्नातकोत्तर डिप्लोमा एथलेटिक्स एवं क्रिकेट सत्र 2025-26 के लिए नामांकन की प्रक्रिया 30 जुलाई से 7 अगस्त तक चलेगी। यह नामांकन प्रक्रिया पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर ऑफलाइन मोड में की जाएगी। परीक्षा नियंत्रक सह डीन प्रो. निशिकांत तिवारी ने बताया कि इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थी 30 जुलाई से 7 अगस्त के बीच कार्यदिवसों में विश्वविद्यालय कार्यालय, राजगीर में उपस्थित होकर नामांकन करा सकते हैं। उम्मीदवारों को सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों एवं खेल सहभागिता प्रमाण पत्रों की स्व-अभिप्रमाणित छाया प्रति एवं मूल प्रति, एक हस्तलिखित आवेदन पत्र,आधार कार्ड की प्रति, दो पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो देना होगा।

# गयाजी जिले में 35 स्कूली बच्चों की तबीयत बिगड़ी

निज संवाददाता। गयाजी



♦ मिड डे मील खाने के बाद उल्टी, पेट दर्द की शिकायत, एसडीओ ने दिए जांच के आदेश

गयाजी में बुधवार को मिड डे मील खाने के बाद 35 स्कूली बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। खाना खाने के कुछ ही देर बाद पेट दर्द, उल्टी और चक्कर आने लगे। खाने में दोपहर 2 बजे के करीब आलू-चने की सब्जी और चावल परोसी गई थी। कुल 227 बच्चों का खाना बना था। कम पड़ जाने के बाद फिर से बनाया गया था। मामला मामला कोंच ब्लॉक के निसरपुर स्थित मध्य विद्यालय की है।

**डॉक्टरों की निगरानी में बच्चे:** हालत बिगड़ने पर परिजनों ने टिकारी और कोंच थाने को सूचना दी। जिसके बाद थानाध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार और शैलेश कुमार दल-बल के साथ स्कूल पहुंचे। बीमार बच्चों को अनुमंडलीय अस्पताल टिकारी में भर्ती कराया गया। ग्रामीणों ने भी एंबुलेंस और निजी गाड़ियों से प्रशासन का सहयोग किया। अनुमंडलीय अस्पताल के डॉ. विश्वमूर्ति मिश्रा के मुताबिक फूड प्वाइजनिंग का मामला बताया है। डॉक्टरों की टीम इलाज में जुटी है। अधिकांश बच्चों की हालत अब स्थिर है। डॉक्टरों की देखरेख में इलाज चल रहा है।

**तबीयत बिगड़ने के बाद घर भेज दिया:** अस्पताल में भर्ती बच्चों ने बताया कि खाना खाने के कुछ देर बाद ही तबीयत बिगड़ने लगी। टीचरों ने नींबू-पानी दिया था। लेकिन प्राथमिक इलाज नहीं कराया। कई बच्चों को घर भेज दिया। शाम होते-होते हालत बिगड़ने लगी। वहीं, ग्रामीणों का आरोप है कि मिड डे मील तय मेन्यू से अलग और घटिया क्वॉलिटी थी। इससे स्कूल प्रबंधन की लापरवाही उजागर होती है।

**दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी:** घटना की सूचना पर टिकारी एसडीओ प्रवीण कुंदन भी अस्पताल पहुंचे। बच्चों का हाल जाना। स्कूल प्रबंधन से जवाब-तलब किया। जांच के आदेश दिए हैं। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही है।

## गया में अपराधियों ने युवक को मारी गोली



निज संवाददाता। गयाजी

गयाजी में बुधवार देर रात बाइक सवार अपराधियों ने एक युवक को गोली मार दी। बुलेट कंधे में लगी है। हालत गंभीर बनी हुई है। मगध मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल में इलाज चल रहा है। अपराधियों की पहचान नहीं हो सकी है। घटना आमस थाना क्षेत्र के जीटी रोड की है। घायल की पहचान शमशेर गांव निवासी अरविंद प्रजापत(25) के तौर पर हुई है। देर रात 10 बजे के करीब बाइक से घर लौट रहे हैं। गांव से थोड़ी दूर पहले बाइक सवार 2 अपराधियों ने ओवर टेक करके गोली मार दी। बुलेट लगते ही जमीन पर गिर पड़े। खुद को संभालते हुए लहुलुहान हालत में गांव पहुंचे। परिजन आनन-फानन में निजी अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टर नहीं मिलने पर मगध मेडिकल कॉलेज लेकर गए।

**ग्रामीणों ने बताया साजिश:** गोलीबारी की आवाज सुनकर ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे। तब तक अपराधी फरार हो चुके थे। वारदात के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। लोग इसे सुनियोजित हमला मान रहे हैं।

**अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी:** थानाध्यक्ष पवन कुमार ने बताया कि जांच शुरू कर दी गई है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए टीम बनाई गई हैं। गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। जल्द ही अपराधियों को पकड़ लिया जाएगा। पुलिस फिलहाल यह पता लगाने में जुटी है कि हमला आपसी रंजिश में हुआ या लूट के इरादे से। हर पहलू से छानबीन की जी रही है।

## डॉक्टर गोलीकांड में एक और गिरफ्तारी

निज संवाददाता। गयाजी



गयाजी के शेरघाटी में 19 जुलाई की सुबह डॉक्टर को गोली मारी गई थी। वे घायल हुए थे। पुलिस ने एक और अपराधी को पकड़ा है। गिरफ्तार युवक शेटघाटी थाना साकिन कजरसोत निवासी संजय मांझी का बेटा राहुल कुमार है। राहुल की निशानदेही पर घटना से पहले रेकी में इस्तेमाल की गई बाइक भी बरामद कर ली गई है। जानकारी एसएसपी आनन्द कुमार ने दी है।

**घायल डॉक्टर का अभी भी इलाज चल रहा है:** गोली डॉक्टर के जबड़े में लगी थी। फिलहाल डॉक्टर का इलाज चल रहा है। गोलीबारी की सूचना मिलते ही शेरघाटी एसडीपीओ और थानाध्यक्ष मौके पर पहुंचे थे। घायल को अस्पताल भेजवाया। 20 जुलाई को शेरघाटी थाना कांड संख्या 337/25 दर्ज कर जांच शुरू की गई। एसएसपी ने एसडीपीओ शेरघाटी के नेतृत्व में विशेष जांच टीम (SIT) बनाई थी। तकनीकी सेल और एफएसएल टीम को भी साक्ष्य जुटाने में लगाया गया था। अब तक 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इनके पास से अवैध हथियार और घटना में इस्तेमाल बाइक बरामद हो चुकी है। ताजा गिरफ्तारी में राहुल की गिरफ्तारी के साथ एक और बाइक बरामद की गई है, जो घटना से पहले रेकी में उपयोग की गई थी। डॉक्टर के ऊपर गोली चलाने वाले अपराधियों में से एक मंगलवार को पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गया था। पुलिस ने आत्मरक्षा में गोली चलाई थी और गोली उसके पैर में लगी थी। फिलहाल उसका इलाज चल रहा है। एसएसपी ने बताया कि अन्य फरार आरोपियों की तलाश में छापेमारी की जा रही है। जल्द ही पूरे गिरोह का पर्दाफाश कर लिया जाएगा।

## नानंद गांव में निकाली गई 501 कलशों की शोभायात्रा, अखंड कीर्तन हुआ शुरू

**सिलाव**। प्रखंड क्षेत्र के नानंद गांव में बुधवार से 24 घंटे का अखंड कीर्तन प्रारंभ हो गया। इस धार्मिक आयोजन को लेकर आदर्श छात्र संघ समिति, उत्तर टोला नानंद के नेतृत्व में 501 कलशों की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा यज्ञ स्थल से प्रारंभ होकर त्रिवेणी धाम पंचाने नदी तक गई, जहां महिला श्रद्धालुओं ने विधिवत जल भराई की। इसके बाद सभी श्रद्धालु कलश लेकर पुनः यज्ञ स्थल पहुंचे। यज्ञ मंडप में कलश स्थापना के साथ ही 24 घंटे का अखंड कीर्तन प्रारंभ हुआ। ग्रामीण शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि इस धार्मिक आयोजन से गांव में शांति, सौहार्द्र और समृद्धि बनी रहती है। पुजारी रंजीत कुमार ने कहा कि इस तरह के धार्मिक अनुष्ठानों से आत्मिक शुद्धि होती है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। समिति के सदस्य संतोष कुमार ने बताया कि कलश यात्रा और अखंड कीर्तन गांव में आपसी भाईचारे को मजबूती प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में जदयू के राष्ट्रीय महासचिव ई. सुनील कुमार भी शामिल हुए और श्रद्धालुओं के बीच धर्मिक एकता का संदेश दिया। इस मौके पर रंजीत कुमार, अमरेश कुमार, संतोष कुमार, स्नेहा भारती, सोनी, प्रियंका, मुकेश, सूरज, मानिकचंद समेत कई ग्रामीण श्रद्धालु उपस्थित थे।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना क्रमांक ईएलडी–125–डब्ल्यूसी–ओटी–14–25, दिनांक 25.07.2025,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.), पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नवर्णित कार्य के लिए निविदा सं. **ईएलडी–125–डब्ल्यूसी–ओटी–14–25** के प्रतिपक्ष ई–निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं स्थान :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में मेन लाइन पर ट्रिपिंग को कम करते हुए सेक्शनिंग व्यवस्था के सुधार द्वारा विभिन्न यार्ड, साइडिंग में मेन (बीएम) पर ब्रेकर के स्थान में सर्किट ब्रेकर का प्रावधान। **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 6,05,92,600.43, **बयाना राशि/बोली सुरक्षा जमा की जानी है:** रु. 4,53,000/–, **निविदा प्रपत्र की लागत :** शून्य। **कार्य समाप्ति की अवधि :** एलओए जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह। **निविदा समापन तिथि और समय:** 22.08.2025 को 15.00 बजे। **निविदा का खुलना:** निविदा के बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www. ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। HWH-215/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## डिप्टी सीएम ने खुद को बताया पीएम का हनुमान

**गयाजी**। बिहार के डिप्टी सीएम विजय सिन्हा गुरुवार को एक दिवसीय दौरे पर गयाजी पहुंचे। विष्णुपद मंदिर में भगवान श्री हरि विष्णु के चरणों में शीश नवाकर विधिवत पूजा-अर्चना की। मंदिर के पुजारियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ उन्हें दर्शन कराया। भयमुक्त बिहार बनाना हमारा लक्ष्यः मंदिर में पूजा करने के बाद डिप्टी सीएम ने बड़ा बयान दिया है। खुद को पीएम नरेंद्र मोदी और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का हनुमान बताया है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त बिहार बनाना ही अब मुख्य लक्ष्य है। अब कोई आसुरी प्रवृति के लोग सोने की लंका नहीं बना पाएगा। जहां भगवान होते हैं, वहां भय और भ्रष्टाचार का कोई स्थान नहीं होता। अब बिहार को कोई बदनाम नहीं कर पाएगा। जो लोग चोर मचाए शोर की तर्ज पर माहौल बिगाड़ना चाहते हैं, वे सावधान हो जाएं। बिहार अब अपराध और अराजकता नहीं, बल्कि सुशासन और संकल्प का परिचायक बनेगा। चुनाव से पहले कार्यकर्ताओं से मुलाकातः डिप्टी सीएम का यह बयान राजनीतिक रूप से भी बड़ा संदेश है। एनडीए में फिर से मजबूती दिख रही है।

# अधिकारियों के साथ किसानों की 2 अगस्त को बैठक

निज संवाददाता। नालंदा



♦ नहर प्रणालियों में जल प्रवाह को बेहतर बनाने की कोशिश, किसानों से लिए जाएंगे सुझाव

नालंदा जिले में सिंचाई व्यवस्था में सुधार और किसानों की समस्याओं के निदान के लिए 2 अगस्त को एक बैठक होगी। जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने इस संबंध में कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल बिहारशरीफ को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इस साल मानसून की अनियमित स्थिति और वर्षापात के पैटर्न को देखते हुए जिला प्रशासन ने सिंचाई व्यवस्था को दुरुस्त करने की दिशा में तत्काल कार्रवाई का निर्णय लिया है। जिलाधिकारी का कहना है कि वर्तमान परिस्थितियों में किसानों के लिए समुचित सिंचाई व्यवस्था करना प्राथमिकता है। इस बैठक का प्राथमिक उद्देश्य जिले की विभिन्न नहर प्रणालियों में जल प्रवाह को बेहतर बनाना और यह सुनिश्चित करना है कि पानी नहरों के अंतिम छोर तक पहुंचे। अक्सर देखा जाता है कि नहर के शुरुआती हिस्से में तो पानी मिल जाता है, लेकिन अंतिम छोर के किसानों को पर्याप्त जल नहीं मिल पाता। जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने स्पष्ट किया है कि इस बैठक में किसान भाइयों की व्यापक सहभागिता आवश्यक है, ताकि वे अपनी सिंचाई संबंधी आवश्यकताओं, चुनौतियों और सुझावों को सीधे संबंधित अधिकारियों के समक्ष रख सकें।

**व्यापक प्रचार-प्रसार का निर्देश:** सिंचाई विभाग के कार्यपालक अभियंताओं को निर्देश दिया गया है कि वे इस बैठक की जानकारी अधिकतम संख्या में किसानों तक पहुंचाएं। इसके लिए गांव-गांव में जाकर किसानों को सूचित करने और स्थानीय स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में नहर प्रणाली के संचालन को बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसमें नहरों की सफाई, जल वितरण की समयसारिणी और तकनीकी बाधाओं के निदान जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि प्रत्येक कृषक को समय पर और पर्याप्त मात्रा में सिंचाई के लिए जल उपलब्ध हो सके।

**किसानों से अपील:** जिला प्रशासन ने सभी किसानों से अपील की है कि वे इस महत्वपूर्ण बैठक में बड़ी संख्या में उपस्थित हों और अपनी समस्याओं को साझा करें। यह एक दुर्लभ अवसर है जहां किसान सीधे अधिकारियों से संवाद स्थापित कर सकते हैं और अपनी आवाज को सुनवा सकते हैं।

**बैठक का पूरा विवरण:** 2 अगस्त को दोपहर 12:00 बजे कार्यपालक अभियंता सिंचाई प्रमंडल कार्यालय, बिहारशरीफ में बैठक होगी। अधिक जानकारी के लिएवेबसाइटः Wrd.bihar.gov.in- फेसबुकः @BiharWaterResourceDept पर भी संपर्क के सकते है। इस पहल से उम्मीद की जा रही है कि नालंदा जिले की सिंचाई व्यवस्था में महत्वपूर्ण सुधार होगा और किसानों की दीर्घकालिक समस्याओं का समाधान मिलेगा।

**गोड्डा–दौराई साप्ताहिक एक्सप्रेस का मार्ग परिवर्तन**

उत्तर पश्चिम रेलवे के तहत जयपुर मंडल की फुलेरा–रींगस–रेवाड़ी शाखा में अटेली, काठूवास और कुण्ड स्टेशनों पर पैच दोहरीकरण कार्य आरंभ करने के लिए, 19604 **गोड्डा–दौराई (अजमेर) साप्ताहिक एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक** 26.08.2025**)** रेवाड़ी–रींगस–फुलेरा के बदले **रेवाड़ी–अलवर–जयपुर–फुलेरा** होकर मार्ग परिवर्तित करेगी। यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की जनसंबोधन प्रणाली का पालन करें। असुविधा के लिए खेद है।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**यॉँत्रिक प्रमण्डल मण्डल(लातेहार) शिविर मेदिनीनगर।**
ई–प्रोक्योरमेंट सूचना
अल्पकालीन ई–निविदा प्रसंग सं0– WRD/MDMANDAL/01/2025–26
दिनांक 31.07.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | Restoration Work of New Gates (Emergency and Service Gate) Embedded Parts Hoisting Arrangement platform & shed trash rack of Babhanikhar Reservior Scheme. |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रुपये में) | 57,33,400.00 (सन्तावन लाख तेंतीस हजार चार सौ) मात्र। |
| 3 | कार्य समाप्ति की अवधि | 06 (छः) माह। |
| 4 | अग्रधन की राशि (रूपये में) | रू0 1,14,70000 (एक लाख चौदह हजार सात सौ) मात्र। |
| 5 | वेबसाईट पर ई– निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | दिनांक 05.08.2025 (03:00 बजे अपराह्न) |
| 6 | बिड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 19.08.2025 (05:00 बजे अपराह्न तक)। |
| 7 | ई– निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 22.08.2025 (10:30 बजे पूर्वाह्न)। |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, यॉँत्रिक प्रमण्डल मण्डल (लातेहार) शिविर मेदिनीनगर। |
| 9 | प्रोक्योरमेंट अधिकारी का सम्पर्क नम्बर | 8986668073 |
| 10 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651–2490232 |

नोट :– 1. केवल ई– निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
2. विस्तृत जानकारी के लिए बेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पटट् पर देखा जा सकता है।
3. निविदा बिना कारण बताऐं कभी भी संशोधित या रदद् की जा सकती है।
4. सरकार द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में सभी कागजात के साथ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि Online Mode द्वारा ही स्वीकार्य होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि ई– भुगतान जिस खाता से किया जायेगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जबावदेही संबंधित निविदाकार की होगी।

कार्यपालक अभियंता
यॉँत्रिक प्रमण्डल, मण्डल(लातेहार)
शिविर मेदिनीनगर।

PR 358631 District(25-26)D

**कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**कार्यालय - भूमि संरक्षण पदाधिकारी, गढ़वा**
**E-Mail ID- scogarhwa@gmail.com**

**कृषको, महिला स्वयं सहायता समूहों एवं अन्य को अनुदानित दर पर पम्प सेट एवं छोटे कृषि उपकरण बैंक वितरण की योजना**

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग), झारखण्ड, रॉची, राज्यादेश सं0 35 दिनांक 23.07.2025 के आलोक में गढ़वा जिले के कृषकों, महिला स्वयं सहायता समूहों तथा अन्य के लिए अनुदानित दर पर पम्पसेट एवं पाईप तथा छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना की योजना।

**पम्पसेट एवं पाईप वितरण की योजना**

मनरेगा अंतर्गत निर्मित सिंचाई कूपों के लाभान्वित छोटे और सीमान्त कृषकों/स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूह तथा साथ ही साथ भूमि संरक्षण निदेशालय द्वारा गत वित्तीय वर्षो में तालाब जीर्णोद्वार योजना एवं जलनिधि योजना के तहत् निर्मित परकोलेशन टैंक के लाभान्वित पानी पंचायत के सदस्यों एवं अन्य जल श्रोत से लाभान्वित कृषकों को भी उक्त योजना के तहत् पम्पसेट (1.5–3.0 H.P.तथा 3.5–5.0 H.P.) एवं 200 फीट HDPE Pipe (63-75mm) तथा 1.0 एच0पी0 सोलर पम्प सेट (Troly Mounted Movable Type) उपलब्ध कराया जायेगा।

| क0 | पम्पसेट के प्रकार | लक्ष्य | 90% अनुदान |
|---|---|---|---|
| 1 | पम्पसेट 1.5–3.0 H.P. एवं 200 फीट HDPE Pipe (63-75mm) | 144 | अधिकतम रू0 20,000.00 (बीस हजार रूपये मात्र) |
| 2 | पम्पसेट 3.5–5.0 H.P.) एवं 200 फीट HDPE Pipe (63-75mm) | 19 | अधिकतम रू0 30,000.00 (तिस हजार रूपये मात्र) |
| 3 | 1.0 एच0पी0 सोलर पम्पसेट (Troly Mounted Movable Type) | 11 | अधिकतम रू0 90,000.00 (नब्बे हजार रूपये मात्र) |

जिन कृषकों को पूर्व में कृषि विभाग (निदेशक समेती/भूमि संरक्षण निदेशालय/कृषि निदेशालय/उद्यान निदेशालय) द्वारा सिंचाई पम्प का लाभ प्राप्त कराया जा चूका है उनकी पात्रता इस योजना के लिए मान्य नही होगी। मनरेगा अन्तर्गत निर्मित सिंचाई कूपों के लाभान्वित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी के कार्यालय में अपना नाम सूचीबद्व करायेगें।

**छोटे कृषि उपरकण बैंक की स्थापना**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | मिनी ट्रैक्टर/रीपर उनके सहायक कृषि यंत्र एवं कृषि प्रसंस्करण यंत्र | OSP-06 | 80प्रतिशत या अधिकतम 500000.00 रूपया |
| 2 | पावर टीलर/ रीपर उनके सहायक कृषि यंत्र एवं कृषि प्रसंस्करण यंत्र | OSP-12 | 80प्रतिशत या अधिकतम 160000.00 रूपया |

**छोटे कृषि उपकरण बैंक हेतु लाभुक की पात्रता:–**

1. झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी, जिला–गढ़वा द्वारा गठित महिला स्वंय सहायता समूह/महिला सखी मंडल/कृषक समूह जिनमें कम–से–कम 10 से 12 सदस्य होना अनिवार्य है।
2. छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना में वैसे महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल एवं कृषक समूहों को प्राथमिकता दी जायेगी, जिनके सदस्यों में से कम–से–कम एक सदस्य के पास ट्रैक्टर/वाहन (LMV) चालन का वैध लाइसेंस होगा एवं समूह के पास खेती योग्य 10 एकड़ से अधिक भूमि होगी।
3. महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों/लैम्पस–पैक्स के द्वारा कृषि उपकरण बैंक की स्थापना एवं व्यक्तिगत कृषकों द्वारा कृषि उपकरणों के क्रय हेतु कुल वास्तविक लागत का 20 प्रति त अं दान की रा ि समूह/कृषक द्वारा बैंक खाते में जमा होने का साक्ष्य आवेदन के साथ देंगे। चयन उपरांत समूह को कृषि यंत्र के क्रय हेतु यंत्रों का पैकेज उपलब्ध कराना होगा।
4. इस योजनान्तर्गत कुल वित्तीय लक्ष्य का न्यूनतम 50 प्रति त महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल क्षेत्र के माननीय विधायक की अनुशंसा को प्राथमिकता देते हुए स्वीकृत किया जायेगा।
5. जिन महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों/लैम्पस–पैक्स को पूर्व में कृषि विभाग द्वारा कृषि उपकरण बैंक की स्थापना या अन्य किसी योजना (केन्द्र प्रायोजित योजना या राज्य योजना) के माध्यम से उपर्युक्त वर्णित कृषि यंत्रों में से जो कृषि यंत्र पूर्व में प्राप्त किया गया होगा, उन यंत्रों को छोड़कर ही अन्य कृषि यंत्रों के लिए पात्रता होगी।
6. समूहों का पूर्ण रूपेण भरे हुए आवेदन पत्र एवं सभी अनुलग्नक सहित जिला प्रोग्राम मैनेजर, झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी, गढ़वा के माध्यम से कार्यालय को उपलब्ध कराया जा सकता है। जिला चयन समिति द्वारा सुयोग्य समूह/कृषकों का भौतिक लक्ष्य के विरूद्ध चयन किया जायेगा।
7. देय अनुदान की राशि का हस्तांतरण RTGS/NEFT के माध्यम से नियमानुसार समूह/कृषक के बैंक खाते में किया जायेगा। कुल औसत लागत का 80 प्रतिशत् अधिकतम 5.00 लाख रूपये अनुदान एवं व्यक्तिगत कृषक को कुल औसत लागत का 80 प्रतिशत् अधिकतम 1.60 लाख रूपये अनुदान देय है। अनुदान उपरांत अवशेष राशि समूह/कृषक अंशदान के रूप में देय होगा।
8. आवेदन पत्र भूमि संरक्षण कार्यालय गढ़वा के माध्यम से निशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।

**1. पम्प सेट एवं पाईप वितरण हेतु लाभुक की पात्रता:–**

(1) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/लघु/सीमान्त कृषक/महिला समूह का चयन प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा।
(2) आवेदन पत्र पर त्रिस्तरीय पंचायती राज के प्रतिनिधि का अनुशंसा अनिवार्य होगा।
(3) अपूर्ण आवेदन पत्र स्वीकार्य नही होगा।
(4) पूर्णरूपेण भरे हुए आवेदन पत्र संवंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के कार्यालय में दिनांक 12.08.2025 को संध्या 5.00 बजे तक स्वीकार किये जायेंगें एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के कार्यालय से जॉच के फलस्वरूप दिनांक 14.08.2025 तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा किया जायेगा।
(5) आवेदन पत्र इस कार्यालय एवं संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त किये जा सकेंगे। आवेदन पत्र भूमि संरक्षण निदेशालय के वेवसाईट-www.jharkjandsoil.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

**विशेष जानकारी के लिए अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।**

**कार्यालय का पता:–** भूमि संरक्षण कार्यालय गढ़वा संयुक्त कृषि भवन गढ़वा

ह0/
भूमि संरक्षण पदाधिकारी, गढ़वा।

PR.NO.358664 Agriculture(25-26):d

Page 11

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 08



खेल

केएल राहुल को मिलेगी कप्तानी, 25 करोड रूपए भी मिलेंगे, भारत-इंग्लैंड सीरीज के...

देश

मानसून प्रकोप : हिमाचल प्रदेश में फिर फटा बादल, शिमला जिले में बाढ़ जैसे हालात



शुक्ल पक्ष, स्वाति, विक्रम संवत् 2082

• औरंगाबाद • शुक्रवार • 01 अगस्त 2025 • वर्ष 27 • अंक 231 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00




## सोना चांदी



| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,00,030 | ₹ 1,15,000 |

## आज का इतिहास

**1869 :** भारतीय नागरिक सेवा अधिकारी हरकोर्ट बटलर उत्तर प्रदेश के प्रथम राज्यपाल थे।

**2007 :** अंतर्राष्ट्रीय गणित ओलम्पियाड (आई.एम.ओ.) का आयोजन वियतनाम के हनोई शहर में हुआ था, जिसमें भारतीय टीम के 6 सदस्यों ने तीन रजत पदक जीते।

## न्यूज बाइट्स

### बिहार में आज से मिलेगी 125 यूनिट मुफ्त बिजली

**पटन (नि.सं.) ।** बिहार सरकार की ओर से घोषित 125 यूनिट मुफ्त बिजली योजना आज से लागू हो रही है। इसका लाभ राज्य के सभी पोस्टपेड और स्मार्ट प्रीपेड उपभोक्ताओं को मिलेगा। राज्य मंत्रिमंडल ने 18 जुलाई को इस योजना को मंजूरी दी थी।

### ट्रम्प ने इंडिया को डेड इकोनॉमी बताया

**नई दिल्ली (ए.) ।** भारत पर 25% टैरिफ लगाने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत और रूस को डेड इकोनॉमी बताया। उन्होंने कहा- भारत और रूस अपनी अर्थव्यवस्था को साथ ले डूबें, मुझे क्या। एक दिन पहले ट्रम्प ने एक अगस्त 2025 से भारत पर टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। अभी भारत पर अमेरिका का टैरिफ सामान के हिसाब से औसतन 10% के आसपास है।

### सीबीएसई : हर स्कूल में बच्चों के लिए 40 कंप्यूटर अनिवार्य

**पटना (नि.सं.) ।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने मान्यता उपाधि 2018 में संशोधन करते हुए हर स्कूल में 40 कंप्यूटर अनिवार्य किया है। तकनीकी शिक्षा को ध्यान में रखते हुए बोर्ड ने कहा है कि हर स्कूल में 40 कंप्यूटर होने चाहिए।

# रेल मंत्रालय की 11169 करोड़ की चार परियोजनाओं को मिली मंजूरी

एजेंसी | नई दिल्ली

देश में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास को गति देने के लिए केंद्र सरकार सड़क और रेल की महत्वपूर्ण योजनाओं को तय समय में पूरा करने पर जोर दे रही है। गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में रेल मंत्रालय की लगभग 11169 करोड़ रुपये लागत वाली चार परियोजनाओं को मंजूरी दी गयी। जिसके तहत ईटारसी- नागपुर के बीच चौथी लाइन, औरंगाबाद (छत्रपति संभाजीनगर) – परभणी दोहरीकरण, अलुआबारी रोड- न्यू जलपाईगुड़ी तीसरी और चौथी लाइन और डांगोपोसी- जारोली तीसरी और चौथी लाइन का निर्माण किया जायेगा। इसके निर्माण से रेलवे की परिचालन क्षमता और सेवा में काफी सुधार होगा। यह मल्टी-ट्रैकिंग प्रस्ताव संचालन को सुव्यवस्थित करने और भीड़ को कम करने में भी सहायक होगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नये भारत के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए इन परियोजनाओं को मंजूरी दी गयी है। यह सभी परियोजना पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान पर बनायी गयी है, जिसमें एकीकृत योजना और हितधारक परामर्श के जरिये मल्टी-मोडल संपर्क और रसद क्षमता बढ़ाने पर जोर दिया गया है। इसके पूरा होने से आम लोगों, वस्तुओं और सेवाओं की आवाजाही की गति निर्बाध तरीके से हो सकेगी।

## सोनपुर रेलवे स्टेशन अब पटना रेल जिला के अधीन

निज संवाददाता | पटना

राज्य सरकार ने दानापुर-पाटलिपुत्र-सोनपुर के नवनिर्मित रेलखंड के पांच स्टेशनों और हॉल्ट को पटना रेल जिला के अधीन कर दिया है। गृह विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना के अनुसार रेलखंड के दानापुर स्टेशन, पाटलिपुत्र जंक्शन, दीघा हॉल्ट, पहलेजा स्टेशन और सोनपुर जंक्शन अब पटना रेल के क्षेत्राधीन होंगे।

मसौढ़ी कारा के तत्कालीन अधीक्षक को चेतावनी मसौढ़ी उपकारा में सात बंदियों द्वारा शराब और गांजा पार्टी करते हुए वीडियो वायरल किए जाने के मामले में तत्कालीन अधीक्षक महेश रजक (सेवानिवृत्त) से प्राप्त स्पष्टीकरण को गृह विभाग (कारा) ने अस्वीकृत कर दिया है। उन्हें चेतावनी देते हुए इसकी प्रविष्टि सेवापुस्त में दर्ज करने का निर्देश दिया गया है।

16 अगस्त से चलेगा राजस्व महाअभियान

# जमाबंदी की अशुद्धियां दूर कर जनता को मिलेगी पारदर्शी सेवा : दीपक कुमार सिंह

निज संवाददाता | पटना



राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने कहा कि राजस्व महाअभियान के दौरान जमाबंदी की अशुद्धियां दूर करायी जाएंगी। पैतृक संपत्ति बंटवारे में नामांतरण सहित भूमि राजस्व से जुड़ी समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। उन्होंने यह बातें गुरुवार को अधिवेशन भवन में मास्टर ट्रेनरों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि 16 अगस्त से 20 सितंबर तक राज्य में राजस्व महाभियान के सफल संचालन के लिए यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसका उद्देश्य अभियान की रणनीति, तकनीकी पक्ष और क्रियान्वयन प्रक्रिया को ज़मीनी स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि यहां से प्रशिक्षण लेकर सभी मास्टर ट्रेनर जिले एवं अंचल स्तर पर टीम प्रशिक्षित करें, ताकि अभियान धरातल पर प्रभावशाली ढंग से क्रियान्वित हो सके। यह अभियान केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक जनोन्मुखी पहल है। इसका लक्ष्य हर घर तक पहुंचना, राजस्व सेवाओं को पारदर्शी बनाना और रिकॉर्ड अपडेट करना है। इसके तहत जमाबंदी की प्रति, पंफलेट एवं आवेदन प्रपत्र घर–घर बांटे जाएंगे। हलका स्तर पर दो शिविर लगेंगे और आवेदनों को साक्ष्य के साथ कम्प्यूटरीकृत किया जाएगा। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि अभियान में ग्रामीण विकास, पंचायती राज, एससी-एसअी कल्याण विभाग और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग का सहयोग लिया जाएगा।

अनुसूचित जाति–जनजाति टोला तक विशेष अभियान चलाने की योजना है, ताकि डॉ. आंबेडकर समग्र सेवा अभियान की तर्ज पर वंचित वर्ग तक समुचित सेवाएं पहुंच सके। विभाग के सचिव जय सिंह ने कहा कि गांवों में पूछे जाने वाले सवालों का सकारात्मक जवाब देने के लिए नीचे स्तर तक की टीम को तैयार रखना होगा।

## जीविका बैंक से तीन तरह के मिलेंगे ऋण


निज संवाददाता | पटना

जीविका बैंक से शुरुआती दौर में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं के लिए तीन तरह के लोन उपलब्ध कराए जाएंगे। इनमें 15 हजार, 75 हजार और अधिकतम दो लाख के लोन होंगे। सालाना 12 प्रतिशत की ब्याज दर पर लोन दिये जाएंगे। जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड के प्रबंध समिति की गुरुवार को हुई पहली बैठक में यह निर्णय लिया गया। लोन चुकाने के लिए अलग-अलग समय सीमा तय की गई है। 15 हजार के लोन एक वर्ष, 75 हजार के दो वर्ष और दो लाख के लोन चुकाने के लिए अधिकतम तीन वर्ष का समय मिलेगा। ग्रामीण विकास विभाग के सभागार में प्रबंध समिति की बैठक में सचिव लोकेश कुमार सिंह और जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी हिमांशु शर्मा, प्रबंध समिति से जुड़ी 12 जीविका दीदियों के साथ राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के मुख्य महाप्रबंधक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) के वरीय अधिकारी समेत कई अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

लोकेश कुमार सिंह ने बताया कि जीविका निधि से ग्रामीण समुदाय को त्वरित लोन उपलब्ध हो सकेगा, जो उन्हें आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में सहायक होगा। जीविका समूह की महिलाओं (जीविका दीदियों) को उनकी व्यावसायिक आवश्यकताओं के अनुरूप लोन दिया जाएगा। हिमांशु शर्मा ने बताया कि इस संगठन के संचालन की पूरी जिम्मेदारी जीविका दीदियों के हाथों में होगी। जीविका निधि (बैंक) के सफल संचालन के लिए 653 पदों पर प्रतिनियुक्ति अथवा संविदा पर नियुक्ति की स्वीकृति मिल चुकी है। बिहार सरकार द्वारा जीविका निधि में कुल 105 करोड़ रुपये उपलब्ध कराए गए हैं। इनमें स्थापना मद के लिए पांच करोड़ शामिल हैं। अगले कुछ ही महीनों में जीविका निधि के लिए दो हजार से तीन हजार करोड़ रुपये की व्यवस्था करने का लक्ष्य है।

## दशदिवसीय संस्कृत व्याकरण शिविर का भव्य उद्घाटन

निज संवाददाता | पटना



संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार एवं गोस्वामी तुलसीदास जी की स्मृति को समर्पित 20वां अंतर्राष्ट्रीय अन्तर्जालीय (ऑनलाइन) दशदिवसीय संस्कृत व्याकरण ज्ञान शिविर का उद्घाटन 31 जुलाई को सावन मास की शुभ बेला में अत्यंत भव्यता और श्रद्धा के साथ सम्पन्न हुआ। इस विशेष शिविर का आयोजन विहार संस्कृत संजीवन समाज, पटना तथा संस्कृत संरक्षण समिति के संयुक्त तत्वावधान में "आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान" के अंतर्गत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. मुकेश कुमार ओझा (राष्ट्रीय अध्यक्ष, आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान एवं महासचिव, विहार संस्कृत संजीवन समाज) ने गोस्वामी तुलसीदास जी की रचनाओं में निहित संस्कृत व्याकरण, अलंकार और दर्शन के गूढ़ तत्वों को रेखांकित करते हुए कहा कि "रामचरितमानस" एक ऐसा ग्रंथ है जिसमें संस्कृत की गहराई और भावनात्मक समरसता दोनों मिलती हैं। उन्होंने "सीय राम मय सब जग जानी..." जैसे पदों के माध्यम से इस ग्रंथ को राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित करने की अपील सरकार से की।

कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता उग्रनारायण झा ने वैदिक मंगलाचरण के साथ अपने वक्तव्य की शुरुआत करते हुए कहा कि तुलसीदास संस्कृत के प्रकांड पंडित थे। उन्होंने जनभाषा में रामकथा को इस तरह प्रस्तुत किया, जिसमें संस्कृत तत्वज्ञान की गूंज स्पष्ट रूप से सुनी जा सकती है।

मुख्य अतिथि प्रो. रागिनी वर्मा ने कहा कि तुलसीदास जी ने संस्कृत के तत्वों को अवधी भाषा में उतारकर आम जन तक पहुँचाया। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि आज आवश्यकता है संस्कृत को व्यवहार की भाषा बनाने की, ताकि उसका पुनर्जागरण हो सके। विशिष्ट अतिथि डॉ. राजेश कुमार मिश्रा ने तुलसीदास जी के संस्कृत से गहरे संबंध पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके प्रत्येक पद में संस्कृत की आत्मा बोलती है।

राज्यभर में जागरूकता कार्यक्रम होंगे आयोजित

## आज से सात अगस्त तक मनाया जाएगा विश्व स्तनपान सप्ताह

निज संवाददाता | पटना



बिहार में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक अगस्त से सात अगस्त तक 'विश्व स्तनपान सप्ताह' मनाया जाएगा। इस संबंध में स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने जानकारी दी कि यह आयोजन भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के निर्देशानुसार किया जा रहा है और इसमें राज्य स्वास्थ्य विभाग एवं समेकित बाल विकास सेवाएं निदेशालय की संयुक्त भागीदारी रहेगी।

मंत्री ने बताया कि इस वर्ष स्तनपान सप्ताह की थीम 'स्तनपान में निवेश, भविष्य में निवेश रखी गई है। इस थीम के तहत राज्यभर में महिलाओं, खासकर नवजात शिशुओं की माताओं को स्तनपान के महत्व के बारे में जागरूक किया जाएगा। बताया गया कि स्तनपान न केवल नवजात मृत्यु दर को कम करता है, बल्कि बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में भी अहम भूमिका निभाता है। साथ ही यह कुपोषण से बचाव का एक सशक्त माध्यम है। इस सप्ताह के दौरान राज्य के अलग-अलग जिलों में जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे, जिनमें स्वास्थ्यकर्मी, आंगनबाड़ी सेविकाएं और माताएं भाग लेंगी। प्रखंड स्तर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) में हेल्दी बेबी शो जैसे कार्यक्रमों का आयोजन कर स्तनपान को लेकर जागरूकता बढ़ाई जाएगी।

# रक्षाबंधन पर घर जा रहे चार इंजीनियरिंग छात्रों की मौत

निज संवाददाता | लखीसराय



गुरुवार को जमुई-लखीसराय राजकीय मार्ग पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में लखीसराय इंजीनियरिंग कॉलेज के चार छात्रों की मौत हो गई, जबकि दो छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा जमुई जिला अंतर्गत मंझवे गांव के समीप हुआ, जब छात्र छुट्टी के बाद ऑटो से लखीसराय स्टेशन जा रहे थे, तभी सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से ऑटो की सीधी टक्कर हो गई। हादसे में घटनास्थल पर ही तीन छात्रों की मौत हो गई। सरोज कुमार, पिता- संदीप पंडित, ग्राम- खरिहारी, जिला- समस्तीपुर, पंकज कुमार, पिता- रविशंकर साह, ग्राम- राय कंठपुर, थाना- उजियारपुर, जिला- समस्तीपुर, साहिल कुमार, पिता- सतीश कुमार, ग्राम- गौरी, थाना- चंडी, जिला- नालंदा, वहीं गंभीर रूप से घायल छात्र अंकित कुमार की पटना ले जाने के क्रम में रास्ते में मौत हो गई।

घटना में समस्तीपुर निवासी अजित कुमार (पिता- विजय यादव) और सिवान निवासी ,रौशन कुमार घायल हुए हैं। दोनों छात्रों का इलाज लखीसराय सदर अस्पताल में चल रहा है, जहां उनकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। जानकारी के अनुसार, छात्र परीक्षा समाप्त होने के बाद छुट्टी लेकर घर लौट रहे थे। उन्होंने एक सीएनजी ऑटो रिज़र्व किया था, जो उन्हें लखीसराय रेलवे स्टेशन छोड़ने जा रहा था। मंझवे गांव के पास ऑटो सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से भीषण रूप से टकरा गया। हादसे के बाद ऑटो चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। हादसे की जानकारी मिलते ही तेतरहाट थाना पुलिस (लखीसराय) और जमुई थाना की टीम मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जमुई भेज दिया गया।

### छात्र ने फोन कर दी हादसे की जानकारी

कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. विमलेश कुमार ने बताया कि छह छात्र बुधवार को परीक्षा समाप्त होने के बाद अपने घर जाने के लिए निकले थे। लखीसराय स्टेशन से सुबह 6:15 की ट्रेन पकड़नी थी। रास्ते में यह हादसा हो गया। उन्होंने बताया कि एक छात्र को हाथ में फ्रैक्चर हुआ है, उसी ने कॉलेज प्रशासन को फोन कर हादसे की जानकारी दी।

पर्यावरण जागरूकता के उद्देश्य से छात्रों ने केंद्रीय प्रयोगशाला का लिया व्यावहारिक अनुभव

# सेंट कैरेंस उच्च विद्यालय के छात्रों ने राज्य प्रदूषण नियंत्रण परिषद का किया भ्रमण

निज संवाददाता | पटना

गुरूवार को सेंट कैरेंस उच्च विद्यालय, खगौल, पटना के कक्षा बारह के छात्रों का एक दल बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण परिषद् (बीएसपीसी) के मुख्यालय पहुंचा। इस शैक्षणिक यात्रा का आयोजन शिक्षक ओम प्रकाश तिवारी की अगुआई में किया गया, जिसमें छात्रों को पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण के प्रति सचेत करने का उद्देश्य था। दल का स्वागत करते हुए बीएसपीसी के वरीय वैज्ञानिक डॉ. नवीन कुमार एवं अरुण कुमार ने परिषद् की गतिविधियों, स्थापना, तथा देश में लागू पर्यावरणीय कानूनों और नियमावलियों की जानकारी विस्तार से दी। उन्होंने वायु, जल और ध्वनि प्रदूषण की गंभीरता, इनके कारण, प्रभावों और नियंत्रण के उपायों पर भी चर्चा की। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) के महत्व को समझाते हुए कहा गया कि कैसे मापन मानदंड वातावरण की स्थिति को दर्शाते हैं तथा सरकार और नागरिकों को मिलकर इसका समाधान निकालना होगा। शिक्षकों एवं छात्रों द्वारा उठाये गए सवालों के वैज्ञानिकों ने मॉडल उदाहरणों और मामले-स्ट्राइक विवरणों से उत्तर दिए, जिससे उपस्थित सभी को जानकारी अधिक प्रभावी रूप में प्राप्त हुई। इसके बाद विद्यार्थियों को परिषद के केन्द्रीय प्रयोगशाला का भ्रमण कराया गया, जहाँ जल, वायु और ध्वनि के नमूनों का परीक्षण कैसे किया जाता है, उसका व्यावहारिक परिचय दिया गया। छात्रों ने उपकरणों का निरीक्षण किया और विशेषज्ञों से प्रयोगशाला में हो रहे कार्यों के बारे में जानकारी ली।

इस कार्यक्रम के अंत में डॉ. नवीन कुमार ने शिक्षक ओम प्रकाश तिवारी और विद्यालय को इस पहल के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि भविष्य के नागरिकों में पर्यावरणीय जागरूकता का बीज बोने में यह यात्रा अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने उम्मीद जताई कि विद्यार्थी इस अनुभव को प्रेरणा मानकर आगे आने वाले समय में पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सकारात्मक योगदान देंगे। यह भ्रमण ना केवल छात्रों की शैक्षणिक समझ को बढ़ाने वाला रहा, बल्कि उन्हें यह प्रेरणा भी दी कि प्रदूषण नियंत्रण में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, जिम्मेदारी और सक्रियता की आवश्यकता है।

BAYC Institute स्थापित 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7

नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

भारत का पहला कॉलेज

डॉक्टर बनें

एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन




DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Therapy, DY Yoga, DAYS Acupressure Yoga, DHMS Herbal Medicine — अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th; DEMS Electrohomeopathy Medicine, DNYS Naturopathy Yoga — अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE: MBBA Acupressure & Magnet, BTMS Traditional Medicine, BAYS Acupressure Yoga, BAcu. Acupuncture — अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2; BEMS Electrohomeopathy Medicine, MBAS Medicine in ALT Science — अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE: MD (Acu Yoga), MD (TM) — अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजएट; MD (EH) — अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE: BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE: MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES

एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।



डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त, अध्यक्ष



डा. अजय प्रकाश, सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in

Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com

# डेढ़ करोड़ से बनी सड़क तीन महीने में बही

## ♦ भागलपुर के रोड पर 2 फीट तक पानी, लोग बोले- निर्माण में मटेरियल सही नहीं दिया

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में बाढ़ के हालत है। बाढ़ के पानी के दबाब से डेढ़ करोड़ की लागत से बनी सड़क तीन महीने में ही टूट गई है। इसके ऊपर पानी जमा हुआ है। यहां किसानों की सहूलियत के लिए बनाए गए पौने दो किलोमीटर की सड़क पानी के दबाब से बह गईं है। सड़क पर दो फीट पानी तेजी से बह रहा है। इसके आसपास के इलाकों मे खतरा मंडरा रहा है। सड़क कटने से किसानों के खेतों में पानी पहुंचने लगा है। इस कारण उनका फसल बर्बाद हो गया। जिससे काफी नुकसान पहुंचा है। किसानों ने बताया कि हाल ही में सड़क निर्माण कराया गया था, लेकिन सड़क निर्माण काम में गुणवत्ता नहीं बरतने से बाढ़ के पानी के दबाब से सड़क बह गया। ग्रामीण मुकुंद कुमार ने कहा कि सड़कों की परत उखड़ रही है। कई जगहों पर सड़क बीचो बीच कट गया है। रोड में मटेरियल सही से नहीं दिया गया था। मामला नाथनगर प्रखंड स्थित रत्तीपुर बैरिया गांव का है। जहां चार महीने पहले सड़क का ग्रामीण कार्य विभाग की ओर से निर्माण कराया गया था।





**डेढ़ करोड़ की सड़क, डेढ़ साल भी नहीं चली:** किसानों को दियारा से भागलपुर मुख्यालय से सीधा जोड़ने के लिए बनाए गए पौने दो किलोमीटर की सड़क का निर्माण एक करोड़ 72 लाख 45 हजार से कराया गया था। लेकिन सड़क गुणवत्तापूर्ण नहीं होने के कारण डेढ़ साल भी नहीं चल सका। इसका निर्माण जनवरी में शुरू हुआ है। ये 3 महीने में ही बह गया। किसानों ने बताया कि सड़क निर्माण में लापरवाही बरती गईं है। अलकतरा नुमा सड़क की लेयर बहुत कमजोर बनाई गई थी। साथ ही मटेरियल भी कम दिया गया, जिससे हल्की बाढ़ का पानी का दबाव सह नहीं सका ओर लोगों की परेशानी का कारण बन गया।

**बैरिया गांव के किसानों को सड़क से मिल रहा था फायदा:** बैरिया से बंडाल बिंद टोली तक पक्की सड़क बनने से अजमेरीपुर, बैरिया, बंडाल, बिंद टोली, लालूचक, मोहनपुर, रसीदपुर, शंकरपुर, दिलदापुर समेत कई गांव के किसानों को फायदा पहुंच रहा था। सड़क का कटाव होने के कारण किसानों को फिर से मुसीबतों का सामना करना पड़ा।

किसानों ने बताया कि सड़क बनने से एक नई उम्मीद की किरण जगी थी। मगर संवेदक ओर ग्रामीण काम विभाग की भ्रष्टाचार से हमलोग की सहूलियत अब इन लोगों के लापरवाही के भेंट चढ़ गया। जिससे आवाजाही में काफी दिक्कतें हो रही है। दियारा क्षेत्र के किसानों को कई परेशानियों का सामना करने के बाद अपनी फसल को भागलपुर मुख्यालय लेकर पहुंचते थे। बारिश के समय में किसानों का फसल खेतों पर ही रहने के कारण खराब हो जाती थी।

**सड़क के बनने से लोगों को मिली थी राहत:** यहां 40 साल से सड़क नहीं थी। अगर कोई बीमार हो जाए तो उसे खटिया पर लेकर जाते थे। सड़क निर्माण होने से किसानों को राहत तो पहुंची थी। किसान दिलीप मंडल ने बताया कि बारिश के समय रास्ते पर कीचड़ होने की वजह से साइकिल पर सब्जियां बजार से ले जाने में बहुत मुश्किल होती थी। सड़क निर्माण से काफी उम्मीद जगी। लेकिन ऐसा नहीं पता था कि पहली बाढ़ की हल्की दबाव में ही सड़क क्षतिग्रस्त हो जायेगा, फिर से अब वही परेशानी बन गईं है। मामले को लेकर ग्रामीण कार्य विभाग के एसडीओ मनोज कुमार ने बताया कि जानकारी मिलने पर निरीक्षण के लिए पहुंचे थे। बाढ़ का पानी उतरने के बाद मरम्मत कराया जाएगा।

## मालगाड़ी से कटा पैर, दोस्तों ने नहीं पहुंचाया हॉस्पिटल, युवक के कमरे में रहने का वीडियो आया सामने

**भागलपुर।** भागलपुर में एक युवक मालगाड़ी की चपेट में आ गया। ये असानंदपुर रेलवे ट्रैक पर सोमवार देर रात बुरी तरह से घायल हो गया था। इसके बाद का एक वीडियो सामने आया है। इसमें वो एक कमरे में नजर आ रहा है। रेल की चपेट में आने से उसका पैर कट गया था। युवक बबरगंज के मोगलपुरा स्थित कव्वाली मैदान का रहने वाला मोहम्मद छोटू कुरैशी (26) है। मालगाड़ी से उसका दाहिना पैर कट गया था। घायल होने के बाद मदद के लिए उसने अपने दोस्तों को फोन किया। लेकिन अस्पताल ले जाने के बजाय दोस्तों ने उसे एक कमरे में रख दिया। घायल अवस्था में छोटू ने नशा मांगा और कहा- "हम तेको पहुंचाया है न, छोटू मेको नैय फंसइयो भाय।" उसी कमरे में बैठकर उसके दोस्तों ने उसका वीडियो भी बनाया। जिसमें वह बोलता दिख रहा है कि "मुर्गा" नाम के युवक के कारण उसका पैर कटा। वीडियो में वह यह भी कहता है कि "मुर्गा बुलाइस था और भाग गया।" इसके बाद छोटू की मौत हो गई है। मंगलवार सुबह छोटू का शव बोरे में बंद अवस्था में उसके घर से 200 मीटर की दूरी पर मिला था। जिसमें उसका कटा हुआ पैर भी था। पुलिस के अनुसार छोटू की मौत के बाद परिजनों ने इसे हत्या बताया है।

## मुंगेर सदर अस्पताल में ममता कर्मी की लापरवाही से मचा हंगामा

**मुंगेर।** मुंगेर के सदर अस्पताल में बुधवार देर शाम दो नवजात बच्चों की अदला-बदली का का मामला सामने आया है। इसे लेकर दो परिवारों ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया। मामला सदर अस्पताल के प्रसव वार्ड का है, जहां ममता कर्मी की लापरवाही से स्थिति बिगड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जमालपुर के रामचंद्रपुर गांव निवासी कविता देवी और खड़गपुर के मिल्की उत्तर टोला निवासी अंकिता सिंह को प्रसव के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था।


### पूर्व रेलवे

**ई–नीलामी आमंत्रण सूचना**

**ई–नीलामी सूचना सं.: सीओएम/पीयूबी/एचडब्ल्यूएच/25/22, दिनांक 28.07.2025** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, चतुर्थ तल, हावड़ा स्टेशन के पास यात्री निवास, हावड़ा–711101 द्वारा वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों का अनुबंध प्रदान करने के लिए ई–नीलामी आमंत्रित की जाती है।

**कैटलॉग सं.: पीयूबी–एचडब्ल्यूएच–25–22**

**क्रम सं.: एए/1, लॉट सं.: एडीवीटी–एचडब्ल्यूएच–जेटीएल–ओएसएन–19–25–1 (विज्ञापन–स्टेशन परिसर पर–नॉन डिजिटल), विवरण:** क्लस्टर–IV (हावड़ा मंडल के झापटेर ढाल स्टेशन से गुमानी स्टेशन, अदलपहाड़ी स्टेशन से कुरुवा स्टेशन, आजिमगंज सिटी स्टेशन से तकीपुर स्टेशन और चौहट्टा स्टेशन से अजय केबिन तक) के तहत सभी स्टेशनों के स्टेशन परिसर में वाणिज्यिक विज्ञापनों के लिए तीन (03) वर्ष की अवधि हेतु अनुबंध प्रदान करना। **क्रम सं.: एबी/1, लॉट सं.: एडीवीटी–एचडब्ल्यूएच–एलएलएच–ओएसडी–119–24–1 (विज्ञापन–स्टेशन परिसर पर–डिजिटल), विवरण:** हावड़ा मंडल के तहत तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए वाणिज्यिक विज्ञापनों का दायरा सहित क्लस्टर–1 (लिलुआ, बेलुड़, बाली, डानकुनी, कोन्नगर, रिसड़ा और श्रीरामपुर) के तहत स्टेशनों पर डायनैमिक भीम यूपीआई क्यूआर कोड के प्रावधान के साथ पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम (पीआरएस) काउंटरों और अनरिजर्व्ड टिकटिंग सिस्टम (यूटीएस) काउंटरों पर ड्यूएल डिस्प्ले फेयर रिपीटर सिस्टम (डीडीएफआरएस) की आपूर्ति, स्थापना, संचालन और रखरखाव के लिए अनुबंध प्रदान करना। **क्रम सं.: एबी/2, लॉट सं.: एडीवीटी–एचडब्ल्यूएच–एसएचई–ओएसडी–120–24–1 (विज्ञापन–स्टेशन परिसर पर–डिजिटल), विवरण:** हावड़ा मंडल के तहत तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए वाणिज्यिक विज्ञापनों का दायरा सहित क्लस्टर–2 (सेवड़ाफुली, बैद्यबाटी, भद्रेश्वर, मानकुंडु, चंदननगर, चुचुड़ा और तारकेश्वर) के तहत स्टेशनों पर डायनैमिक भीम यूपीआई क्यूआर कोड के प्रावधान के साथ पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम (पीआरएस) काउंटरों और अनरिजर्व्ड टिकटिंग सिस्टम (यूटीएस) काउंटरों पर ड्यूएल डिस्प्ले फेयर रिपीटर सिस्टम (डीडीएफआरएस) की आपूर्ति, स्थापना, संचालन और रखरखाव के लिए अनुबंध प्रदान करना। **क्रम सं.: एबी/3, लॉट सं.: एडीवीटी–एचडब्ल्यूएच–बीडीसी–ओएसडी–121–24–1 (विज्ञापन–स्टेशन परिसर पर–डिजिटल), विवरण:** हावड़ा मंडल के तहत तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए वाणिज्यिक विज्ञापनों का दायरा सहित क्लस्टर–3 (बैण्डेल, नबद्वीप धाम और कटवा) के तहत स्टेशनों पर डायनैमिक भीम यूपीआई क्यूआर कोड के प्रावधान के साथ पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम (पीआरएस) काउंटरों और अनरिजर्व्ड टिकटिंग सिस्टम (यूटीएस) काउंटरों पर ड्यूएल डिस्प्ले फेयर रिपीटर सिस्टम (डीडीएफआरएस) की आपूर्ति, स्थापना, संचालन और रखरखाव के लिए अनुबंध प्रदान करना। **क्रम सं.: एबी/4, लॉट सं.: एडीवीटी–एचडब्ल्यूएच–पीडीए–ओएसडी–122–24–1 (विज्ञापन–स्टेशन परिसर पर–डिजिटल), विवरण:** हावड़ा मंडल के तहत तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए वाणिज्यिक विज्ञापनों का दायरा सहित क्लस्टर–4 (पाण्डुया, मेमारी, बर्द्धमान, बोलपुर शांतिनिकेतन और रामपुरहाट) के तहत स्टेशनों पर डायनैमिक भीम यूपीआई क्यूआर कोड के प्रावधान के साथ पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम (पीआरएस) काउंटरों और अनरिजर्व्ड टिकटिंग सिस्टम (यूटीएस) काउंटरों पर ड्यूएल डिस्प्ले फेयर रिपीटर सिस्टम (डीडीएफआरएस) की आपूर्ति, स्थापना, संचालन और रखरखाव के लिए अनुबंध प्रदान करना। **नीलामी शुरू होने की तिथि और समय :** दिनांक 12.08.2025 को 12.00 बजे।

HWH-219/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter



### बिहार सरकार

**GOVERNMENT ENGINEERING COLLEGE, AURANGABAD**
Arthua, Kasma, Rafiganj Aurangabad Bihar -824125
Website:- www.gecaurangabad.ac.in Email. principal@gecaurangabad.ac.in

**Ref. No. : GEC/Acc/Abad/ /2025** **Date:..........................**

**Science, Technology & Technical Education Dept. Govt. of Bihar**
**Inviting Short-term e-Tender Notice**
**(Through e-procurement mode only https://eproc2.bihar.gov.in)**
**E-Tender Notice No-GEC/Abad/ECE-Lab/01/2025** **Date:-23-07-2025**

**Name of Work: "Tender for supply of Lab equipments for Electronics and Communication Engineering."**

| Sl. No. | Scope of work | Estimated cost (In Rupees) | Cost of tender document (In Rupees) | Tender processing Fee (Non-Refundable) (Inclusive GST) | Earnest Money (In Rupees) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Tender for supply of Lab equipments for Electronics & Communication Engineering | NA | Rs. 1000.00 (One Thousand only) | Rs. 590.00 (Five Hundred Ninety) | Rs. 75000.00 (Twenty Thousand Rupees only) |

**Tender Schedule/Program**

Note:-Government Engineering College Aurangabad, reserves the right to

| S. No. | Event Description | Timeline |
|---|---|---|
| 1 | Last date & time of downloading the RFP | Till 23.08.2025 **up to 04:00 PM**, on eproc2.bihar.gov.in |
| 2 | Pre-bid meeting | **20.08.2025 at 11:00 AM** |
| 3 | Submission (upload) of online bidding document. | Till 23.08.2025 **up to 05:00 PM**, on eproc2.bihar.gov.in |
| 4 | Submission of EMD | Till 23.08.2025 **up to 05:00 PM**, on eproc2.bihar.gov.in |
| 5 | Bid Opening Date | 25.08.2025 at 11:00 AM on the eproc2.bihar.gov.in |
| 6 | Pre- bid meeting venue | Government Engineering College Aurangabad(Bihar) ,Arthua,Kasma,Rafiganj,Aurangabad,Bihar-824125 |
| 7 | Contact person | Principal, Government Engineering College Aurangabad(Bihar) Mobile no : +91 8743074732 Email ID: principal@gecaurangabad.ac.in |

Accept/Cancel/Reschedule tenders without assigning any reasons.

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

Principal
Government Engineering College
Aurangabad

**PR. No. 10114 (SCIENCE) 2025-26**

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, औरंगाबाद

अति अल्पकालीन पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना संख्या–02R2/2025-26

(**केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट** www.eproc2.bihar.gov.in **पर**)

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, औरंगाबाद।
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि : दिनांक 25.07.2025
3. निविदा अपलोड करने की प्रारंभ तिथि : दिनांक 06.08.2025, 10:00 बजे पूर्वाह्न से। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
4. निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि : दिनांक 08.08.2025, 5:00 बजे अपराह्न तक। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
5. निविदा (तकनीकि बीड) खोलने की तिथि में एवं समय : दिनांक 09.08.2025 अपराह्न 10:00 बजे पूर्वाह्न (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
6. कार्य की विवरणी :–

| Construction of New deep hand-pumps ( India Mark-II) with Simple Boring, GPT Boring & Machine Drilled Boring and Construction of Platform with 3 meter long P.C.C. Drain for providing drinking water in water scarce areas & SC Tolas for summer of 2025 at different places in Aurangabad District under P.H. Division Aurangabad. (Year :– 2025-26.) | | | | | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र मूल्य (रू0 में) (अप्रत्यर्पणीय रूप में मात्र ऑनलाईन भुगतान द्वारा) | बेल्ट्रॉन का प्रोसेगिंग फीस + अन्य कर(रू0 में) (अप्रत्यर्पणीय रूप में मात्र ऑनलाईन भुगतान द्वारा) | कार्य समाप्ति की अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| GR NO | Block | Type of IM-II Boring | | | | | | | |
| | | 125m mx45M | 125m mx46 M GPT | 125m m x 61M DT | | | | | |
| 5 | Haspura | 8 | 0 | 0 | 2840900 | 56900 | 5000 | 590 | 3 माह |
| | Rafiganj | 5 | 2 | 3 | | | | | |
| | Goh | 8 | 4 | 0 | | | | | |
| | Daudnagar | 5 | 0 | 0 | | | | | |

1. वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय : तकनीकि बीड निष्पादन के बाद समय एवं तिथि (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर सूचित की जायेगी)
2. निविदा वैधता की तिथि : निविदा खोलने से 180 दिनों तक।

विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना या अन्य शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर अथवा **state.bihar.gov.in/prdbihar** वेववाईट पर देखा जा सकता है।

**कार्यपालक अभियंता,**
**लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, औरंगाबाद**

PR- 010170 (PHED) 2025-26

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, औरंगाबाद

अति अल्पकालीन पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना संख्या–03R1/2025-26

(**केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट** www.eproc2.bihar.gov.in **पर**)

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, औरंगाबाद।
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि : दिनांक 25.07.2025
3. निविदा अपलोड करने की प्रारंभ तिथि : दिनांक 06.08.2025, 10:00 बजे पूर्वाह्न से। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
4. निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि : दिनांक 08.08.2025, 5:00 बजे अपराह्न तक। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
5. निविदा (तकनीकि बीड) खोलने की तिथि में एवं समय : दिनांक 09.08.2025 अपराह्न 10:00 बजे पूर्वाह्न (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
6. कार्य की विवरणी :–

| ग्रुप सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र मूल्य (रू0 में) (अप्रत्यर्पणीय रूप में मात्र ऑनलाईन भुगतान द्वारा) | बेल्ट्रॉन का प्रोसेगिंग फीस + अन्य कर(रू0 में) (अप्रत्यर्पणीय रूप में मात्र ऑनलाईन भुगतान द्वारा) | कार्य समाप्ति की अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | औरंगाबाद जिलान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 में प्राकृतिक आपदा (सुखाड़) के तहत जिलों में जलस्तर के गिरावट/पुराने जीर्ण–शीर्ण बंद चापाकलों के अकार्यरत होने की स्थिति में पेयजल समस्या से निजात हेतु नये चापाकलों का निर्माण कार्य। | | | | | |
| 1 | (i) 125 mm dia x 45 मीटर गहरा चापाकल 1.85 मीटर व्यास का P.C.C चबुतरा तथा 3 मीटर लम्बाई का P.C.C नाली एवं सोख्ता का निर्माण कार्य–**21** अदद। (ii) 125 mm dia x 46 मीटर गहरा GPT चापाकल 1.85 मीटर व्यास का P.C.C चबुतरा तथा 3 मीटर लम्बाई का P.C.C नाली एवं सोख्ता का निर्माण कार्य–**10** अदद। (iii) 125 / 115 mm x 61 मीटर गहरा ड्रिल्ड चापाकल 1.85 मीटर व्यास का P.C.C चबुतरा तथा 3 मीटर लम्बाई का P.C.C नाली एवं सोख्ता का निर्माण कार्य–**19 अदद।** | 51.01500 | 1.02100 | 10000 | 590 | 3 माह |

1. वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय : तकनीकि बीड निष्पादन के बाद समय एवं तिथि (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर सूचित की जायेगी)
2. निविदा वैधता की तिथि : निविदा खोलने से 180 दिनों तक।

विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना या अन्य शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर अथवा **state.bihar.gov.in/prdbihar** वेववाईट पर देखा जा सकता है।

**कार्यपालक अभियंता,**
**लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, औरंगाबाद**

PR- 010169 (PHED) 2025-26

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार



### पूर्व रेलवे

**ई–नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 (पश्चिम बंगाल) द्वारा आसनसोल मंडल के तहत वाटर वेंडिंग मशीन (डब्ल्यूवीएम) और मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस) के प्रावधान के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के जरिए आईआरईपीएस पोर्टल के माध्यम से खुली ई–नीलामी आमंत्रित की जाती है। विवरण इस प्रकार है: **नीलामी कैटलॉग सं.: एएसएन–डब्ल्यूवीएम–25–10, क्रम सं., लॉट सं./कैटेगरी, कार्य का विवरण एवं ई–नीलामी की अंतिम तिथि/समय** निम्नानुसार हैं: **एए/1, एमएसएस–एएसएन–एसयूआरआई–डब्ल्यूवीएम–89–25–1,** सिउड़ी (एसयूआरआई) रेलवे स्टेशन में 05 वर्ष की अवधि के लिए प्लेटफॉर्म नं. 2–3 पर, ओएचई पी/नं. 54/8 और एसयूआरआई/1018 के बीच, स्टैंड अलोन आधार पर 01 वाटर वेंडिंग मशीन (30 वर्गफीट) का संस्थापन एवं परिचालन, 14.08.2025 को 12.30 बजे। **एए/2, एमएसएस–एएसएन–यूडीएल–डब्ल्यूवीएम–26–25–1,** अण्डाल रेलवे स्टेशन में 05 वर्ष की अवधि के लिए प्लेटफॉर्म नं. 3–4 पर ओएचई मास्ट नं. 186/36 के पास, स्टैंड अलोन आधार पर वाटर वेंडिंग मशीन (डब्ल्यूवीएम) के संस्थापन एवं परिचालन हेतु लाइसेंस प्रदान करना, 14.08.2025 को 12.40 बजे। **एए/3, एमएसएस–एएसएन–एमएनएई–डब्ल्यूवीएम–39–25–1,** मानकर रेलवे स्टेशन में 05 वर्ष की अवधि के लिए प्लेटफॉर्म नं. 1–2 पर सीट नं. 16–20 और सीट नं. 31–35 के बीच, स्टैंड अलोन आधार पर वाटर वेंडिंग मशीन (डब्ल्यूवीएम) के संस्थापन एवं परिचालन हेतु लाइसेंस प्रदान करना, 14.08.2025 को 12.50 बजे। **एए/4, एमएसएस–एएसएन–एसटीएन–डब्ल्यूवीएम–90–25–1,** सीतारामपुर रेलवे स्टेशन में 05 वर्ष की अवधि के लिए पुराने एफओबी के पास प्लेटफॉर्म नं. 2–3 पर, स्टैंड अलोन आधार पर 01 वाटर वेंडिंग मशीन (30 वर्गफीट) का संस्थापन एवं परिचालन, 14.08.2025 को 13.00 बजे। **एए/5, एमएसएस–एएसएन–पीएएन–डब्ल्यूवीएम–91–25–1,** पानागढ़ रेलवे स्टेशन में 05 वर्ष की अवधि के लिए प्लेटफॉर्म नं. 1–2 पर, ओएसओपी स्टॉल के पास स्टैंड अलोन आधार पर 01 वाटर वेंडिंग मशीन (30 वर्गफीट) का संस्थापन एवं परिचालन, 14.08.2025 को 13.10 बजे। **एए/6, एमएसएस–एएसएन–डीजीएचआर–डब्ल्यूवीएम–24–25–1,** देवघर रेलवे स्टेशन में 05 वर्ष की अवधि के लिए प्लेटफॉर्म नं. 2 पर सबवे के पास सीटिंग अरेंजमेंट नं. 4 और 5 के बीच शेड के नीचे, स्टैंड अलोन आधार पर वाटर वेंडिंग मशीन (डब्ल्यूवीएम) के संस्थापन एवं परिचालन हेतु लाइसेंस प्रदान करना, 14.08.2025 को 13.20 बजे। **एए/7, एमएसएस–एएसएन–बीएसकेएच–डब्ल्यूवीएम–47–25–2,** बासुकीनाथ रेलवे स्टेशन में 05 वर्ष की अवधि के लिए प्लेटफॉर्म नं. 01 पर पीएफ शेड के नीचे ट्रैक्शन पोल नं. 49/3 और 49/4 के बीच, स्टैंड अलोन आधार पर वाटर वेंडिंग मशीन (डब्ल्यूवीएम) के संस्थापन एवं परिचालन हेतु लाइसेंस प्रदान करना, 14.08.2025 को 13.30 बजे। **नीलामी कैटलॉग सं.: एएसएन–एमपीएस–25–7, क्रम सं., लॉट सं./कैटेगरी, कार्य का विवरण और ई–नीलामी की अंतिम तिथि/समय** निम्नानुसार हैं: **एए/1, एमपीएस–एएसएन–डीयूएमके–एमपीएस–29–25–1,** दुमका रेलवे स्टेशन में प्लेटफॉर्म नं. 1 पर, सीट नं. 15 और 16 के बीच 05 वर्ष की अवधि के लिए मल्टीपरपज स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट X 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन, अनुसूचित जाति के लिए चिह्नित (महिला), 18.08.2025, 12.30 बजे। **एए/2, एमपीएस–एएसएन–डीजीएचआर–एमपीएस–31–25–1,** देवघर रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में, पुराने स्टेशन बिल्डिंग के पोर्टिको के सामने, 05 वर्ष की अवधि के लिए मल्टीपरपज स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट X 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन, अनारक्षित के लिए चिह्नित (स्वतंत्रता सेनानियों, युद्ध की विधवाओं, रेलकर्मियों की विधवाओं), 18.08.2025, 12.40 बजे। **एए/3, एमपीएस–एएसएन–डीयूएमके–एमपीएस–28–25–1,** दुमका रेलवे स्टेशन में मुख्य प्रवेश द्वार के सामने एवं ओआरएच बाउंडरी वॉल के पास 05 वर्ष की अवधि के लिए मल्टीपरपज स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट X 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन, अनारक्षित के लिए चिह्नित (महिला), 18.08.2025, 12.50 बजे। **एए/4, एमपीएस–एएसएन–डीजीएचआर–एमपीएस–32–25–1,** देवघर रेलवे स्टेशन में पुराने स्टेशन बिल्डिंग मुख्य प्रवेश द्वार के पास, स्ट्रक्चर स्टॉल नं. ई–01 पर, 05 वर्ष की अवधि के लिए मल्टीपरपज स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट X 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन, अल्पसंख्यकों के लिए चिह्नित (महिला), 18.08.2025, 13.00 बजे। **एए/5, एमपीएस–एएसएन–वीडीएस–एमपीएस–30–25–1,** विद्यासागर रेलवे स्टेशन में प्लेटफॉर्म नं. 01 पर, प्रवेश/निकास द्वार के पास, 05 वर्ष की अवधि के लिए मल्टीपरपज स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट X 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन, अन्य पिछड़ा वर्ग (महिला) श्रेणी के लिए चिह्नित, 18.08.2025, 13.10 बजे।

ASN-139/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



### पूर्व रेलवे

**ई–नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा आसनसोल मंडल के तहत मल्टीपरपज स्टॉल (एमपीएस) के प्रावधान हेतु आईआरईपीएस पोर्टल के जरिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से खुली ई–नीलामी आमंत्रित की जाती है। इसका विवरण निम्नानुसार है: **ऑक्शन कैटलॉग सं.: एएसएन–एमपीएस–25–6, क्रम सं., लॉट सं./कैटेगरी, कार्य का विवरण और ई–नीलामी की अंतिम तिथि/समय** निम्नानुसार हैं: **एए/1, एमपीएस–एएसएन–यूकेए–एमपीएस–8–24–1,** उखरा रेलवे स्टेशन में प्लेटफॉर्म शेड के पास प्लेटफॉर्म नं. 1 पर 05 वर्ष की अवधि के लिए मल्टीपरपज स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट X 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन, अनारक्षित के लिए चिह्नित (कोई भी), 13.08.2025, 11.30 बजे। **एए/2, एमपीएस–एएसएन–डीजीआर–एमपीएस–18–25–1,** दुर्गापुर रेलवे स्टेशन में कालका सिरे की सीट नं. 395–404 के पास प्लेटफॉर्म नं. 2 –3 पर 05 वर्ष की अवधि के लिए मल्टीपरपज स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट X 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन, अनारक्षित के लिए चिह्नित (सभी श्रेणियों के लिए खुला), 13.08.2025, 11.40 बजे। **एए/3, एमपीएस–एएसएन–जेएसएमई–एमपीएस–26–25–1,** जसीडीह रेलवे स्टेशन में प्लेटफॉर्म नं. 4 पर मेमू ऑफिस/वाल्व मैन रूम के पास 05 वर्ष की अवधि के लिए मल्टीपरपज स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट X 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन। अनारक्षित के लिए निर्दिष्ट (सभी श्रेणियों के लिए खुला), 13.08.2025, 11.50 बजे। **एए/4, एमपीएस–एएसएन–डीजीआर–एमपीएस–23–25–1,** दुर्गापुर रेलवे स्टेशन में प्लेटफॉर्म नं. 2–3 (हावड़ा छोर) पर, सीट नं. 171 और एस्केलेटर के बीच 05 वर्ष की अवधि के लिए मल्टीपरपज स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट X 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन, अनारक्षित के लिए चिह्नित (सभी श्रेणियों के लिए खुला), 13.08.2025, 12.00 बजे। **एए/5, एमपीएस–एएसएन–आरएनजी–एमपीएस–24–25–1,** रानीगंज रेलवे स्टेशन में एग्जिट गेट के पास सर्कुलेटिंग एरिया के उत्तरी भाग के निकट, 05 वर्ष की अवधि के लिए मल्टीपरपज स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट X 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन, अनारक्षित के लिए चिह्नित (सभी श्रेणियों के लिए खुला), 13.08.2025, 12.10 बजे। **एए/6, एमपीएस–एएसएन–केएमएमई–एमपीएस–11–24–1,** कुमारधुबी रेलवे स्टेशन में बागान के पास सुर्कुलेटिंग एरिया पर 05 वर्ष की अवधि के लिए मल्टीपरपज स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट X 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन, अनुसूचित जाति के लिए चिह्नित, 13.08.2025, 12.20 बजे। **एए/7, एमपीएस–एएसएन–डीजीआर–एमपीएस–19–25–1,** दुर्गापुर रेलवे स्टेशन में प्लेटफॉर्म नं. 2–3 पर, सीट नं. 425 और 434 के बीच (कालका सिरा, शेड नं. 02), 05 वर्ष की अवधि के लिए मल्टीपरपज स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट X 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन, अनारक्षित के लिए चिह्नित (सभी श्रेणियों के लिए खुला), 13.08.2025, 12.30 बजे। **एए/8, एमपीएस–एएसएन–डीजीआर–एमपीएस–22–25–1,** दुर्गापुर रेलवे स्टेशन में प्लेटफॉर्म नं. 4–5 (कालका छोर) पर, सीट नं. 1010 और 1119 के बीच 05 वर्ष की अवधि के लिए मल्टीपरपज स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट X 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन, अनारक्षित के लिए चिह्नित (महिला), 13.08.2025, 12.40 बजे। **एए/9, एमपीएस–एएसएन–एमडीपी–एमपीएस–25–25–1,** मधुपुर रेलवे स्टेशन में प्लेटफॉर्म नं. 3–4 (कालका छोर) पर लिफ्ट के पास 05 वर्ष की अवधि के लिए मल्टीपरपज स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट X 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन, अनुसूचित जाति (एससी) के लिए चिह्नित, 13.08.2025, 12.50 बजे। **एए/10, एमपीएस–एएसएन–केजेएमई–एमपीएस–7–24–1,** काजोड़ाग्राम रेलवे स्टेशन में प्लेटफॉर्म नं. 1 पर स्टेशन मास्टर ऑफिस के पास 05 वर्ष की अवधि के लिए मल्टीपरपज स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट X 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन, अनारक्षित के लिए चिह्नित (कोई भी), 13.08.2025, 13.00 बजे। **एए/11, एमपीएस–एएसएन–डीजीआर–एमपीएस–17–25–1,** दुर्गापुर रेलवे स्टेशन में उत्तरी भाग के पुराने बुकिंग कार्यालय के पास 05 वर्ष की अवधि के लिए मल्टीपरपज स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट X 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन, अनारक्षित के लिए चिह्नित (महिला), 13.08.2025, 13.10 बजे। **एए/12, एमपीएस–एएसएन–डीजीआर–एमपीएस–20–25–1,** दुर्गापुर रेलवे स्टेशन में प्लेटफॉर्म नं. 01 (हावड़ा छोर) पर, सीट नं. 63 और 67 के बीच स्थित, 05 वर्ष की अवधि के लिए मल्टीपरपज स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट X 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन, अनारक्षित के लिए चिह्नित (सभी श्रेणियों के लिए खुला), 13.08.2025, 13.20 बजे। **एए/13, एमपीएस–एएसएन–जेएसएमई–एमपीएस–27–25–1,** जसीडीह रेलवे स्टेशन में प्लेटफॉर्म नं. 01 पर वाटर टैप नं. 17, 18, 19 के पास 05 वर्ष की अवधि के लिए मल्टीपरपज स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट X 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन, 13.08.2025, 13.30 बजे। **एए/14, एमपीएस–एएसएन–डीजीआर–एमपीएस–15–25–1,** दुर्गापुर रेलवे स्टेशन में पीआरएस के पास द्वितीय श्रेणी प्रतीक्षालय के निकट, 05 वर्ष की अवधि के लिए मल्टीपरपज स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट X 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन, 13.08.2025, 13.40 बजे। **एए/15, एमपीएस–एएसएन–डीजीआर–एमपीएस–21–25–1,** दुर्गापुर रेलवे स्टेशन में प्लेटफॉर्म नं. 4–5 (हावड़ा छोर) पर, सीट नं. 760 और 770 के बीच स्थित, 05 वर्ष की अवधि के लिए मल्टीपरपज स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट X 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन, अनारक्षित के लिए चिह्नित (महिला), 13.08.2025, 13.50 बजे। ASN-136/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

## संक्षिप्त समाचार

### दो अगस्त को डाकघर का नो ट्रांजेक्शन डे की घोषणा

**आरा**। डाकघर ने दो अगस्त को "नो ट्रांजेक्शन डे" घोषित किया है। डाक अधीक्षक ने बताया कि भारतीय डाक विभाग द्वारा एपीटी (आईटी-टू) एप्लिकेशन का रोल आउट चार अगस्त को किया जाएगा। इसकी वजह से देश के 13 सर्किलों (ग्रुप ट एवं ग्रुप थ्री), जिनमें बिहार सर्किल भी शामिल है, के सभी संबंधित डाकघरों में दिनांक दो अगस्त 2025 शनिवार को "नो ट्रांजेक्शन डे" घोषित किया गया है। इस दिन कोई भी डाकिया लेन-देन नहीं किया जाएगा, ताकि तकनीकी अपडेट तथा डाटा माइग्रेशन का कार्य सुचारू एवं निर्बाध रूप से संपन्न किया जा सके। भोजपुर डाक प्रमंडल के अंतर्गत भोजपुर एवं बक्सर जिलों के सभी डाकघर 2 अगस्त 2025 को ग्राहकों को किसी भी प्रकार की लेन-देन संबंधी सेवा प्रदान नहीं करेंगे। डाकघर से संबंधित अपने आवश्यक कार्य दो अगस्त से पहले ही निपटा लें, जिससे उन्हें किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो।

### 14 तक भरा जाएगा स्नातक- वन व टू का फॉर्म

**आरा**। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय ने स्नातक भाग- वन एवं भाग- टू सत्र, 2022-2025 के छात्र-छात्राओं के लिए विशेष परीक्षा, 2025 के लिए ऑनलाइन परीक्षा-प्रपत्र भरने की तिथि निर्धारित किया है। ऑनलाइन परीक्षा-प्रपत्र भरने की अंतिम तिथि बिना विलंब शुल्क के 14 अगस्त 2025 तक निर्धारित की गई है। इसके अंतर्गत स्नातक भाग- वन और भाग- टू के वे छात्र-छात्राएं भी परीक्षा-प्रपत्र भर सकते हैं जो पूर्ववर्ती सत्र 2020–2023 एवं सत्र, 2021–2024 से प्रोमोटेड हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ अनवर इमाम ने बताया कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.vksu.ac.in पर जाकर स्टूडेंट पोर्टल लॉगिन के माध्यम से ऑनलाइन परीक्षा-प्रपत्र भर सकते हैं। सभी संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं प्रधानाचार्यों को सूचित किया जाता है कि वे छात्र-छात्राओं को इसकी जानकारी उपलब्ध कराएं। एजेंसियों को निर्देशित किया गया है कि किसी भी समस्या की स्थिति में हेल्पलाइन नंबर पर सूचना दें एवं त्वरित समाधान सुनिश्चित करें ताकि छात्र-छात्राओं को कोई असुविधा नहीं हो।

### 5 अगस्त को स्नातक सीटों पर ओपन एडमिशन

**आरा**। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय अंतर्गत आने वाले सभी अंगीभूत एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में स्नातक सेमेस्टर वन सत्र, 2025- 29 में रिक्त सीटों पर ओपन एडमिशन लिया जाएगा। इसके लिए पांच अगस्त को अभ्यर्थियों को मौका दिया जाएगा। 31 जुलाई तक विश्वविद्यालय कोटा के तहत नामांकन लेगा। नामांकन नोडल पदाधिकारी प्रो. धीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि नामांकन विगत सत्र के अनुरूप ही लिया जा रहा है। वर्तमान सत्र में विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले चारों जिलों के संबद्ध एवं अंगीभूत महाविद्यालयों में कुल सीटों की संख्या एक लाख 31 हजार पांच सौ अड़तीस है। इन सीटों पर आवेदन कुल एक लाख 12 हजार इकसठ प्राप्त हुए है। इनमें से करीब 63 हजार छात्र-छात्राओं ने नामांकन करा लिया है।

### जिनवाणी मैनेजमेंट कॉलेज में रोबोटिक्स कार्यशाला

**आरा**। जिनवाणी मैनेजमेंट कॉलेज द्वारा एक दिवसीय रोबोटिक्स कार्यशाला किया गया। इस कार्यशाला में छात्रों को बेसिक रोबोटिक्स, इन्फ्रारेड सेंसर, और अल्ट्रासोनिक सेंसर आधारित रोबोट बनाना सिखाया गया। चेयरमैन डॉ. आदित्य विजय जैन ने बताया कि जिनवाणी मैनेजमेंट कॉलेज भोजपुर का एकमात्र ऐसा संस्थान है, जहाँ छात्रों को जीवंत तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। कार्यशालाओं से छात्रों में नई तकनीकों के प्रति उत्सुकता और नवाचार की भावना का विकास होता है।

### भोजपुर में फरोग-ए-उर्दू सेमिनार व कार्यशाला

**आरा**। मंत्रिमंडल सचिवालय, बिहार सरकार के उर्दू निदेशालय के तत्वावधान में मंगलवार को नागरी प्रचारिणी सभागार में जिला स्तरीय फरोग-ए-उर्दू सेमिनार, कार्यशाला एवं मुशायरा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सहायक समाहर्ता सैयद अदील मोहसिन सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि सैयद अदील मोहसिन ने कहा, "उर्दू हिंदुस्तान की अपनी भाषा है, जिसे मोहब्बत और मेल-जोल की जबान माना जाता है।

### जिनवाणी मैनेजमेंट कॉलेज में हुई रोबोटिक्स कार्यशाला

**आरा**। आरा जिनवाणी मैनेजमेंट कॉलेज द्वारा एक दिवसीय रोबोटिक्स कार्यशाला किया गया। इस कार्यशाला में छात्रों को बेसिक रोबोटिक्स, इन्फ्रारेड सेंसर, और अल्ट्रासोनिक सेंसर आधारित रोबोट बनाना सिखाया गया। चेयरमैन डॉ. आदित्य विजय जैन ने बताया कि जिनवाणी मैनेजमेंट कॉलेज भोजपुर का एकमात्र ऐसा संस्थान है, जहाँ छात्रों को प्रयोग आधारित जीवंत तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि इस प्रकार की कार्यशालाओं से छात्रों में नई तकनीकों के प्रति उत्सुकता और नवाचार की भावना का विकास होता है। प्राचार्य डॉ. तुषार आर्य ने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को तकनीक के वर्तमान ट्रेंड से अवगत कराना है, जिससे वे शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक दक्षता भी प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम के प्रमुख प्रशिक्षक के रूप में सिद्ध विजय जैन ने प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने बताया कि कॉलेज सदैव छात्रों के समग्र विकास के लिए इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन करता रहा है। कार्यशाला में एमबीए, बीबीए एवं बीसीए संकाय के विद्यार्थी थे।

### महिला होमगार्ड कर्मी के पुत्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**आरा**। महिला होमगार्ड के पुत्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक 15 वर्षीय मोहित कुमार था। वह संतोष कुमार शर्मा का इकलौता संतान था। मां चांदनी देवी होमगार्ड में नौकरी करती है। घटना के समय चांदनी डीएम ऑफिस में ड्यूटी कर रही थी। घटना की सूचना चांदनी को फोन पर मिली। जिसके बाद वह सदर अस्पताल पहुंची। चांदनी अपने पूरे परिवार के साथ अपने मायका नवादा थाना क्षेत्र के गोढ़ना रोड में रहती है। मोहित कुमार प्रताप इंटरनेशनल स्कूल में 9 क्लास में पढ़ता था दो बहन है। मोहित कुमार मूलरूप से जगदीशपुर थाना क्षेत्र का रहने वाला था। बुधवार को दिन में करीब एक बजे के आसपास मोहित कुमार ने दो मंजिला मकान के कमरे में जाकर फांसी लगा लिया। मोहित कुमार क्यों फांसी लगाकर आत्महत्या किया इसका रहस्य नहीं खुल पाया है। 12 बजे के आसपास चांदनी के पास फोन किया और पूछा कि मां खाना खा ली। उस समय तक सब कुछ ठीक-ठाक था।

### शिवलिंग पूजन से त्रिदेवों की पूजा : आचार्य धर्मेन्द्र

**ब्रह्मपुर**। शिवलिंग पूजन से तीनों देव ब्रह्मा, विष्णु, महेश तीनों की पूजा हो जाती है। शिवपुरी में आयोजित शिव पुराण कथा यज्ञ में ब्रह्मपुरपीठाधीश्वर आचार्य धर्मेन्द्र ने कहा कि शिवपुराण विधि संहिता में स्पष्ट उल्लेख है कि शिवलिंग पूजन से त्रिदेवों का पूजन हो जाता है। ब्रह्मा,विष्णु ,महेश में अंतर नहीं करना चाहिए यह अपराध है। आचार्य जी ने कहा कि वाल्मीकि रामायण, हरिवंश पुराण में यह उल्लेख है कि केवल पापी ही नहीं, वरन जो त्रिदेवों में अंतर करता है,वह भी नरक जाता है। श्री राम चरित मानस में तो श्रीराम जी स्वयं कहते है-शिवद्रोही मम दास कहावा। सो नर मोहि सपने नहीं भावा। इतना ही नहीं वरन श्री राम जी यह भी कहते है - जापर कृपा करे न पुरारी।सो नर न पाव मुनि भक्ति हमारी। नारायण श्री हरि मुनि वृन्द को संबोधित करते हुए स्पष्ट कहते हैं कि एक गुप्त मत सबही कहहुं कर जोरि। शंकर भजन बिना नर भक्ति न पावहिं मोरि। आचार्य ने बताया कि विल्वपत्र पर चंदन या हल्दी से राम लिखकर शिवलिंग पर अर्पण करने से सर्व कामना सिद्ध होती है।

### जिले का विकास हमारी प्राथमिकता : उमेश राय

**बक्सर**। समाजसेवी उमेश राय ने कहा कि हमारी प्राथमिकता ब्रह्मपुर और बक्सर का विकास है।श्री राय ने कहा की हम चाहते हैं की प्रत्येक घर का नौजवान स्वावलंबी हो।श्री राय ने कहा की भारत माता के समृद्धि हेतु हम सबको मिलकर काम करना है।श्री राय ने कहा की वर्ष 2047 के पहले भारत को सोने के शेर के रूप में प्रतिष्ठित करना ही हमारे जीवन का उद्देश्य है।बिहार के समग्र विकास के लिए हम सबको मिलकर काम करना है।श्री राय ने कहा की परिवारवादी शक्तियों से हमें सतर्क रहना है।श्री राय ने कहा की बिहार के हर गाँव के नौजवानों को माँ भारती के प्रतिष्ठा को आगे बढ़ाने के लिए श्रमदान करना होगा।

# सीआरपीएफ जवान ने खुद को गोली मारी, सीनियर्स पर आरोप

निज संवाददाता। आरा

''3 दिन पहले घर से हंसते हुए निकल थे। कहा था- बेटियों का और अपना ख्याल रखना। पता नहीं क्या हो गया कि उन्होंने ये कदम उठा लिया।'' ''वो मुझसे कहते थे कि छुट्टी लेता हूं, तो सीनियर्स परेशान करते हैं, दबाव देकर ड्यूटी कराई जाती है, कोई टाइम नहीं रहता है, कभी भी पोस्टिंग पर भेज देते हैं।'' ये बातें छत्तीसगढ़ में तैनात CRPF जवान पप्पू यादव की पत्नी अतिसुंदर देवी ने कही। जवान की पत्नी ने अपने पति के सीनियर्स पर कई आरोप लगाए। उन्होंने बताया, 'छुट्टी में आने से पहले वे टॉर्चर की बात बताते थे। कहते थे कि दबाव देकर ड्यूटी कराई जाती है। मेरे पति कभी-कभी गुस्सा करते थे। ड्यूटी से कैंप आने के बाद काफी परेशान रहते थे।' दरअसल, भोजपुर के रहने वाले CRPF जवान ने बुधवार को छत्तीसगढ़ में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। वे छत्तीसगढ़ के बीजापुर में पोस्टेड थे। बुधवार सुबह करीब 5 बजे जवान ने अपनी सर्विस राइफल से गले पर गोली चलाई।




**'तुम दोनों बेटियां ही मेरे लिए सबकुछ हो'**: छत्तीसगढ़ में सुसाइड करने वाले CRPF जवान पप्पू यादव (38) भोजपुर के चरपोखरी प्रखंड के ठकुरी गांव के रहने वाले थे। उनकी दो बेटियां हैं- मनीषा और अनुष्का। पिता की मौत के बाद भास्कर ने उनसे बात की।

बेटियों ने बताया, 'एक दिन पहले ही पापा से बात हुई थी। बोल रहे थे कि अच्छे से पढ़ाई करना। तुम दोनों बेटियां ही मेरे लिए सबकुछ हो।' 'तुम लोगों को टीचर बनना है। जिस दिन तुम लोग मेरे सपने को पूरा कर दोगी। मेरे लिए वो दिन खुशी का सबसे बड़ा दिन होगा। हम दोनों बहनें पापा के इस सपने को जरूर पूरा करेंगे।'

**'पति ने 4 बजे कॉल किया, 6 बजे उनकी मौत की खबर आई'**: अतिसुंदरी देवी ने बताया, मेरे पति छत्तीसगढ़ के बीजापुर में CRPF की 22वीं बटालियन के मिंगाचल कैंप में पोस्टेड थे। सुबह 4 बजे उनका कॉल आया। कहा- जागा सुबह हो गईल बा, बच्चियों को स्कूल जाना होगा। उठकर नाश्ता बनाओ, सब कुछ ठीक है न। इसके बाद उन्होंने कॉल कट कर दिया। 'फिर 6 बजे के बाद कॉल आया कि आपके पति ने अपने इंसास राइफल से सिर में गोली मारकर सुसाइड कर लिया है। कहा गया कि पप्पू यादव के साथियों ने कैंप के अंदर गोली चलने की आवाज सुनी।' 'जब गोली चलने वाली जगह पर पहुंचे, तो पप्पू यादव खून से लथपथ पड़े थे। तत्काल डॉक्टरों की टीम को बुलाई गई, लेकिन उनकी मौत हो चुकी थी।'

**तीन दिन पहले 27 जुलाई को ही ड्यूटी के लिए निकले थे**: पत्नी अतिसुंदर देवी ने बताया, 'करीब डेढ़ साल पहले पप्पू यादव छत्तीसगढ़ के बाजीपुर गए थे।

## भोजपुर में ज्वेलर्स से 80 ग्राम सोने की लूट

निज संवाददाता। आरा



- बदमाशों ने ऑटो से खींचकर नीचे गिराया, मारपीट कर कपड़े फाड़े, गहने छीनकर फरार

भोजपुर में ज्वेलर्स से 80 ग्राम सोने की लूट हुई है। चार बदमाशों ने ऑटो से जा रहे ज्वेलर्स को खींचकर नीचे गिराया। मारपीट कर अंडर गारमेंट में छिपाकर रखे गहनों को लूटकर फरार हो गए। घटना नगर थाना क्षेत्र के धनुपरा टाटा मोटर शोरूम के पास की है। पीड़ित दुकानदार की पहचान तरी मोहल्ला निवासी रवि सोनी के तौर पर हुई है। बिहटा चौक(पटना) पर ज्वेलरी शॉप चलाते हैं। पीड़ित ने बताया कि बुधवार की सुबह घर से करीब 50 ग्राम सोने के जेवरात लेकर निकले थे। बड़ी मस्जिद के पास से ग्राहकों के लिए 35 ग्राम सोने की जेवरात खरीदा। वहां से सीएनजी ऑटो पकड़कर बिहटा जा रहे थे। जैसे ही ऑटो धनुपरा टाटा मोटर शोरूम के पास पहुंचा, तभी पहले से घात लगाए बैठे चार बदमाशों ने गाड़ी रूकवाया। नीचे उतारकर मारपीट करने लगे। कपड़ों की तलाशी ली। गहनों की थैली को निकालने के लिए अंडरवियर तक फाड़ डाला। करीब 80 ग्राम ज्वेलरी थी।

**फटे कपड़े में पहुंचा थाना**: पीड़ित ने आगे बताया कि लूटपाट के दौरान एक बदमाश को पकड़ लिया था, लेकिन अन्य तीन बदमाशों ने मुझे पीटकर अपने साथी को छुड़ा लिया। चारों अपराधी जमीरा गांव की तरफ भाग निकले। इसके बाद फटे कपड़े में थाने पहुंचकर प्राथमिकी दर्ज कराई।

**सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस**: वहीं, इस संबंध में नगर थानाध्यक्ष देवराज राय ने बताया कि घटना को गंभीरता से लिया गया है। क्षेत्र में लगे CCTV कैमरों की फुटेज को खंगाला जा रहा है। जल्द ही इस लूटकांड का खुलासा कर दिया जाएगा। फिलहाल लूट की इस घटना से कारोबारियों के बीच दहशत का माहौल है।

## दो पालना घरों के लिए 4 को मिला नियुक्ति पत्र

निज संवाददाता। आरा



मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना के अंतर्गत बुधवार को भोजपुर जिले में संचालित दो पालना घरों पुलिस मुख्यालय एवं समाहरणालय के लिए चयनित कर्मियों को औपचारिक रूप से नियुक्ति पत्र सौंपा गया। समाहरणालय स्थित सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया ने कुल चार कर्मियों दो क्रेच वर्कर एवं दो सहायक क्रेच वर्कर को चयन पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर डीएम ने चयनित सभी अभ्यर्थियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पालना घरों का उद्देश्य कार्यरत महिलाओं को सहयोग देना है ताकि वे निश्चिंत होकर अपने कार्यों का निष्पादन कर सकें। चयनित कर्मियों की जिम्मेदारी न केवल बच्चों की देखभाल करना है, बल्कि उनके समुचित विकास में भी योगदान देना है। कार्यक्रम में आईसीडीएस की जिला प्रोग्राम पदाधिकारी रश्मि सिन्हा, जिला परियोजना प्रबंधक कुमार रोहित, जिला मिशन समन्वयक, महिला एवं बाल विकास निगम समेत अन्य अधिकारी और कर्मी उपस्थित रहे। पालना घर संचालन की आवश्यक दिशानिर्देशों से अवगत कराया गया।

## नौ तक होगा मैट्रिक व इंटर के डमी पंजीयन में सुधार

निज संवाददाता। बक्सर



अगले वर्ष होने वाली मैट्रिक व इंटरमीडिएट परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र छात्राओं का डमी रजिस्ट्रेशन कार्ड में सुधार की तिथि बढ़ा दी गई है। अब प्लस 2 विद्यालय 09 अगस्त तक डमी रजिस्ट्रेशन कार्ड को बिहार बोर्ड के पोर्टल पर अपलोड कर सकते हैं। डमी पंजीयन कार्ड में त्रुटि का सुधार करते हुए 25 जुलाई तक संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिया था कि वे डमी पंजीयन कार्ड को बोर्ड के वेबसाइट पर अपलोड कर दें। लेकिन, निर्धारित तिथि तक कई विद्यालयों द्वारा डमी पंजीयन कार्ड को डाउनलोड नहीं किया गया था। जिसे देखते हुए समिति ने 09 अगस्त तक समय सीमा में विस्तार करने का निर्णय लिया है। ताकि ताकि डमी रजिस्ट्रेशन कार्ड में हुई त्रुटियों में सुधार किया जा सके। प्रधानाध्यापक अभ्यर्थी व उनके माता, पिता / अभिभावक हस्ताक्षरित घोषणायुक्त डमी पंजीयन कार्ड को विद्यालय को उपलब्ध कराएंगें। जिस पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित करते हुए उसे समिति के वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। बोर्ड के अनुसार डमी रजिस्ट्रेशन कार्ड में किसी भी तरह की त्रुटि रहने पर परीक्षार्थी 09 अगस्त तक विद्यालय के माध्यम से सुधार करा सकते हैं। दो प्रतियों में उपलब्ध होगा डमी पंजीयन विद्यालय प्रधान को निर्देश दिया गया है कि वे डमी डमी रजिस्ट्रेशन कार्ड को डाउनलोड कर हस्ताक्षर व मुहर के साथ छात्रों को 2 प्रतियों में इसे उपलब्ध कराएं। वहीं विद्यार्थी विद्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गए डमी पंजीयन कार्ड को चेक कर वे आश्वस्त हो लें कि पंजीयन कार्ड में किसी तरह की त्रुटि तो नहीं है। अगर त्रुटि है तो ऑनलाइन सुधार के लिए शिक्षण संस्थान के प्रधान को वे आवेदन देंगें। वहीं शिक्षण संस्थान द्वारा समिति के पोर्टल पर 09 अगस्त तक त्रुटि सुधार को लेकर डाटा को अपलोड करना होगा। छात्र छात्रा के नाम, माता-पिता के नाम में परिवर्तन किसी भी हाल में नहीं किया जाएगा। बोर्ड के अनुसार से अगर भविष्य में किसी छात्र छात्रा की पूर्ण पहचान बदल जाने का मामला पाया जाता है तो, पंजीयन रद्द कर दिया जाएगा। ऐसे विद्यार्थी वार्षिक परीक्षा के लिए आवेदन पत्र नहीं भर सकेंगे। छात्र छात्रा के रजिस्ट्रेशन कार्ड में अंकित उनके नाम, माता-पिता के नाम में लघु स्पेलिंग, फोटो, जन्मतिथि, जाति, धर्म, राष्ट्रीयता, लिंग फोटो, हस्ताक्षर, विषय आदि से संबंधित त्रुटि का सुधार कराया जा सकता है।

## कार्यकर्ताओं की नाराजगी से हिला भाजपा संगठन

निज संवाददाता। बक्सर




बिहार विधानसभा चुनाव से पहले बक्सर की भाजपा इकाई गंभीर अंदरूनी कलह का सामना कर रही है। पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ता नेतृत्व से नाराज होकर पदों से इस्तीफा दे चुके हैं। वहीं, कई कार्यकर्ता सोशल मीडिया से लेकर सड़कों तक विरोध दर्ज करा रहे हैं।

**कार्यकर्ताओं के गंभीर आरोप**: भाजपा के कई युवा और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए पार्टी नेतृत्व पर तानाशाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि उन्होंने पार्टी के लिए संघर्ष किया, लाठियां खाईं, खून बहाया, लेकिन आज उन्हें उपेक्षित किया जा रहा है। कुछ कार्यकर्ताओं ने सार्वजनिक रूप से भी प्रदर्शन कर भाजपा नेताओं की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि जमीनी कार्यकर्ताओं की अनदेखी कर संगठन को कमजोर किया जा रहा है।

**'वार रूम' में असंतोष रखने की सलाहः** बढ़ते असंतोष को देखते हुए भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी ने सोशल मीडिया पर कार्यकर्ताओं से अपील की है कि अपनी नाराजगी फेसबुक या सड़कों पर नहीं, पार्टी के 'वार रूम' में रखें। उनका कहना है कि संगठन से जुड़े मामलों पर सार्वजनिक मंचों पर बहस से नुकसान हो सकता है।

**भाजपा जिलाध्यक्ष की सफाईः** भाजपा के जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश भुवन ने विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पार्टी में अनुशासन और तय एजेंडे के अनुसार कार्य होता है। उन्होंने कहा कि प्रभारी जैसे पद संगठनात्मक रूप से संवैधानिक नहीं हैं, और इसको लेकर कोई भ्रम नहीं फैलाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि योग्यता के आधार पर ही जिम्मेदारियां दी जाती हैं, किसी भी कार्यकर्ता को नजरअंदाज नहीं किया जा रहा।

**राजनीतिक विश्लेषकों की रायः** वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषक डॉ. एस.एन. सिंह ने कहा कि, "कार्यकर्ता ही किसी भी राजनीतिक दल की रीढ़ होते हैं। यदि यही असंतुष्ट हो जाएं, तो संगठन ढहने में देर नहीं लगती।" उन्होंने कांग्रेस का उदाहरण देते हुए कहा कि "राहुल गांधी जब तक कार्यकर्ताओं के बीच नहीं पहुंचे थे, पार्टी निष्क्रिय थी। भाजपा को भी अब संवाद की राह अपनानी चाहिए।"

**विधानसभा चुनाव पर पड़ेगा असरः** बक्सर भाजपा पिछले दस वर्षों से अपने गढ़ में विधानसभा चुनाव हार रही है। 2019 के बाद संसदीय सीट भी हाथ से निकल गई। राजनीतिक जानकार मानते हैं कि यदि पार्टी कार्यकर्ताओं की उपेक्षा और नाराजगी को गंभीरता से नहीं लेती, तो इसका सीधा असर 2025 के विधानसभा चुनाव पर पड़ेगा।

## 'उठ जा बेटा, देख मम्मी आ गई है'

- आरा में महिला होमगार्ड के बेटे ने की खुदकुशी, वर्दी में मां कभी सीपीआर देती, कभी हाथ-पैर रगड़ती

निज संवाददाता। आरा



आरा में एक मां अपने मृत बेटे को जिंदा करने के लिए कभी CPR देती, कभी मुंह से सांस देती। कभी उसके हाथ-पैर रगड़ती, कभी प्यार से सिर सहलाती...बेटे की मौत के बाद मां का ये इमोशनल वीडियो सामने आया है। दरअसल, महिला होमगार्ड के बेटे ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। आनन-फानन में परिजन अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी मिलते ही आरा DM ऑफिस से मां ड्यूटी छोड़कर भागते-भागते हॉस्पिटल पहुंची। डॉक्टर के जवाब देने के बाद भी वो खुद अपने बेटे को बचाने की कोशिश करने लगी। CPR देने लगी। मुंह से सांस देकर बार-बार कहती- उठ जा बेटा, देख तेरी मम्मी आ गई है। कभी उसके हाथों को मलती, तो कभी बहनों से पैर सहलाने के लिए बोलती रही । ये सब देखकर अस्पताल में मौजूद डॉक्टर, स्टाफ और मरीज के परिजनों की आंखें भर आईं। मां बार-बार बेटे का सिर सहलाती। उसके हाथ पकड़ती तो कभी पैर सहलाती। मां भगवती से प्रार्थना करती रही कि उसका बेटा वापस लौट आए। करीब घंटे भर तक होमगार्ड मां ये सब करती रही आखिर मे अपने मृत बेटे के शव को पकड़कर बेहोश हो गई।

**सुसाइड से एक घंटे पहले मां को किया था कॉलः** मृतक की पहचान मोहित राज (15) के तौर पर हुई है। मोहित की मां चांदनी कुमार आरा DM ऑफिस में तैनात हैं। बुधवार सुबह बेटे को नाश्ता कराकर स्कूल भेजा था। बेटे ने स्कूल जाने से पहले मां से कहा था, 'शाम को पार्क घूमने जाऊंगा।' इसके बाद चांदनी खुद ड्यूटी पर चली गई। खुदकुशी की जानकारी मिलते ही नवादा पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि फांसी लगाने से पहले मोहित ने किसी का कॉल किया था। उसके बाद वह छत वाले कमरे में जाकर फंदे से लटक गया। फिलहाल कॉल डिटेल्स की जांच की जा रही है। बुधवार को दोपहर करीब एक बजे के आसपास मोहित ने दो मंजिला मकान के कमरे में जाकर फांसी लगा ली। 12 बजे के आसपास चांदनी के पास फोन किया और पूछा कि मां खाना खा ली। उस समय तक सब कुछ ठीक था।

**इकलौता बेटा था मोहितः** मोहित राज (15) चांदनी का इकलौता बेटा था। चांदनी अपने पूरे परिवार के साथ अपने मायके नवादा थाना क्षेत्र के गोढ़ना रोड में रहती है। मोहित कुमार प्रताप इंटरनेशनल स्कूल में 9 क्लास में पढ़ता था, उसकी दो बहन है। मोहित कुमार मूलरूप से जगदीशपुर थाना क्षेत्र का रहने वाला था। इस घटना के बाद लोग हैरान हैं कि पढ़ाई में होनहार और शांत स्वभाव का मोहित ऐसा कदम कैसे उठा सकता है। परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। मां चांदनी बार-बार बेहोश हो जा रही हैं और पिता संतोष कुमार गुमसुम बैठे हैं। सदर अस्पताल के डॉक्टर के मुताबिक गले पर काला निशान था। हॉस्पिटल लाने से पहले हो मौत हो गई थी।

## मनुष्य को हमेशा ही सज्जनों के साथ रहना चाहिए

निज संवाददाता। बक्सर



रामरेखा घाट स्थित श्री रामेश्वर नाथ मंदिर परिसर में चल रही श्रीराम कथा में कथा व्यास पीठ से स्वामी प्रेमाचार्य पीतांबर जी महाराज ने बुधवार को कहा कि जीवन भर श्रीहरि की निष्काम भक्ति और नाम जप ही हमारा परम लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने भगवान श्रीराम की बाल लीलाओं और अहिल्या उद्धार का प्रसंग सुनाकर समुपस्थित श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। प्रभु श्रीराम का नाम लेने मात्र से ही मनुष्य धन्य हो जाता है। बचपन के संस्कार हमारे चरित्र निर्माण में अत्यन्त सहायक होते हैं। सनातन धर्म में कुल सोलह संस्कारों का उल्लेख है। अयोध्या में राजा दशरथ के चारों राजकुमारों राम, लक्ष्मण भरत, शत्रुघ्न की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए उन्होंने गोस्वामी तुलसीदास जी की लयबद्ध पंक्तियां दोहराई "ठुमकि चलति रामचंद्र बाजति पैजनियां, किलकि किलकि उठत धाय, गिरत भूमि लपटाय धाय मात गोद लेत, दशरथ की रानियां"। कथाक्रम में स्वामी जी ने एक रोचक प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि श्रीराम ने महर्षि विश्वामित्र का सानिध्य प्राप्त कर यज्ञ रक्षा करने के लिए अपने भाई लक्ष्मण के साथ पापी राक्षसों का वध कर मिथिला नगरी प्रस्थान करते समय पत्थर की अहिल्या का उद्धार किया। प्रेमाचार्य पीतांबर जी महाराज ने कहा कि भगवान श्रीराम ने बाल्यकाल में ही ताड़का का वध किया और ऋषि मुनियों को उनके आतंक से मुक्ति दिलाई। कथा के प्रमुख प्रसंग अहिल्या उद्धार का मार्मिक वर्णन करते हुए उन्होंने यह बात दोहराई कि अहिल्या, जिन्हें गौतम ऋषि के शाप के कारण पत्थर बनने का श्राप मिला था।श्रीराम के चरण स्पर्श से पुनः जीवित हो उठीं। अहिल्या उद्धार का यह प्रसंग यह बताता है कि भगवान राम न केवल धर्म के रक्षक थे, बल्कि करुणा के साकार रूप भी थे, जो हर पीड़ित और शापित आत्मा को मुक्ति प्रदान करते हैं। यही कारण है कि सच्चे मन से भगवान का नाम सुमिरन करने वाले पर संकट नहीं आता। भक्ति में रमने वाला हर समय धर्म का कार्य करता है। ऐसे भक्तों पर ईश्वर की कृपा होती है और उन्हें जन्म-जन्मांतर के पापों से मुक्ति मिल जाती है। भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपनाने से ही मानव का कल्याण संभव है। मनुष्य को हमेशा ही सज्जनों के सानिध्य में रहना चाहिए। अहिल्या, जिन्हें गौतम ऋषि के शाप के कारण पत्थर बनने का श्राप मिला था, श्रीराम के चरण स्पर्श से पुनः जीवित हो उठीं। बाल लीला के प्रसंग में उन्होंने बताया कि जब दशरथ नंदन श्रीराम का जन्म कौशल्या की कोख से हुआ तो अयोध्या नगरी में अद्वितीय आनंद और उल्लास का माहौल छा गया। अतिथियों का सैलाब अयोध्या की ओर उमड़ा। सभी देवता, यहां तक कि भोले भंडारी महादेव भी प्रभु श्रीराम के दर्शन के लिए अवध में आए। ब्रह्मा सहित सभी देवता भगवान श्रीराम का दर्शन कर स्तुति करने के बाद लौट गए। लेकिन भगवान शंकर प्रभु की बाल लीलाओं में ऐसे रम गए कि वे अयोध्या की गलियों में विभिन्न वेश धारण कर विचरण करने लगे। कभी राजा दशरथ के राजमहल में गायक बनकर तो कभी भिक्षु के रूप में भगवान के दर्शन करते। शंकरजी का अपने आराध्य के प्रति यह अद्वितीय प्रेम और समर्पण कथा के श्रोताओं के हृदय को छू गया। आगे चलकर राजा दशरथ अपने गुरु वशिष्ठ से चारों पुत्रों का नामकरण संस्कार करवाते हैं तथा श्रीराम सहित चारों भाई अपने गुरुजनों और माता-पिता का आशीर्वाद लेते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### जमशेदपुर में अतिक्रमण पर बड़ी कार्रवाई, सरकारी जमीन पर गरजा प्रशासन का बुलडोजर

**जमशेदपुर, एजेंसी।** परसुडीह थाना के सरजामदा सेंटर चौक से सटे एक एकड़ सरकारी भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर निर्माण किया गया था। बुधवार को अंचल निरीक्षक बलवंत सिंह के नेतृत्व में पहुंची पुलिस बल ने अवैध निर्माण को जेसीबी की मदद से जमींदोज कर दिया। अतिक्रमण हटाने के दौरान कुछ लोगों की ओर से भारी विरोध किया गया। करीब आधे घंटे तक चले विरोध के बाद भारी संख्या में पहुंची पुलिस बल ने निर्माण को ध्वस्त कर दिया। विरोध कर रहे सरजामदा निवासी सूरज महतो, संटू महतो एवं जानकी देवी पर अंचल अधिकारी के लिखित ब्यान पर मामला दर्ज कर लिया गया है।अंचल निरीक्षक ने बताया कि सरजामदा मौजा के खाता नंबर 479, प्लाट नंबर 1255 रकबा करीब एक एकड़ सरकारी भूमि से पूर्व में अतिक्रमण हटाया गया था। इसके बावजूद कुछ लोग हाल में उक्त भूमि पर झोपड़ी का निर्माण कर रह रहे थे।उक्त प्लाट पर पक्का निर्माण के लिए गिट्टी और बालू गिराया गया था। सूचना मिलते ही अंचल की टीम परसुडीह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और अवैध निर्माण को जमींदोज कर दिया। इस दौरान हो-हंगामा कर रहे दो पुरुष और एक महिला के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। उन्होंने कहा कि अंचल अधिकारी के निर्देश पर अतिक्रमण हटाने को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। परसुडीह, सरजामदा, गोविंदपुर से लेकर सुंदरनगर क्षेत्र में भू-माफिया सरकारी जमीन को हथियाने में लगे हुए है। सूचना मिलते की अंचल की ओर से उक्त भूमि को अतिक्रमण मुक्त कर सरकारी बोर्ड लगाया जा रहा है। उन्होंने आम जनता से सरकारी भूमि पर अतिक्रमण ना करने की अपील की है।

### अब घर से पार्सल लेने आएगा डाकिया, मेल करके भी उठा सकते हैं सुविधा का लाभ

**जमशेदपुर, एजेंसी।** अब डाकिया सिर्फ चिट्ठियां या पार्सल पहुंचाने नहीं बल्कि आपके घर से पार्सल लेने भी आएगा। जमशेदपुर के बिष्टुपुर स्थित प्रधान डाकघर में इंडिया पोस्ट की नई सेवा शुरू की गई है, जिसमें लोग घर बैठे पार्सल भेज सकेंगे। इसके लिए ग्राहक डाकघर की वेबसाइट के जरिए मेल कर सकते हैं या सीधे प्रधान डाकघर जाकर संपर्क कर सकते हैं। पार्सल कलेक्शन की जिम्मेदारी डाकघर के दो कर्मचारियों को सौंपी गई है, जिनमें एक निशांत कुमार शामिल हैं। डाकघर अब पारंपरिक ढांचे से निकलकर एक मल्टी-सर्विस हब बन गया है। न सिर्फ खत भेजना या मंगवाना, बल्कि अब खाता खोलना, सामान मंगवाना और धार्मिक वस्तुएं खरीदना भी संभव है। यह सेवा सीधे लोगों के घर तक पहुंच रही है और रोजमर्रा की जरूरतों का अहम हिस्सा बन रही है।सावन के मौके पर डाक विभाग की एक और अनोखी पहल सामने आई है। शहर के प्रमुख शिव मंदिरों जैसे देवड़ी मंदिर (नेशनल हाईवे), दलमा पहाड़ शिव मंदिर और जोइदा मंदिर के बाहर अब गंगाजल की बिक्री की जा रही है। 250 ग्राम के गंगाजल पैक की कीमत 30 रुपये रखी गई है। बीते 25 दिनों में लगभग 1,000 डिब्बे गंगाजल बेचे जा चुके हैं। यह सेवा श्रद्धालुओं को न केवल सुविधा देती है, बल्कि डाक विभाग की बढ़ती पहुंच का प्रतीक भी है। रक्षाबंधन को लेकर डाकघर में तैयारियां जोरों पर हैं। बिष्टुपुर प्रधान डाकघर में राखी भेजने वालों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए विशेष काउंटर खोले गए हैं। इतना ही नहीं, ग्राहकों की सुविधा के लिए रविवार को भी डाकघर खुला रहेगा ताकि राखियां समय से अपने गंतव्य तक पहुंच सकें।

### एसीबी ने घूस लेते रोजगार सेवक को दबोचा, मनरेगा लाभुक से ले रहा था रिश्वत

**मनिका (लातेहार), एजेंसी।** मनिका प्रखंड अंतर्गत चान्हो व बरवाइया पंचायत में कार्यरत रोजगार सेवक चंदन कुमार को एसीबी ने गिरफ्तार कर लिया है। पलामू एसीबी की टीम ने चंदन कुमार रोजगार सेवक को पांच हजार रपये रिश्वत लेते उनके आवास से रंगे हाथों दबोच लिया है। सुकर शेड का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद राशि निकासी के लिए उसने मनरेगा लाभुक से पांच हजार रुपये की मांग की थी। लाभुक ने एसीबी टीम को पूरे मामले की जानकारी दी। इसके बाद एसीबी टीम त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंची। जैसे ही लाभुक से उसने घूस की राशि ली, टीम ने उसे रंगे हाथ पकड़ लिया। टीम उसे गिरफ्तार कर अपने साथ पलामू ले गई है। एसीबी की इस कार्रवाई से भ्रष्ट कर्मियों में दहशत बना है। लोग उसके बारे में तरह-तरह की चर्चा कर रहे हैं। बरवाडीह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी भरत राम के निर्देश पर गठित टीम ने कार्रवाई करते हुए कल्याणपुर निवासी सरिता देवी की शिकायत पर जमीन की रसीद कटवाने और उत्तराधिकार प्रमाण पत्र समेत अन्य कार्यों के नाम पर 22 लाख रुपये की ठगी करने के आरोपित अभिमन्यु कुमार उर्फ रवि पासवान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी राजन अधिकारी ने बताया कि पीड़िता द्वारा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई थी। इसे लेकर अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए आरोपित की गिरफ्तारी की गई है।

# रांची अपहरण कांड : तीन दिन पहले की थी रेकी

## कार में लगाई थी स्कूटी की नंबर प्लेट; जिम ट्रेनर है मुख्य आरोपी

**रांची/रामगढ़, एजेंसी।** रांची में बिशप वेस्टकाट स्कूल की पांचवीं कक्षा की एक छात्रा का बुधवार को पांच नकाबपोश अपराधियों ने सिरमटोली फ्लाईओवर के पास से अपहरण कर लिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद तत्परता दिखाते हुए दो घंटे के भीतर ही छात्रा को रामगढ़ पुलिस के सहयोग से कुजू में बरामद कर लिया गया। वहीं, शाम होते-होते घटना में शामिल छह अपहर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया। लड़की के पिता का रांची में फल का व्यवसाय है। वहीं, अपहरण का मुख्य आरोपित रुद्रांशु विश्वकर्मा एक जिम ट्रेनर है।



बताया जाता है कि उसने कई जगह से कर्ज ले रखा था और इस रकम को चुकाने के लिए अपने दोस्तों के साथ मिलकर छात्रा का अपहरण करने और उसके परिवार वालों से फिरौती वसूलने की साजिश रची।

अपहरण के दौरान उसके साथी ऋषभ बर्मन ने मौके पर फायरिंग भी की थी। पुलिस ने अपहरण में प्रयुक्त कार के साथ ही अपराधियों के पास से देसी पिस्टल, कट्टा, दो गोलियां, एक खोखा, दो स्मार्टफोन और 5200 रुपये नकद बरामद किए हैं। बुधवार सुबह करीब 8.30 बजे कर्बला चौक निवासी फल कारोबारी की पुत्री टोटो से स्कूल जा रही थी। इसी क्रम में सिरमटोली फ्लाईओवर के पास कार पर सवार नकाबपोश अपराधियों ने टोटो को टक्कर मारते हुए नाबालिग छात्रा को हथियार दिखाकर जबरन कार में बैठाया और रामगढ़ की ओर भाग निकले। इस दौरान अपराधियों के दो सहयोगी भी बुलेट से साथ-साथ चल रहे थे। मौके पर दहशत फैलाने के लिए अपराधियों ने फायरिंग भी की। लड़की की बरामदगी में रांची के एसएसपी चंदन सिन्हा की तत्परता और मांडू थाना प्रभारी सदानंद की बहादुरी देखने को मिली। रांची के एसएसपी चंदन सिन्हा ने बताया कि अपहरण की सूचना मिलने के बाद पूरा पुलिस महकमा हाई अलर्ट मोड में आ गया।

रांची के सभी थानों में नाकेबंदी कर दी गई साथ ही पड़ोसी जिलों की पुलिस को भी सूचित कर उन्हें अलर्ट किया गया। सुबह 8.30 बजे लड़की का अपहरण होने के कुछ ही देर बाद पुलिस को रांची से अपहृत लड़की को कार में बिठाकर अपहर्ताओं के रामगढ़ की ओर भागने की जानकारी मिल चुकी थी।

रांची से मिले इनपुट पर रामगढ़ के एसपी अजय कुमार ने भी तत्काल सभी थानों में नाकेबंदी करा दी। इस बीच मांडू थाना प्रभारी सदानंद कुमार ने पूर्वाह्न लगभग साढ़े नौ बजे उक्त कार को तेज रफ्तार से आते देखा। पुलिस व बैरियर को देख अपहर्ताओं ने यू टर्न लेते कार भगाने की कोशिश की।इसके बाद थाना प्रभारी अपहर्ताओं का पीछा करने लगे। कुजू में हेसागढ़ा पुल के पास अपहर्ताओं की कार और पुलिस की जीप एक-दूसरे के समानांतर आ गई। थाना प्रभारी सदानंद कुमार ने चलती गाड़ी से ही पिस्टल तानकर अपराधियों को रुकने की चेतावनी दी।चालक ने रुकने का इशारा किया लेकिन फिर भागने लगे। पुलिस वाहन भी उनके पीछे लगा रहा। अपहर्ता श्रीराम चौक कुजू से केबी गेट कॉलोनी मार्ग होकर भागने लगे।

यहां खुद को पुलिस से घिरता देख बैंक आफ बड़ौदा शाखा के समीप बदमाशों ने चलती कार से छात्रा को धक्का देकर नीचे गिरा दिया और तेज गति से कुजू चौक की ओर फरार हो गए। यहां छात्रा को बरामद कर पुलिस कुजू ओपी पहुंची।इसके बाद पुलिस टीम सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपहर्ताओं की तलाश में जुटी रही। पुलिस ने गोला-सिकिदरी मार्ग पर घेराबंदी कर कार सहित चार अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उनके दो अन्य सहयोगियों को भी रांची में गिरफ्तार कर लिया गया। रांची के एसएसपी ने बताया कि छात्रा रांची के निवारणपुर में पेंटिंग क्लास में जाती थी, जहां रूद्रांशु विश्वकर्मा भी जाता था। रूद्रांशु को पता था कि छात्रा के पिता आफताब आलम एक फल व्यवसायी हैं और उनके पास पैसे हैं।अपहरण के बाद अपराधी छात्रा के पिता से 10 से 20 लाख रुपये की फिरौती मांगने की योजना बना रहे थे। वारदात को अंजाम देने के लिए अपराधियों ने किराये पर हुंडई आई 10 कार ( जेएच 01 एफपी- 8837) ली थी। इसके बाद पुलिस को चकमा देने के लिए वाहन के नंबर प्लेट पर स्कूटी का नंबर (जेएच01एफयू-6874) लिखवा दिया था।

अपराधियों ने तीन दिन पहले ही रेकी कर छात्रा के रूट और उसकी दिनचर्या की जानकारी जुटा ली थी। उन्होंने पता लगा लिया था कि छात्रा किस वाहन में कितने बच्चों के साथ स्कूल जाती है।इस जानकारी के आधार पर उन्होंने अपहरण की योजना बनाई और उसे अंजाम दिया। रांची पुलिस उस व्यक्ति को भी गोपनीय रूप से सम्मानित करेगी जिसने घटना के वक्त अपराधियों के द्वारा उपयोग की गई गाड़ी का नंबर नोट कर पुलिस को बताया था।

एसएसपी चंदन सिन्हा ने बताया कि अपहरण मामले में चार मुख्य आरोपितों समेत दो सहयोगियों की गिरफ्तारी हुई है।

## छोटे गांव से बड़ी उड़ान, गिरिडीह के अभिषेक नयन ने जेपीएससी में हासिल की 25वीं रैंक

**गिरिडीह, एजेंसी।** गिरिडीह जिले के अभिषेक नयन ने जेपीएससी परीक्षा में 25वीं रैंक प्राप्त कर गांव महेशियादिघी और देवरी प्रखंड का नाम रोशन किया है। उनकी सफलता युवाओं के लिए प्रेरणा है और यह दिखाती है कि मेहनत और संकल्प से कोई भी लक्ष्य संभव है।

स्ह्वष्द्धह्यद्ध स्ह्लश्रह्म4ञ् मेहनत, लगन और आत्मविश्वास से कोई भी मुकाम पाया जा सकता है। इस बात को सच कर दिखाया है ग्राम महेशियादिघी निवासी अभिषेक नयन उर्फ बिट्टू ने। झारखंड लोक सेवा आयोग की परीक्षा 2025 में 25वीं रैंक हासिल कर उन्होंने कोसोगोंदोदिघी पंचायत, देवरी प्रखंड और गिरिडीह जिला का नाम पूरे राज्य में रौशन किया है। अभिषेक नयन के पिता श्री मुन्ना औझा एक साधारण ग्रामीण परिवेश से आते हैं। बेटे की इस उपलब्धि से न सिर्फ परिवार, बल्कि पूरे गांव में खुशी की लहर दौड़ गई है। लोग एक-दूसरे को मिठाइयाँ खिला रहे हैं और हर ओर बधाइयों का दौर चल रहा है।

अभिषेक की सफलता के पीछे वर्षों की मेहनत और समर्पण है। उन्होंने स्कूली शिक्षा के बाद ही सिविल सेवा की तैयारी शुरू कर दी थी। सीमित संसाधनों के बीच भी उन्होंने हार नहीं मानी और लगातार खुद को निखारते रहे। अभिषेक का मानना है कि संघर्ष की राह आसान नहीं होती, लेकिन नियत सही हो तो मंज़िल जरूर मिलती है।

महेशियादिघी गांव में इस सफलता को लेकर उत्सव जैसा माहौल है। गांव के बुजुर्गों से लेकर बच्चों तक, हर कोई अभिषेक की सफलता को अपनी उपलब्धि मान रहा है। पंचायत प्रतिनिधियों और शिक्षकों ने भी उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

जिले में बादलों के आने का दौर जारी है। इसके मजबूत होने पर बारिश होती रही है। मंगलवार की सुबह से ही आसमान में बादल रहे है। इसके बाद कहीं हल्की, तो कहीं झमाझम बारिश हुई। मौसम विभाग की माने, तो सोमवार की दोपहर एक बजे से मंगलवार की दोपहर एक बजे तक राज्य में सबसे अधिक बारिश पूर्वी टुंडी में रिकॉर्ड की गयी है। यहां पर 174 एमएम बारिश हुई है। करमाटांड़ में 148।6 एमएम बारिश, टुंडी में 140 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गयी है। मैथन में 82।4 एमएम, गोविंदपुर में 74।4, केलियासोल में 45।2, सिंदरी में 22।5, पुटकी में 20 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गयी है।

## 108 एंबुलेंस कर्मियों की हड़ताल समाप्त, इन चार सूत्री मांगों पर बनी सहमति

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में तीन दिनों से जारी 108 एंबुलेंस चालकों की हड़ताल समाप्त हो गयी है। झारखंड प्रदेश एंबुलेंस कर्मचारी संघ ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ हुई वार्ता के बाद हड़ताल वापस लेने की घोषणा की है। गुरुवार से सभी कर्मचारी पुनः ड्यूटी पर लौट जाएंगे।



बुधवार को स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह के साथ हुई बैठक में स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ झारखंड स्टेट हेल्थ सोसाइटी के एमडी शशि प्रकाश झा, झारखंड मेडिकल एंड हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के एमडी अबु इमरान, परिवहन विभाग के संयुक्त आयुक्त डॉ प्रवीण प्रकाश एवं 108, 104 और एनजीओ के स्टेट नोडल पदाधिकारी डॉ पंकज कुमार सिन्हा की उपस्थिति में कई बिंदुओं पर सहमति बनने के बाद एंबुलेंस कर्मियों ने हड़ताल समाप्त करने की घोषणा की। संघ के अध्यक्ष नीरज तिवारी ने बताया कि बैठक में कर्मचारी संघ की चार सूत्री मांगों पर विस्तार से चर्चा हुई, जिनमें कुशल श्रमिक के अनुरूप मानदेय देने, अगस्त माह से ईपीएफ लागू करने और ओवरटाइम का नियमानुसार भुगतान शामिल था। इन मांगों पर सरकार की ओर से सकारात्मक पहल की शुरुआत कर दी गयी है।

अपर मुख्य सचिव ने कर्मचारियों को कुशल श्रमिक की श्रेणी के मानदेय व ओवरटाइम भुगतान का निर्देश दिया है। वहीं, अगस्त महीने से ईपीएफ लाभ सुनिश्चित करने तथा 15 हजार से अधिक की राशि पर कर्मियों से कंसेंट लेटर लेने का निर्देश दिया गया। सितंबर माह से ईपीएफ कटौती के साथ वेतन भुगतान करने को कहा गया।

बैठक में यह भी सहमति बनीं कि जिन कर्मियों को हड़ताल अवधि में हटाया गया था, उन्हें भी पुनः बहाल कर दिया जाएगा। सभी 108 एम्बुलेंस ड्राइवरों को अपने लाइसेंस और ईएमटी कर्मियों को अपने प्रमाण पत्र व्हाट्सएप ग्रुप में अपलोड करने का निर्देश दिया गया है।अपर मुख्य सचिव ने बैठक के दौरान यह भी स्पष्ट किया कि कर्मचारी अनुशासन बनाए रखें। अनुशासनहीनता पर कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी। बैठक के बाद 108 एम्बुलेंस कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों ने भरोसा जताया कि जिन मुद्दों पर आज सहमति बनीं है, उसपर तत्काल विभाग आगे बढ़ेगा।

## 40 बैंक खातों पर एफआईआर, साइबर ठगी में थे शामिल

**रांची, एजेंसी।** झारखंड सीआईडी के साइबर क्राइम ब्रांच ने साइबर अपराधियों से जुड़े बैंक खातों को लेकर बड़ी कार्रवाई की है। सीआईडी के साइबर क्राइम ब्रांच के द्वारा 40 ऐसे बैंक खातों के धारकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है जिनके खातों में साइबर ठगी के 10 लाख या उससे अधिक रुपए ट्रांसफर किए गए थे।

साइबर अपराधियों के खिलाफ झारखंड पुलिस का वार लगातार जारी है। इसी क्रम में साइबर अपराधियों के खिलाफ झारखंड पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। सीआईडी की साइबर क्राइम थाना रांची की थाना प्रभारी डीएसपी नेहा बाला ने अपने स्व-बयान के आधार पर 40 ऐसे बैंक खातों के धारकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है, जिनमें साइबर ठगी के 10 लाख या उससे अधिक की रकम का ट्रांजेक्शन किया गया। एफआईआर साइबर क्राइम थाना में केस संख्या 89/25 के रूप में दर्ज की गई है।

आपको बता दें कि झारखंड में 10 लाख और उससे अधिक की साइबर ठगी की जांच सीआईडी के साइबर क्राइम ब्रांच के द्वारा की जाती है। इन मामलों में प्रारंभिक शिकायतें भारत सरकार के गृह मंत्रालय के नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर दर्ज की जाती हैं। धोखाधड़ी की रकम को सिटिजन फाइनेंशियल साइबर फ्रॉड रिपोर्टिंग एंड मैनेजमेंट सिस्टम (सीएफसीएफआरएमएस) के माध्यम से फ्रीज किया जाता है। इसके साथ ही गृह मंत्रालय के समन्वय पोर्टल का उपयोग साइबर अपराधियों की प्रोफाइलिंग, नोटिस भेजने, नाम-पते का सत्यापन और म्यूल अकाउंट/लाभार्थी खातों के डेटा संकलन के लिए किया जाता है।

डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर डीएसपी नेहा बाला ने एनसीआरपी और समन्वय पोर्टल के एकीकृत उपयोग से झारखंड के उन बैंक खातों (लाभार्थी खातों) का विश्लेषण किया, जिनमें साइबर ठगी की बड़ी राशि प्राप्त हुई थी। इस गहन विश्लेषण से 40 ऐसे बैंक खातों की पहचान हुई, जिनमें एक बार में 10 लाख या उससे अधिक की राशि प्राप्त हुई थी।

इन खातों में बैंक ऑफ बड़ौदा, आईडीबीआई बैंक, पंजाब एंड सिंध बैंक, यूको बैंक, इंडसइंड बैंक, जम्मू एंड कश्मीर बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, आईडीएफसी बैंक, फेडरल बैंक, बंधन बैंक, फिनो पेमेंट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, एचडीएफसी बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया और एक्सिस बैंक के खाते शामिल हैं। इस तरह से 40 खताधारिओ के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। भारतीय न्याय संहिता (बीनएस) की धारा 318(2), 318(3), 318(4), 319(2), 336(2), 336(3), 338, 340(2), 61(2) और आईटी एक्ट की धारा 66(बी), 66(सी), 66(डी) के तहत सभी 40 बैंक खाताधारकों को आरोपित किया गया है।

डीएसपी नेहा बाला ने अपने बयान में दावा किया है कि ये बैंक खाताधारक न केवल साइबर ठगी की घटनाओं के प्रारंभिक तौर पर शामिल हैं, बल्कि ठगी की रकम के लाभार्थी और साइबर ठगी गिरोह के पैसों की लाउंड्रिंग में भी शामिल हैं।

## विधायिका के सवालों का जवाब देने में लापरवाह बनी कार्यपालिका, संसदीय कार्यमंत्री ने जताई नाराजगी

**रांची, एजेंसी।** राज्य में भले ही गुड गवर्नेंस की बात कही जा रही हो, लेकिन हकीकत यह है कि विधायिका की बातों को कार्यपालिका तरजीह ही नहीं दे रही है। यह बातें झारखंड विधानसभा में आए बजट सत्र के दौरान सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा सवालों का उत्तर नहीं मिलने की वजह से लंबित सूची को देखने से साबित होता है।



आंकड़ों पर नजर डालें तो पिछले बजट सत्र के दौरान शून्य काल में 391 सवाल आए, जिसका उत्तर विगत चार महीने में मात्र 31 प्राप्त हुए हैं। इस तरह से 360 प्रश्न शून्य काल में लंबित हैं। इसी तरह से आश्वासन समिति के जरिए 1371 आश्वासन आए, जिसमें सभी के सभी लंबित पड़े हैं। निवेदन के जरिए आए सवालों की बात करें तो पिछले सत्र में कुल 135 सवाल आए थे, जिसमें से 9 के उत्तर प्राप्त हुए हैं और 126 आज भी लंबित पड़े हुए हैं। ध्यानाकर्षण के जरिए आए 5 सवालों का जवाब आज तक विधानसभा सचिवालय को नहीं प्राप्त हुए हैं।

सैकड़ों की संख्या में उत्तर लंबित होने पर संसदीय कार्यमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने चिंता जताते हुए इसे कार्यपालिका की शिथिलता और लापरवाही बताया है।

उन्होंने कहा है कि लोकतंत्र की गरिमा बनाकर रखनी है तो कार्यपालिका का अपेक्षित सहयोग जरूरी है। वह अगर सहयोग नहीं करेंगे, तो लक्ष्य की प्राप्ति करने में हम असफल रहेंगे और लोकतंत्र कमजोर होगा। उन्होंने कहा कि जब विधानसभा का सत्र चलता है तो जनता की नजर रहती है अपने जनप्रतिनिधियों पर, अपनी सरकार पर और विधानसभा पर। जनता को यह भरोसा रहता है कि यहां से हमारी समस्याओं का निराकरण होगा, लेकिन इस तरह से यदि उत्तर प्राप्त न हो और सैकड़ों की संख्या में लंबित हो तो यह कार्यपालिका की शिथिलता और लापरवाही है।

# डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर भाजपा ने आयोजित किया स्टार्टअप यूथ अवार्ड 2.0 और विचार गोष्ठी

**रांची, एजेंसी।** भारत रत्न और पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रांची के हरमू स्थित स्वागतम बैंकट हॉल में स्टार्टअप यूथ अवार्ड 2.0 और विचार गोष्ठी का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में भाजपा के दिग्गज नेताओं और कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया और डॉ. कलाम के योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में मौजूद नेताओं ने उनके जीवन और विचारों से प्रेरणा लेने की अपील की, साथ ही केंद्र सरकार की उपलब्धियों को भी रेखांकित किया।

कार्यक्रम की प्रभारी जफरिन महजबी ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम लाखों अल्पसंख्यक मुस्लिम युवाओं के लिए एक पहचान बन गए। उन्होंने अपना पूरा जीवन देश की सेवा में समर्पित कर दिया। जफरिन ने कहा, भाजपा उनकी पुण्यतिथि पर स्टार्टअप यूथ अवार्ड 2.0 का आयोजन कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे रही है। डॉ. कलाम ने अपनी कड़ी मेहनत और असाधारण क्षमता से दुनिया को दिखाया कि भारत किसी भी क्षेत्र में किसी से कम नहीं है। हर भारतीय को उनके जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत है।

उन्होंने आगे कहा, राष्ट्र सर्वोपरि है और राष्ट्रभक्ति उससे भी ऊपर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने देश के दुश्मनों को करारा जवाब दिया है और भारत को वैश्विक मंच पर मजबूत किया है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. कलाम जैसे महान व्यक्तित्व के दम पर ही भारत की क्षमता को पूरी दुनिया ने स्वीकार किया है। उन्होंने कहा, आज पूरा देश डॉ. कलाम को कोटि-कोटि नमन करता है। स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने उनकी प्रतिभा को पहचाना और उन्हें देश का राष्ट्रपति बनाकर सम्मानित किया। डॉ. कलाम ने भारत को एक शक्तिशाली राष्ट्र बनाने में अपना अमूल्य योगदान दिया।



मरांडी ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने अपने दुश्मनों को धूल चटाई है। यह सरकार देश को नई ऊंचाइयों पर ले जा रही है, और डॉ. कलाम का सपना साकार हो रहा है।

प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. रविंद्र कुमार राय ने डॉ. कलाम के सादगी भरे जीवन को उनकी सबसे बड़ी ताकत बताया। उन्होंने कहा, इतने बड़े वैज्ञानिक होने के बावजूद डॉ. कलाम का स्वभाव बेहद सरल था। उन्होंने अपना जीवन शिक्षा, किताबों, और देश की सेवा में समर्पित किया। उनके जैसे लोग देश में रहेंगे तो कोई भी भारत की ओर आंख उठाकर देखने की हिम्मत नहीं करेगा।

डॉ. राय ने युवाओं से अपील की कि वे डॉ. कलाम के जीवन से प्रेरणा लें और शिक्षा को अपने जीवन का आधार बनाएं। उन्होंने कहा कि उनकी सादगी और समर्पण हर भारतीय के लिए एक मिसाल है। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने अपने संबोधन में अल्पसंख्यक समाज के युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा, आज हर अल्पसंख्यक युवा डॉ. कलाम बन सकता है। शिक्षा किसी भी समाज के लिए सबसे महत्वपूर्ण है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार अल्पसंख्यक समाज के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। शिक्षा के क्षेत्र में अल्पसंख्यक समुदाय के लोग तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने अल्पसंख्यक समुदाय के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं, जिनका लाभ समाज के हर वर्ग को मिल रहा है। शिक्षा और कौशल विकास के जरिए युवा देश के विकास में योगदान दे रहे हैं।कार्यक्रम में भाजपा के कई प्रमुख नेता शामिल थे, जिनमें प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, प्रवक्ता राफिया नाज, मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनवर हयात, मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कमल खान, और काजिम कुरैशी प्रमुख थे। इन नेताओं ने भी डॉ. कलाम के योगदान को याद किया और उनके विचारों को अपनाने की अपील की।इस अवसर पर आयोजित स्टार्टअप यूथ अवार्ड 2.0 का उद्देश्य युवाओं को नवाचार और उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित करना था। यह आयोजन डॉ. कलाम के उस दृष्टिकोण को साकार करता है, जिसमें उन्होंने युवाओं को देश के विकास का आधार माना था। इस कार्यक्रम में युवा उद्यमियों को सम्मानित किया गया और उनके स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन देने के लिए विचार-विमर्श किया गया।डॉ. कलाम ने हमेशा युवाओं को सपने देखने और उन्हें साकार करने के लिए मेहनत करने की सलाह दी थी। उनके इस विचार को ध्यान में रखते हुए, स्टार्टअप यूथ अवार्ड 2.0 का आयोजन न केवल उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि है, बल्कि युवाओं को उनके सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित करने का एक प्रयास भी है।डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम को भारत के मिसाइल मैन के रूप में जाना जाता है। उन्होंने भारत के अंतरिक्ष और रक्षा कार्यक्रमों को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। उनके नेतृत्व में भारत ने अग्नि और पृथ्वी जैसी मिसाइलों का विकास किया, जिसने देश की रक्षा क्षमता को मजबूत किया। राष्ट्रपति के रूप में, उन्होंने जनता के बीच अपनी सादगी और प्रेरणादायक व्यक्तित्व के कारण जनता का राष्ट्रपति का खिताब हासिल किया।

## संक्षिप्त समाचार

### गांवों में मची है खलबली, हाथ नहीं लगा सियार

**शिवगढ़ (रायबरेली) , एजेंसी।** सियार के हमले के बाद ब्लॉक क्षेत्र में ग्रामीणों में दहशत कम नहीं हो रही। लोग बच्चों को अकेले घर से नहीं निकलने दे रहे हैं। वहीं मंगलवार की रात और बुधवार को वन विभाग की टीम ने गांव में दस्तक दी लेकिन एक भी सियार हाथ नहीं लगा। वन विभाग का दावा है कि सियार जंगल और खेतों में चले गए हैं। उन पर नजर रखी जा रही है। ग्रामीणों को भी सतर्कता बरतने के लिए कहा गया है।

ओसाह, नयापुरवा, पाराखुर्द, तौली समेत अन्य गांवों में सियारों के हमले से लोगों में दहशत है। पांच दिन पहले ओसाह गांव के मनीष कुमार, नया पुरवा मजरे तौली के लवलेश, पाराखुर्द गांव की कनक दीक्षित, देवेश मौर्य पर सियार ने हमला कर दिया था। इसके बाद से ग्रामीणों में दहशत है।

यहां हालात ये हैं कि लोगों को घरों से निकलने में डर लग रहा है। ग्रामीण रामनिवास, रतनदीप, अविनाश ने बताया कि जब से सियारों ने हमला किया, तब से बच्चों को अकेले घर से बाहर नहीं जाने दिया जा रहा है। लोग भी लाठी-डंडा लेकर बाहर निकलने को मजबूर हैं। वन क्षेत्राधिकारी नावेद सिद्दीकी ने बताया कि चार टीमें गठित की गई है। दिन-रात गांवों में पहरेदारी कर रहे हैं। ग्रामीणों को भी सतर्क रहने के लिए कहा गया है।

### तीन भाइयों के घरों से लाखों के जेवर और नकदी चोरी

**सहारनपुर , एजेंसी।** नगर में मंगलवार रात चोरों ने तीन भाइयों के घरों से एक लाख रुपये की नकदी और करीब चार लाख रुपये के जेवर चोरी कर लिए गए। अन्य कीमती सामान भी चोरी हुआ है। चोरी का पता तब चला। इसके बाद मोहल्लेवासियों ने चोरों की तलाश में कांबिंग की, लेकिन चोरों का पता नहीं चला।

नगर के मोहल्ला शेखजादगान स्थित पैठ चौक निवासी ब्रिजेश पाल व उसके भाईयों मुनेश तथा प्रयास के मकान बगल-बगल स्थित हैं। बीती रात बिजली नहीं आने के कारण तथा इन्वर्टर डाउन होने पर ब्रिजेश पाल व उसके भाईयों के परिवार मकान की छत पर सो रहे थे। रात में करीब तीन बजे ऊपर सो रही एक महिला नीचे कमरे में किसी काम से आई। अंदर का नजारा देखकर वह दंग रह गई। कमरे में रखी अलमारी के दरवाजे खुले मिले। घर का सामान इधर उधर बिखरा था। महिला के शोर मचाने पर घर के सभी सदस्य नीचे आकर अपने-अपने कमरों में गए तो सभी कमरों में सामान बिखरा हुआ मिला। जांच करने पर पाया कि तीनों घरों से चोर बक्सों में रखे चार लाख रुपये मूल्य के जेवरात, अलमारी में धान बेचकर रखे एक लाख रुपये की नकदी सहित अन्य घरेलू सामान ले गए।

चोरी की घटना की जानकारी मिलते ही कॉलोनीवासी हाथों में लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंच गए और पुलिस के साथ मिलकर आस पास चोरों की तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। पीड़ित ब्रिजेश पाल ने थाने पर तहरीर दी है। चोरी की घटना को लेकर मोहल्लेवासियों में रोष है। उन्होंने पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है। मोहल्लेवासियों का कहना है कि चोरों ने बिजली कट के दौरान चोरी की घटना को अंजाम दिया है। उनका कहना है कि लगातार बिजली कटौती भी चोरों की आमद की वजह बनी है।

### छात्रा की मौत के बाद सड़क जाम कर किया प्रदर्शन

**बाराबंकी , एजेंसी।** थाना क्षेत्र के पनिहल गांव की निवासी बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा की लखनऊ के डॉ. राम मनोहर लोहिया चिकित्सालय में इलाज दौरान मौत हो गई। मौत की खबर गांव पहुंचने पर परिजन व ग्रामीण आक्रोशित हो गए। नाराज लोगों ने हैदरगढ-बाराबंकी मार्ग पर मेंहदीपुर हरख में सड़क पर जाम लगाकर दोषियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। पुलिस ने आरोपी दोनों सगे भाईयों पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर शीघ्र उनकी गिरफ्तारी का भरोसा दिला कर विरोध प्रदर्शन खत्म कराया। मृतका की मां ने मंगलवार को जैदपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया था कि गांव निवासी दो भाईयों अभिषेक व अमन वर्मा ने उनकी पुत्री के कुछ आपत्तिजनक वीडियो बना लिए थे, जिन्हें वायरल करने की धमकी देकर उससे पैसे व जेवरात भी ले लिए थे।

# हर ओर पानी: आगरा में चंबल खतरे के निशान के पार, कई गांव में भरा पानी...डूब गए मकान



**आगरा , एजेंसी।** पिनाहट घाट पर खतरे के निशान 130 मीटर को पार करते हुए चंबल का स्तर गुरुवार सुबह तक 133 मीटर तक पहुंच गया। चंबल में बाढ़ को देखते हुए नदी किनारे बसे गांव के लोगों ने अब अपने पशुओं के साथ सुरक्षित स्थानों पर जाना शुरू कर दिया है। लगातार चंबल में बढ़ रहे जलस्तर को लेकर प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। बाढ़ चौकियों पर लेखपाल और कानूनगो की ड्यूटियां लगाई है। रात में तैनात रहने के लिए आदेश दिए गए हैं। 2019 और 2022 में चंबल नदी में आई भयंकर बाढ़ के चलते चंबल किनारे बसे गांव में समस्या उत्पन्न हो गई थी। वहीं, बाढ़ से सब कुछ तबाह हो गया था। फसलें पूरी तरह से नष्ट हो गई थीं। वहीं, इस वर्ष एक बार फिर चंबल नदी में बाढ़ के चलते ग्रामीणों की फसल पूरी तरह से चौपट हो गई है। बीहड़ी इलाके में पानी भर गया है। गांव कछियारा, डंगोरा, रेहा, बीच का पुरा, ऊपरी पुरा, उमरैठापुरा, भगवानपुरा, झरनापुरा, केंजरा, गोहरा ,भटपुरा, रानीपुरा आदि गांव के ग्रामीण रात जागकर काट रहे हैं। वहीं, प्रशासन की ओर से चंबल क्षेत्र के गांव में मुनादी कराकर सुरक्षित स्थानों को पहुंचने के लिए चेतावनी जारी की गई है।

बता दें बनास नदी बांध और कोटा बैराज से पानी लगातार डिस्चार्ज किया जा रहा है। बृहस्पतिवार से पानी घटने की उम्मीद जताई जा रही है। फिलहाल लगातार उफान जारी है। मंगलवार की देर शाम चंबल का जलस्तर 127 मीटर पर था जो की खतरे के निशान से तीन मीटर नीचे बह रहा था। लगातार चंबल का जलस्तर बनने से सिंचाई विभाग के अधिकारियों के आदेश पर नहर के प्रथम पंप हाउस के मुख्य गेट पर दीवार लगाकर बंद करा दिया है। बुधवार की दोपहर तक चंबल का जलस्तर खतरे के निशान 130 से ऊपर 131 मीटर तक पहुंच गया। वन विभाग और नहर विभाग के कर्मचारियों के अनुसार अभी और पानी बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।

### बीहड़ी इलाके के गांव में एसडीएम ने लिया जायजा

क्षेत्र के दर्जनभर गांवों में चंबल नदी की बाढ़ का पानी पहुंच गया, जिससे गांव के रास्ते बंद हो गए हैं। बुधवार को एसडीएम बाह हेमंत कुमार ने अपने अधीनस्थों के साथ क्योंरी, बीचकापुरा में स्थिति का जायजा लिया और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचने की सलाह दी। सभी गांव में जलस्तर को लेकर मुनादी करा दी गई है। ग्रामीणों को नदी से दूर रहने के लिए कहा गया है। विभागों की ओर से 8 बाढ़ चौकिया बनाई गई हैं। अधीनस्थों को जरूरी दिशा निर्देश भी दिए हैं।

### आशियाना बनाने के लिए ग्रामीण ढूंढ रहे सुरक्षित जगह

चंबल नदी का जलस्तर बढ़ने पर ग्रामपंचायत रेहा, उमरेठा, क्योंरी बीचकापूरा के किसान गांव के किनारे तक पानी पहुंचने पर परिवार गल्ला मवेशी को सुरक्षित रखने के लिए आशियाना बनाने के लिए सुरक्षित जगह ढूंढ रहे हैं। कस्बा चंबल मार्ग निवासी दो परिवारों के घरों को चंबल ने चारों तरफ से घेर रखा है, जिसकी वजह से रामप्रकाश और झब्बू ने मकान खाली करके दूसरी जगह रहने के लिए चले गए हैं। कछारों और खंदकों में पानी भर गया, जिसकी वजह से किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, रेहा बरेड़ा पडुआपुरा विप्रावली उमरेठा, क्योंरी, बीचकापूरा, चंबल तलहटी में बाजरा फसलें जलमग्न हो जाने से किसानों ने नुकसान की आशंका जताई है।

### डीएम और पुलिस उपायुक्त ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का लिया जायजा

चंबल में लगातार बढ़ रहे जलस्तर को लेकर प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट दिखाई दे रहा है। 2019 और 2022 में आई बाढ़ जैसे हालात ना बन जाएं, जिसे लेकर प्रशासन हर संभव मदद के लिए तैयार है। चंबल नदी खतरे के निशान से एक मीटर ऊपर पिनाहट में बह रही है। जिसे लेकर बुधवार की शाम को जिलाधिकारी आगरा अरविंद मल्लप्पा बंगारी और पुलिस उपायुक्त आगरा रामबदन सिंह अधिनस्थों के साथ चंबल किनारे बसे गांवों में हलातों का ज्यादा लेने के लिए पहुंचे। यहां उन्होंने स्थिति का जायजा लिया और ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की कोई सुविधा न हो इसके लिए अधिनस्थों को जरूरी दिशा निर्देश दिए गए। चंबल नदी घाट पर स्थिति का जायजा लेने के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि बाह तहसील के तीन गांव चंबल की बाढ़ से अभी प्रभावित हैं। गांव में आवागमन के लिए मोटर बोट की व्यवस्था की गई है। दो गांवों को पानी ने घेर लिया है। स्थिति को देखते हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाएगा।

### पानी बढ़ा तो होगा भारी नुकसान खतरे की आशंका

लगातार चंबल नदी में बढ़ रहे जलस्तर को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर है। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश सीमा के चंबल नदी किनारे बसे गांव के लोगों को प्रशासन द्वारा सुरक्षित स्थानों पर पहुंचने की अपील की गई है। बाढ़ चौकियों पर तैनात कर्मचारी चंबल के पानी पर निगाह बनाए हुए हैं। फिलहाल जिन गांवों के मुख्य मार्गों पर पानी भरने पर ग्रामीणों के आवागमन के लिए मोटरबोट शुरू कर दी गई है। स्वास्थ्य विभाग की टीम कैंप लगाने के लिए तैयार की गई है।

## गंदे शौचालयों में दफन हुआ स्वच्छता का ख्वाब



**पीलीभीत , एजेंसी।** जहां सोच वहां शौचालय का स्लोगन तहसील सदर, अमरिया, बीसलपुर और पूरनपुर के परिसर में बने शौचालयों के सामने झूठा साबित हो रहा है। सदर और अमरिया तहसील के शौचालय कहीं ज्यादा गंदे हैं। गंदगी और दुर्गंध की वजह से लोग खुले में जाने को मजबूर हैं। बीसलपुर तहसील परिसर के एक सार्वजनिक शौचालय पर ताला लगा रहता है। तहसीलों के जिम्मेदार शौचालयों की स्थिति से बेखबर हैं। स्वच्छता स्लोगन लिखवाकर खुद की पीठ थपथपा रहे हैं।

शौचालय की गंदगी को लेकर शाहजहांपुर में तैनात एसडीएम की ओर से उठक-बैठक लगाने पर भले ही तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। मगर, हकीकत यही है कि तहसील और अन्य सरकारी कार्यालयों के शौचालय गंदे हैं। बुधवार को की गई पड़ताल में कई जगहों की हकीकत सामने आई। पीलीभीत सदर तहसील के तीनों तल पर सीढ़ियों के समीप ही पुरुष शौचालय बने हैं। निचले तल के शौचालय पान-पुडिया की पीक से रंगे हैं। गंदा पानी भी बहता रहता है। सिस्टर्न भी टूटा है। बुधवार की दोपहर करीब एक बजे दूसरे तल के शौचालय में ताला लगा था। तीसरे तल के शौचालय की स्थिति और ज्यादा खराब थी। इसके अलावा सभागार के समीप बने महिला शौचालय में ताला लगा था। पुरुष शौचालय में गंदगी थी। सदर तहसीलदार अर्ची गुप्ता ने बताया कि जल्द ही साफ सफाई और अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त कराई जाएंगी।

## साइबर फ्रॉड में 15 से 20 मिनट का होता है गोल्डन टाइम... 1930 पर कॉल करें, तत्काल फ्रीज किए जाएंगे खाते




**लखनऊ , एजेंसी।** यूपी डीजीपी राजीव कृष्ण ने कहा कि किसी के साथ भी साइबर फ्रॉड होने पर पीड़ित को गोल्डन टाइम यानी 15 से 20 मिनट के अंदर 1930 पर कॉल करनी चाहिए। इस दौरान जालसाजों के खाते तत्काल फ्रीज कर दिए जाएंगे।

साइबर अपराध के बढ़ते मामलों पर नियंत्रण और लोगों को त्वरित मदद पहुंचाने के लिए लखनऊ के कल्ली स्थित डीसीपी साउथ के कार्यालय में कॉल सेंटर खोला गया है। डीजीपी ने इसका शुभारंभ किया। पहले ही दिन कॉल सेंटर पर छह हजार से ज्यादा शिकायतें आईं। हेल्पलाइन नंबर 1930 पर प्रदेशभर से लोग फोन कर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। डीजीपी ने बताया कि हेल्पलाइन नंबर 1930 प्रभावी ढंग से कार्य करे, इसके लिए 30 सीट का एक्सटेंशन सेंटर खोला गया है। डीजीपी ने कहा कि साइबर अपराध पर नियंत्रण के लिए 15 पुलिस अधिकारियों को साइबर कमांडो की ट्रेनिंग दी गई है। प्रयास है कि उपनिरीक्षक भी साइबर मामलों की छानबीन कर सकें।

## चकबंदी विभाग के बाबू की आत्महत्या

**लखनऊ , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश चकबंदी निदेशालय मिनिस्ट्रियल कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष व चकबंदी मुख्यालय में तैनात बाबू आशियाना सेक्टर-जे निवासी राजकुमार सिंह (52) की मौत के मामले में पुलिस को सबसे पहली सूचना उनके कार चालक ने दी। चालक की सूचना पर परिजन भी शहीद पथ स्थित उनके प्लॉट पर पहुंचे। प्लॉट में बने कमरे के अंदर उनका शव पड़ा था। उनके सिर में गोली लगी थी और दाहिने हाथ में रिवॉल्वर था। डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल ने बताया कि प्रथम दृष्टया राजकुमार सिंह की मौत आत्महत्या लग रही है। उनके पास से एफएसएल टीम को सुसाइड नोट मिला है। नोट में उन्होंने खुद को अपनी मौत का जिम्मेदार बताया है। उनके पास से मिली रिवॉल्वर लाइसेंसी लगी रही है। एफएसएल टीम ने रिवाल्वर व सुसाइड नोट को जांच के लिए भेजा है। उधर, परिजनों का कहना है कि राजकुमार सिंह के पास लाइसेंसी असलहा नहीं था। उसके पास रिवॉल्वर कहां से आया, किसी को कुछ नहीं पता।

**परिजनों को भी नहीं पता, राजकुमार के पास कहां से आया रिवॉल्वर**

**ज्योतिष के ज्ञाता थे राजकुमार सिंह:** राजकुमार सिंह पूर्व सांसद धनंजय सिंह व पूर्व राज्यमंत्री राणा अजीत सिंह के करीबी भी थे। घटना की जानकारी पर ये दोनों भी मौके पर पहुंचे। लोगों ने बताया कि राजकुमार सिंह ज्योतिष के ज्ञाता थे। अधिकारियों से लेकर राजनेता तक उनकी राय लेकर काम करते थे। परिजन व उनके परिचितों का कहना है कि राजकुमार सिंह आत्महत्या नहीं कर सकते हैं। आत्महत्या के पीछे कोई वजह भी नहीं है। राजकुमार सिंह के परिवार में पत्नी किरन और बेटा शशांक व बेटी अंजली हैं।

## बिजली गिरना बहाना, तकनीकी खामियों से फुंक रहे ट्रांसफार्मर




**रायबरेली , एजेंसी।** पावर कॉर्पोरेशन के अभियंताओं की लापरवाही से छोटे ट्रांसफार्मरों के साथ अब बड़े ट्रांसफार्मर भी फुंकने लगे हैं। 15 दिन में लालगंज विद्युत वितरण खंड के अंतर्गत आने वाले दो विद्युत केंद्रों में लगे करीब 80 लाख रुपये कीमत के ट्रांसफार्मर फुंक गए हैं।

खास बात यह है कि दोनों उपकेंद्रों का निर्माण सात साल पहले कराया गया। एक जगह ट्रांसफार्मर तो बदल गया, लेकिन दूसरी जगह खराब हुए ट्रांसफार्मर की जांच पूरी नहीं हो पाई है। इससे उपभोक्ता बिजली संकट से जूझ रहे हैं। अभियंताओं के पास रटारटाया जवाब रहता है कि बिजली गिरने से ट्रांसफार्मर खराब होते हैं, जबकि हकीकत यह है कि बिजली से ट्रांसफार्मरों को बचाने के लिए कीमती उपकरण लगे होते हैं। इसके बाद ऐसी घटनाएं हो रही हैं।

हर तीन महीने में वितरण खंड टेस्ट डिवीजन के अभियंता ट्रांसफार्मरों व उपकरणों की जांच करते हैं। इससे साफ जाहिर है कि कहीं न कहीं तकनीकी खामियों की वजह से ट्रांसफार्मर खराब हो रहे हैं। जिले में पिछले तीन महीने में अलग-अलग क्षमता के 2500 ट्रांसफार्मर खराब हो चुके हैं। इन ट्रांसफार्मरों के खराब होने की वजह लो वोल्टेज बताई जा रही है।

15 दिन पहले लालगंज क्षेत्र के बेहटाकला विद्युत उपकेंद्र में लगा पांच एमवीए का ट्रांसफार्मर खराब हुआ था। तीन दिन पहले रनापुर विद्युत उपकेंद्र में भी ट्रांसफार्मर खराब हो गया। यहां लगे दो अन्य ट्रांसफार्मरों से बिजली आपूर्ति बहाल कराई जा रही है। उपभोक्ताओं लो वोल्टेज और ट्रिपिंग की समस्या से जूझ रहे हैं।

इससे लोगों में आक्रोश है। विभाग कर्मियों ने बताया कि आकाशीय बिजली से ट्रांसफार्मर खराब होते है, तो उसके अंदर लगे क्वाइल, वायरिंग समेत अन्य उपकरण जल जाते हैं। ट्रांसफार्मर फट भी सकता है। सामान्य फॉल्ट आने पर ट्रांसफार्मर में ऐसी नौबत नहीं आती।

### नहीं बांटा जाता बराबर लोड

शहर और ग्रामीण क्षेत्र में 25 केवीए से 400 केवीए तक के ट्रांसफार्मर हैं। शहर में ट्रांसफार्मरों से निकले एलटी के फेज में बराबर लोड तो रहता है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्र में ज्यादातर ट्रांसफार्मरों में सभी फेज पर लोड नहीं रहता है। कहीं-कहीं एक फेज पर पूरे गांव की आपूर्ति चलती है। इससे जहां लोगों को कम वोल्टेज मिलता है, वहीं ट्रांसफार्मर गर्म होकर खराब हो जाते हैं।

### कीमती उपकरणों के बाद भी फुंक रहे ट्रांसफार्मर

जिला विद्युत उपभोक्ता फोरम के पूर्व सदस्य शरद मेहरोत्रा ने बताया कि उपकेंद्रों में लगे पॉवर ट्रांसफार्मरों को आकाशीय बिजली से बचाने के लिए कई उपकरण लगाए जाते हैं। जब बिजली गिरती है, तो पहले लाइटनिंग अरेस्टर खराब होता है। इसके अलावा ट्रांसफार्मर की सुरक्षा के लिए लगाए जाने वाले अन्य कई उपकरण भी खराब होते हैं। इस वजह आकाशीय बिजली का असर ट्रांसफार्मर तक नहीं पहुंच पाता है। उपकेंद्र के ट्रांसफार्मरों और उपकरणों की टेस्टिंग हर तीन महीने में होनी चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं होता। यही वजह है कि तकनीकी खामियां से ट्रांसफार्मर फुंक रहे हैं। इसके लिए कहीं न कहीं अभियंता जिम्मेदार हैं।

### ट्रिपिंग व अघोषित कटौती से गहराया बिजली संकट

**बाराबंकी , एजेंसी।** बिजली निगम के तमाम दावों के बाद भी शहरी व ग्रामीण इलाकों की बिजली व्यवस्था पटरी पर नहीं आ पा रही है। ट्रिपिंग व अघोषित कटौती के कारण गहराए बिजली संकट के कारण मंगलवार रात से लेकर बुधवार शाम तक शहरी क्षेत्र के साथ ही दो सौ गांव क्षेत्रों के लोगों को आपूर्ति बाधित होने से परेशान उठाना पड़ी। शहर के मोहल्ला कोठीडीह में इंसुलेटर में खराबी आने से हनुमंत नगर व कोठी मोहल्ले में मंगलवार रात करीब दो घंटे तक बिजली आपूर्ति ठप रही। वहीं, कंपनीबाग, नेहरू नगर और सिविल लाइन में बुधवार दोपहर बाद चार बार लाइन ट्रिप हुई। अधिशासी अभियंता घनश्याम त्रिपाठी का कहना है, कि बारिश के दौरान 10 मिनट के लिए लाइन ट्रिप हुई थी। अगर फाल्ट होता है तो तुरंत दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। फतेहपुर क्षेत्र में मंगलवार रात आठ बजे धमसड़ व निंदूरा के पास पेड़ गिरने से बिजली का खंभा टूट गया और तार जमीन पर बिखर गए। इससे हसनपुर टांडा, मझगवा, तिलरन, दौलतपुर, बिलौली, हजरतपुर, बसारा सहित करीब 150 गांवों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। बुधवार सुबह करीब दस बजे बिजली आपूर्ति शुरू हो सकी। इससे करीब दो लाख की आबादी को रातभर अंधेरे में रहना पड़ा। कस्बों में भी हालात खराब रहे। फतेहपुर कस्बे में मंगलवार रात आठ बजे सप्लाई बंद हो गई जो बुधवार सुबह तीन बजे तक बाधित रही। इससे लगभग एक लाख लोग प्रभावित हुए। हैदरगढ़ क्षेत्र के सुबेहा, रामपुर, बेहटा और अमान सिंह का पुरवा समेत 20 गांवों की बिजली आपूर्ति मंगलवार रात 10 बजे से बुधवार सुबह 11 बजे तक ठप रही। कस्बा हैदरगढ़ में भी तीन बार बिजली गुल हुई।

## आगरा में सबसे महंगी और सस्ती राखी

**आगरा, एजेंसी।** रक्षाबंधन पर इस बार बहनें भाई की कलाई पर 70 हजार रुपये की राखी बांधने वाली हैं। सोने से बनी इन राखियों की मांग इतनी ज्यादा है कि त्योहार के 10 दिन पहले ही स्टॉक अनुपलब्ध हो गया है। चांदी की बनी राखी की मांग भी जोरों पर है।

बाजार में महिलाओं के लिए खास कलकत्ता वाली राखियां आई हैं। इनमें जर्किन राखी, आर्टिफिशियल डायमंड की राखी और परफ्यूम वाली राखियां खास हैं। इनकी कीमत 300 से 400 रुपये है। इसके अलावा बच्चों के लिए उनके पसंदीदा कार्टून की राखियों की भरमार है। छोटा भीम, डोरेमॉन, हनुमान, दीपा पिग, बेन टेन ब्रदर और की-चेन की राखियां उपलब्ध हैं। जो 20 से 50 रुपये तक की हैं।



**सोने और चांदी की राखी :** सराफ व्यवसायी रिंकू बंसल ने बताया कि सोने और चांदी से बनी राखियों की मांग काफी अधिक है। इस बार हमने सोने-चांदी की राखियां कोयम्बटूर से मंगाई हैं। सोने में हमारे पास 30 से लेकर 70 हजार रुपये तक की राखियां थीं। जिनका वजन सवा सात ग्राम तक था। सारा माल खत्म हो गया है। ग्राहकों की डिमांड के अनुसार ही अब राखियां तैयार कराई जा रही हैं।

**राखी में कई वैरायटी :** सराफ एसोसिएशन के अध्यक्ष नीतेश अग्रवाल का कहना है कि सोने के साथ चांदी की राखियों की भी अच्छी मांग है। इसमें रुद्राक्ष, डमरू, शिवलिंग, तिलक, त्रिशूल, ओम और शिवा नाम की राखी खास हैं। इनका वजन 7 ग्राम से 25 ग्राम तक है, जिनकी कीमत 700 से 2800 रुपये तक है।

**महंगाई में भी सस्ती राखियां :** खंदारी निवासी तृप्ति गर्ग ने बताया कि बाजार में महंगाई अपने चरम पर है, इसमें भी राखियां सस्ती हैं। मैंने अपने लिए सादा राखी ली है। बच्चों के लिए हनुमान और डोरेमॉन की राखी ली है।

**लुंबा राखी की धूम :** राखी विक्रेता इशांत गुप्ता का कहना है कि हमारे पास लुंबा राखी में कई तरह की वैरायटी हैं। इसमें कई आकर्षक राखियां हैं। इनकी कीमत 50 से 150 रुपये तक है। लुंबा राखी भैया-भाभी के लिए होती हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# हिमाचल प्रदेश में फिर फटा बादल, शिमला जिले में बाढ़ जैसे हालात

**शिमला, एजेंसी।**
हिमाचल प्रदेश में मानसून का प्रकोप लगातार जारी है और छह अगस्त तक कई जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। आज कुल्लू, मंडी और शिमला जिलों में भी भारी वर्षा का येलो अलर्ट है। गुरुवार सुबह तक कांगड़ा जिला मुख्यालय धर्मशाला में सबसे ज्यादा 54 मिमी बारिश दर्ज की गई। मुरारी देवी में 52 मिमी, कोठी में 49 मिमी, गोहर में 40 मिमी, सराहन में 34 मिमी और सुंदरनगर में 30 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है।

राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के मुताबिक भारी बारिश और भूस्खलन से प्रदेश भर में एक नेशनल हाईवे और 301 सड़कों पर आवाजाही पूरी तरह से बाधित है। 436 बिजली के ट्रांसफार्मर और 254 पेयजल योजनाएं भी ठप हो गई हैं। अकेले मंडी जिले में सबसे ज्यादा 193 सड़कें, एक नेशनल हाईवे (एनएच-21, मंडी-कोटली बनाला ओट के पास), 81 ट्रांसफार्मर और 58 पेयजल योजनाएं बंद पड़ी हैं। कुल्लू जिले में 47 सड़कें और 134 ट्रांसफार्मर खराब हुए हैं। चंबा में 142 ट्रांसफार्मर और 62 पेयजल योजनाओं पर असर पड़ा है, जबकि कांगड़ा जिले में 134 पेयजल योजनाएं बंद हैं।



**मनाली में ब्यास नदी का जलस्तर बढ़ा, खतरा बरकरार:** मनाली और आसपास के क्षेत्रों में लगातार हो रही तेज बारिश से ब्यास नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। नेहरू कुंड के पास नदी का पानी पुल की नींव की ओर मुड़ गया है, जिससे बड़ा खतरा बन गया है। हालात का जायजा लेने के लिए मनाली विधायक भुवनेश्वर गौड़, एसडीएम मनाली, डीएसपी मनाली और पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। पानी को दूसरी दिशा में मोड़ने के लिए मशीनें लगाई गई हैं। बाहंग के पास भी नदी का जलस्तर बढ़ने से कुछ घरों पर खतरा मंडरा रहा है। हालांकि फिलहाल किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने और नदी-नालों से दूर रहने की अपील की है। शिमला जिले के रामपुर उपमंडल की कूट पंचायत के धनपल कंडा में बादल फटने से भारी तबाही मची है। तेज बारिश और मलबे के कारण ग्रामीणों की फसलें बर्बाद हो गई और कई सेब के पौधे नष्ट हो गए। कूट गांव को जोड़ने वाला एक बड़ा पुल और तीन छोटे पुल तेज बहाव में बह गए हैं। भूक्षरण से पंचायत मुख्यालय का वाहन मार्ग भी कट गया है, जिससे यह क्षेत्र पूरी तरह अलग-थलग पड़ गया है। हालांकि, कूट में वाहन योग्य मुख्य पुल सुरक्षित है। खिऊंचा गांव में भू-स्खलन से बिजली के दो खंभे बह गए, जिससे गांव में बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई है। कूट पंचायत प्रधान रत्न डोगरा ने बताया कि 29 जुलाई की आधी रात को यह घटना घटी। राहत की बात यह है कि इस घटना में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है। एसडीएम रामपुर हर्ष अमरेंद्र सिंह ने कहा कि नुकसान का आकलन करने के लिए राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची है।

किन्नौर जिले में दूसरे दिन भी किन्नर कैलाश यात्रा को नाले में जलस्तर बढ़ने के कारण रोक दिया गया है, जिससे श्रद्धालुओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मौजूदा मानसून सीजन में 20 जून से अब तक हिमाचल प्रदेश में बारिश, भूस्खलन और बाढ़ से अब तक 170 लोगों की मौत हो चुकी है, 278 लोग घायल हुए हैं और 36 लोग लापता हैं। सबसे ज्यादा 35 मौतें मंडी में हुई हैं, जहां 27 लोग लापता भी हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### स्वास्थ्य के लिए खतरा है, कबूतरों को दाना डाला तो हो सकती है जेल, हाईकोर्ट का पुलिस को सख्त निर्देश



**मुंबई, एजेंसी।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने बुधवार को कहा कि कबूतरों के झुंड को दाना डालना सार्वजनिक परेशानी उत्पन्न करने वाला कृत्य है और इससे लोगों के स्वास्थ्य को भी खतरा है। अदालत ने साथ ही मुंबई नगर निगम को ऐसी गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति जी.एस. कुलकर्णी और न्यायमूर्ति आरिफ डॉक्टर की पीठ ने पशु प्रेमियों के एक समूह द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि यह मुद्दा जनस्वास्थ्य से जुड़ा है और सभी उम्र के लोगों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर व संभावित खतरा है। अदालत ने इस महीने की शुरुआत में बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) को महानगर में किसी भी पुराने 'कबूतरखाने' (कबूतरों को दाना डालने के स्थान) को गिराने से रोक दिया था लेकिन कहा था कि वह इन पक्षियों के लिए दाना डालने की अनुमति नहीं दे सकती। अदालत ने बुधवार को कहा कि अनुमति न मिलने के बावजूद लोग इन 'कबूतरखानों' में कबूतरों को दाना डालना जारी रखे हुए हैं। पीठ ने कहा, यह स्थिति अब कानून की घोर अवहेलना की उभरती स्थिति से और भी जटिल हो गई है क्योंकि हमारे पहले के आदेश में कबूतरों को दाना डालने व उनके जमावड़े का समर्थन करने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया गया था तथा अब नगर निगम के अधिकारियों को इस संबंध में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने से रोका जा रहा है। उच्च न्यायालय ने इसके बाद बीएमसी को निर्देशों की अवहेलना कर कबूतरों को दाना डालने वालों को दंडित करने का निर्देश दिया।

### अमीरों को विदेश में काउंसलर बनाने के नाम पर ऐंठी रकम, एसटीएफ को फर्जी राजदूत के लैपटॉप से मिले सुराग

**गाजियाबाद , एजेंसी।** गाजियाबाद में अवैध दूतावास चलाने वाला हर्षवर्धन जैन विदेश में काउंसलर बनाने के नाम पर धनाढ्य लोगों से मोटी रकम वसूल रहा था। यूपी एसटीएफ को हर्षवर्धन के लैपटॉप और मोबाइल में इससे संबंधित सुराग मिले हैं। सूत्रों के मुताबिक, उसके पास से देश के दर्जनभर लोगों के दस्तावेज मिले हैं, जो विदेश में काउंसलर बनने की प्रक्रिया में थे। एसटीएफ की नोएडा यूनिट ने 22 जुलाई की रात गाजियाबाद के कविनगर में अवैध रूप से चल रहे दूतावास का भंडाफोड़ करते हुए फर्जी राजदूत हर्षवर्धन जैन को गिरफ्तार किया था। हर्षवर्धन खुद को वेस्ट आर्कटिका, सर्बोगा, पॉलविया और लोडोनिया आदि स्यवंभू देशों का काउंसलर और कॉन्सुल एंबेसडर (वाणिज्य दूत) बताता था।छापेमारी में अवैध दूतावास से डिप्लोमेटिक नंबर प्लेट लगी चार गाड़ियां, 44 लाख 70 हजार की नगदी, कई देशों की मुद्रा, विदेश मंत्रालय की मुहर लगे फर्जी दस्तावेज,अवैध देशों के 12 पासपोर्ट, फर्जी देशों और कंपनियों की 34 मुहर आदि बरामद हुई थीं। इसके अलवा एसटीएफ ने एक लैपटॉप और मोबाइल फोन भी बरामद किया था। लैपटॉप और मोबाइल खंगाले तो चौंकाने वाली बातें सामने आईं। सूत्रों के मुताबिक लैपटॉप और मोबाइल फोन में ऐसे तमाम सुबूत मिले हैं, जिनसे पता चलता है कि दिल्ली, पंजाब, चंडीगढ़, दक्षिण भारत और एनसीआर के 10 से अधिक लोगों के दस्तावेज विदेश के काउंसलर बनने की प्रक्रिया में थे। हर्षवर्धन धनाढ्य लोगों को विदेश में काउंसलर बनवाने के नाम पर मोटी रकम वसूल रहा था। बताया जा रहा है कि हर्षवर्धन पुलिस और एसटीएफ का जांच में सहयोग नहीं कर रहा है। सख्ती बरतने पर वह तबीयत खराब होने का नाटक कर रहा है। सूत्र बताते हैं कि एसटीएफ की टीम दस्तावेज बरामद करने के लिए आरोपी को कई स्थानों पर ले गई, लेकिन वहां ज्यादा कुछ बरामद नहीं हो सका। हर्षवर्धन की गिरफ्तारी के बाद से उसके रिश्तेदार और जानकार चौकन्ने हो गए हैं और सबूतों के साथ भागे हुए हैं। इसके अलावा एसटीएफ इंटरपोल के जरिए हर्षवर्धन का विदेशों में अपराध का रिकॉर्ड जानने में जुटी है।

# गुजरात एटीएस ने किए कई बड़े दावे : शमा परवीन अंसारी 10 हजार लोगों में घोल रही थी 'जिहाद का जहर'

**अहमदाबाद, एजेंसी।**
शमा परवीन अंसारी गजवा-ए-हिंद का मंसूबा पाले बैठी थी और करीब 10 हजार लोगों में जिहाद का जहर खोलने में जुटी हुई थी। बेंगलुरु से गिरफ्तार की गई झारखंड की लड़की को लेकर गुजरात एटीएस ने कई बड़े दावे किए हैं। अलकायदा के ऑनलाइन मॉड्यूल का खुलासा करते हुए एटीएस ने शमा परवीन को गिरफ्तार किया है इसे एक बड़ी कामयाबी के तौर पर देखा जा रहा है। वह अलकायदा इंडियन सबकॉन्टिनेंटऔर पाकिस्तान का मोहरा बन चुकी थी।



प्रतिबंधित आतंकी संगठन अलकायदा इंडियन सबकॉन्टिनेंट के विचारों को फैलाने के आरोप में शमा को मंगलवार को बेंगलुरु से गिरफ्तार किया गया जहां वह अपने छोटे भाई के साथ रह रही थी। बुधवार को उसे ट्रांजिट रिमांड पर गुजरात लाया गया। एटीएस के अधिकारियों मुताबिक, अंसारी भारत सरकार के खिलाफ सशस्त्र विद्रोह और जिहाद के लिए लोगों को उकसा रही थी और इसके लिए वह डिजिटल प्लैटफॉर्म्स का सहारा ले रही थी। वह नफरती संदेशों को फैलाकर धार्मिक उन्माद और हिंसा भड़काना चाहती थी।

एटीएस की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में बताया गया है कि अंसारी दो फेसबुक पेज और एक इंस्टाग्राम अकाउंट को संभालती थी, जिनके सामूहिक रूप से 10000 यूजर थे। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक शमा इनके जरिए ,त्त्हुस और अन्य कट्टरपंथी प्रचारकों के विचारों को साझा करती थी। इनमें अलकायदा इंडियन सबकॉन्टिनेंट नेता मौलाना असीम उमर, मर चुके अलकायदा विचारक अनवर अल-अवलाकी और लाहौर के लाल मस्जिद के मौलाना अब्दुल अजीज के भाषणों के वीडियो शेयर किए जाते थे। इनमें गजवा-ए-हिंद, काफिरों पर हमले और भारत सरकार के खिलाफ नफरती संदेश होते थे। जांचकर्ताओं ने यह भी पाया कि अंसारी पाकिस्तान में कुछ लोगों के साथ फोन और ईमेल के जरिए संपर्क में थी। इसी महीने एटीएस की ओर से चलाए गए एक ऑपरेशन के बाद शमा की भूमिका सामने आई। 23 जुलाई को एटीएस ने दिल्ली, नोएडा, अहमदाबाद और गुजरात से चार लोगों को गिरफ्तार किया था, जिन पर जिहादी प्रोपेगेंडा वीडियो को साझा करने का आरोप है।

# काशी हिंदू विश्वविद्यालय के छात्र नेता सुजीत पासवान ने दिल्ली में उठाई छात्रों की आवाज

विशेष संवाददाता | नई दिल्ली

काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के छात्र नेता सुजीत पासवान के नेतृत्व में छात्रों की एक प्रतिनिधिमंडल टीम ने दिल्ली पहुँचकर विश्वविद्यालय में चल रही छात्रहित से जुड़ी समस्याओं को संसद के दरवाजे तक पहुँचाया। बिहार के सीमांचल क्षेत्र, किशनगंज से आने वाले सुजीत पासवान ने बीएचयू के छात्रों के लिए एक मजबूत नेतृत्व की मिसाल पेश करते हुए यह पहल की है। दिल्ली यात्रा के दौरान सुजीत और उनके साथियों ने देश के कई सांसदों से मुलाकात कर सर सुन्दरलाल अस्पताल और ट्रामा सेंटर में चल रही अनियमितताओं, छात्रावास की कमी, लैब्स और डिजिटल रिसोर्सेज की बदहाली, छात्रों की सुविधाओं की कमी, नई शिक्षा नीति में भागीदारी और आरक्षण के सही क्रियान्वयन जैसे मुद्दों को विस्तार से रखा। ठभ्न् डेलीगेशन की टीम ने जंतर मंतर पर धरना देने की योजना बनाई थी, लेकिन दिल्ली प्रशासन से अनुमति न मिलने के कारण यह कार्यक्रम स्थगित करना पड़ा। इसके बावजूद सुजीत पासवान ने कहा, "हम छात्रों की आवाज़ को संसद तक ले आए हैं।





अगर हमारी बातें नहीं सुनी गईं, तो हम देशभर के छात्रों को एकजुट कर बड़ा आंदोलन करेंगे। सीमांचल के सबसे पिछड़े जिले किशनगंज से आने वाले सुजीत, आज बीएचयू में सिर्फ एक छात्र प्रतिनिधि नहीं, बल्कि बिहार के उभरते युवा नेतृत्व का चेहरा बनते जा रहे हैं। जाति, वर्ग और क्षेत्रीय असमानताओं को पार कर उन्होंने यह साबित किया कि एक सामान्य पृष्ठभूमि से भी राष्ट्रीय विमर्श में भागीदारी संभव है। बीएचयू के कई छात्रों और शिक्षकों का मानना है कि सुजीत की सोच पारंपरिक छात्र राजनीति से अलग है। वे नारेबाजी और टकराव की जगह तथ्य, संवाद और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में विश्वास रखते हैं। यही वजह है कि उनके नेतृत्व में छात्र मुद्दे संसद तक पहुँच सके हैं। बिहार में लंबे समय से युवा नेतृत्व की कमी महसूस की जा रही है। ऐसे में सुजीत पासवान जैसे शिक्षित, दूरदर्शी और जमीनी नेता की सक्रियता नई ऊर्जा का संकेत है। सीमांचल, दलित, पिछड़े और ग्रामीण तबकों की आवाज़ बनते हुए वे सामाजिक नेतृत्व की ओर अग्रसर हैं। "मैं छात्र नेता हूँ, लेकिन मेरा सपना है कि हर गरीब और पिछड़े परिवार के बच्चे को वही शिक्षा, वही मंच और वही सम्मान मिले, जो बड़े शहरों के बच्चों को मिलता है," सुजीत ने कहा। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि बीएचयू छात्रों की इस प्रतिनिधि मुहिम का विश्वविद्यालय प्रशासन और सरकार पर क्या प्रभाव पड़ता है, और क्या छात्रों की मांगों को गंभीरता से लिया जाता है या नहीं।

# गुरुग्राम के 245 प्राइवेट स्कूलों पर ऐक्शन की तैयारी, शिक्षा विभाग ने भेजे नोटिस

**गुरुग्राम , एजेंसी।**
शिक्षा के अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को दाखिला न देने वाले गुरुग्राम के 245 प्राइवेट स्कूलों को जिला शिक्षा विभाग ने नोटिस भेजा है। स्कूलों को जवाब देने के लिए 15 दिन समय दिया गया है। आनाकानी करने वाले स्कूलों के खिलाफ मौलिक शिक्षा निदेशालय कार्रवाई करेगा। जिला शिक्षा विभाग ने सभी स्कूलों को ईमेल भेज दिया है।

शिक्षा विभाग के अनुसार, गुरुग्राम जिले में 529 मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूल संचालित हैं। इन स्कूलों में आरटीई के तहत 25 फीसदी सीटों पर 470 आर्थिक रूप से कमजोर (ईडब्ल्यूएस) बच्चों को दाखिला देना था। इसमें से सिर्फ 92 बच्चों के ही दाखिले हुए। निजी स्कूलों की ओर से 199 छात्रों के आवेदनों का वेरिफिकेशन तक नहीं किया गया और 179 आवेदनों को रद्द कर दिया गया। दाखिले के बारे में जानकारी शिक्षा विभाग के पोर्टल पर देनी थी। इसको लेकर मौलिक शिक्षा निदेशालय ने 245 प्राइवेट स्कूलों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जिले में आरटीई के तहत प्रवेश प्रक्रिया शुरू होने के बाद भी कई निजी ने स्कूलों बच्चों को दाखिल नहीं दिया। अभिभावक जिला शिक्षा कार्यालय में दस्तावेज जमा कराने के लिए भटकते रहे। अभिभावकों का कहना है कि उन्होंने ऑनलाइन आवेदन किया है। जिस तरह से निजी स्कूल आर्थिक रूप कमजोर तबकों के लिए आरक्षित सीटों पर दाखिला देने में रूचि नहीं दिखा रहे हैं, इससे आरटीई के तहत प्रवेश मिलना मुश्किल लग रहा है। जिला शिक्षा विभाग निजी स्कूलों पर दबाव नहीं बना पा रहा। अभिभावकों का कहना है कि आर्थिक रूप से कमजोर तबके के साथ हर सत्र में इसी तरह भेदभाव किया जा रहा है। इससे बच्चों को दाखिला नहीं मिल पा रहा। नवीन अग्रवाल, नोडल अधिकारी, आरटीई हरियाणा, आरटीई के तहत आर्थिक रूप से

# गुरुग्राम-फरीदाबाद के दिल्ली से सटे इलाकों में और महंगी होगी जमीन, कहां कितने बढ़ेंगे रेट

**गुरुग्राम, एजेंसी।**
दिल्ली से सटे हरियाणा के गुरुग्राम और फरीदाबाद में अब मकान-दुकान खरीदना और महंगा होने जा रहा है। दोनों जगहों पर एक अगस्त से नए सर्किल रेट लागू करने की तैयारी शुरू हो गई है। फरीदाबाद में जहां सर्किल रेटों में कम से कम 10 और अधिकतम 50 फीसदी तक की बढ़ोतरी की गई है। वहीं गुरुग्राम जिले में आवासीय संपत्तियों के सर्किल रेटों में 8 से 145 फीसदी तक की बढ़ोतरी प्रस्तावित है।

गुरुग्राम जिले में सर्किल रेटों में वृद्धि के बाद शहर में आम लोगों के लिए अपना सपनों का घर खरीदना और भी मुश्किल होने वाला है। प्रशासन ने दिल्ली से सटे इलाकों में 145 प्रतिशत तक की भारी बढ़ोतरी का भी प्रस्ताव रखा है, जिससे जमीन की कीमतें आसमान छूने लगेंगी।

प्रस्तावित बढ़ोतरी के अनुसार डीएलएफ फेज एक से चार, साउथ सिटी, सनसिटी, सुशांत लोक और गोल्फ कोर्स रोड के किनारे स्थित पॉश इलाकों में सर्किल दरों में औसतन दस से 20 प्रतिशत की वृद्धि होगी। अधिकांश क्षेत्रों में दस से 20 प्रतिशत की वृद्धि की गई है, जबकि कुछ क्षेत्रों में यह 40 से 50 प्रतिशत बढ़ाई गई है। लोगों से 31 जुलाई तक नौ तहसील में प्रस्तावित सर्किल रेट पर आपत्ति और सुझाव मांगे गए हैं। प्रदेश सरकार बढ़ी दर को एक अगस्त से लागू कर सकती है। अधिकांश क्षेत्रों में जिनमें पॉश सोसाइटी भी शामिल हैं, वृद्धि 10 से 20 प्रतिशत की सीमा में प्रस्तावित है। सुशांत लोक-1 में सर्किल दर 15प्रतिशत बढ़कर 1.09 लाख रुपये प्रति वर्ग गज से 1.25 लाख रुपये प्रति वर्ग गज हो जाएगी। सुशांत लोक-2 और 3 में 14प्रतिशत की वृद्धि प्रस्तावित है,



जो 80,500 रुपये प्रति वर्ग गज से 92,000 रुपये प्रति वर्ग गज होगी।

साउथ सिटी-1 में सर्किल दर 12प्रतिशत बढ़कर 1.15 लाख रुपये प्रति वर्ग गज से 1.28 लाख रुपये प्रति वर्ग गज हो जाएगी, और साउथ सिटी-2 में 14प्रतिशत बढ़कर 86,250 रुपये प्रति वर्ग गज से 99,000 रुपये प्रति वर्ग गज होने की उम्मीद है। निर्वाणा कंट्री में सर्किल दर 15प्रतिशत बढ़कर 1.15 लाख रुपये प्रति वर्ग गज से 1.32 लाख प्रति वर्ग गज होने की उम्मीद है। मालिबू टाउन में सर्किल दर 15प्रतिशत बढ़कर 75 हजार रुपये प्रति वर्ग गज से 86,250 रुपये प्रति वर्ग गज हो जाएगी। पाम ड्राइव और एमराल्ड हिल्स में सर्किल दर 21प्रतिशत हो जाएंगे। डीएलएफ फेज एक से पांच में आवासीय प्लॉटों की सर्किल दरों में 10 से 15 प्रतिशत की वृद्धि का प्रस्ताव है।

द्वारका एक्सप्रेसवे के साथ लगे नए सेक्टरों (सेक्टर 104 से 109 और 115) में आवासीय प्लॉट की दरें 62प्रतिशत बढ़कर 40,000 रुपये प्रति वर्ग गज से 65,000 रुपये प्रति वर्ग गज हो जाएंगी। सेक्टर 14 में प्रस्तावित दर में 34प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो 2.08 लाख रुपये प्रति वर्ग गज से बढ़कर 2.80 लाख रुपये प्रति वर्ग गज होगी। आवासीय संपत्ति में सबसे अधिक वृद्धि गुरुग्राम गांव में प्रस्तावित है, जहां प्लॉट की सर्किल दर 77प्रतिशत बढ़ जाएगी।

सेक्टर 15, 27, 28, 30, 31, 32ए, 40, 41, 42, 43, 45, 46, 50, 51, 52, 53, 54, 55, 56, 57 में ग्रुप हाउसिंग में फ्लैटों की दरें 8900 रुपये प्रति वर्ग फुट से बढ़कर 9790 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गई हैं। सेक्टर 58, 59, 60, 61, 62, 63, 63ए में ग्रुप हाउसिंग सोसाइटीज में फ्लैटों की दरें 7040 रुपये प्रति वर्ग फुट हो जाएंगी।

दिल्ली से सटी कृषि भूमि की दरों में भारी बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। बजघेड़ा में कृषि भूमि की सर्किल दर में 145प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो 2.03 करोड़ रुपये प्रति एकड़ से बढ़कर पांच करोड़ रुपये प्रति एकड़ हो गई है। सरहौल में कृषि भूमि की सर्किल दर 108प्रतिशत बढ़कर 2.39 करोड़ रुपये प्रति एकड़ से 5 करोड़ रुपये प्रति एकड़ हो गई है। इन प्रस्तावित वृद्धियों से गुरुग्राम में संपत्ति बाजार पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ने की उम्मीद है, जिससे विशेष रूप से नए खरीदारों और मध्यम वर्ग के लिए घर खरीदने का सपना और भी दूर हो जाएगा। जिले में एक अगस्त से नए सर्किल रेट लागू करने की तैयारी शुरू हो गई है। जिला प्रशासन ने प्रस्तावित सर्किल रेट की सूची वेबसाइट पर अपलोड कर दी है। जिसमें कम से कम 10 और अधिकतम 50 फीसदी तक की बढ़ोतरी की गई है। ग्रेटर फरीदाबाद सहित उसके आसपास के इलाकों की जमीन सबसे ज्यादा महंगी होगी।

# छत्तीसगढ़ में स्कूल बसों पर कसा शिकंजा, जांच से गायब 106 वाहन ब्लैकलिस्ट, कई पर जुर्माना भी

**रायपुर, एजेंसी।**
छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में जिला परिवहन विभाग ने जांच के लिए नहीं पहुंचने वाली 106 स्कूल बसों को काली सूची में डाल दिया है। अधिकारियों ने बताया कि रायगढ़ में जिला परिवहन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 106 स्कूल वाहनों को 'ब्लैकलिस्ट' कर दिया है। ओ.पी.जिंदल स्कूल और जिंदल यूनिवर्सिटी की बसों की जांच की गई, जिनमें 11 बसों में मानकों के हिसाब से खामियां मिली। इन बसों पर 55 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया।

अधिकारियों ने बताया कि वाहन परिवहन विभाग द्वारा लगाए गए कैंप में जांच के लिए कई बसें नहीं पहुंची थीं। बार-बार नोटिस देने के बाद भी बस





चलाने वालों द्वारा जांच नहीं कराए जाने पर विभाग ने कड़ी कार्रवाई की है। रायगढ़ के जिला परिवहन अधिकारी अमित प्रकाश कश्यप ने बताया कि उच्चतम न्यायालय की कमेटी द्वारा निर्धारित स्कूल बस के लिए 16 बिंदुओं के अंतर्गत जांच होती है। इसके लिए जिला परिवहन विभाग ने 21, 22 तथा और 29 जून को शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में कैंप का आयोजन किया था। इसमें अनुपस्थित स्कूल बसों को नोटिस जारी किया गया था, लेकिन उसके बाद भी ये वाहन जांच के लिए नहीं लाए गए। अधिकारी ने बताया कि इसके विरुद्ध अनुशासनात्मक कदम उठाते हुए सभी अनुपस्थित 106 स्कूल बस को वाहन परिवहन पोर्टल में 'ब्लैकलिस्ट' कर दिया गया। कश्यप ने बताया कि रायगढ़ जिले के कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश के अनुसार सभी स्कूल बसों की नियमित जांच की जा रही है। 26 जुलाई को ओ.पी.जिंदल स्कूल और जिंदल यूनिवर्सिटी की बसों की जांच की गई, जिनमें 11 बसों में मानकों के हिसाब से खामियां मिली। इन बसों पर 55 हजार रुपये का जुर्माना लगाते हुए स्कूल प्रबंधन को वाहनों के अपेक्षित सुधार के लिए निर्देश दिया गया।

# अनोखा प्रेम : पत्नी की मौत की बात सुन पति ने भी तोड़ा दम, हरियाणा में दंपती ने एक संग ली दुनिया से विदा

**रेवाड़ी, एजेंसी।**
गुरुग्राम से सटे हरियाणा के रेवाड़ी जिले के पीथनवास गांव में बुधवार को एक ऐसा मामला देखने को मिला, जहां पत्नी की मौत का समाचार पाते ही पति ने भी दम तोड़ दिया। आधा घंटा में पति-पत्नी दोनों की मौत होने की यह घटना गांव में और आसपास के इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार, पति-पत्नी के बीच गहरे प्रेम का यह मामला गांव पीथनवास का है। 93 वर्षीय दलीप सिंह व 90 वर्षीय पत्नी सुरजी देवी के बीच बहुत प्रेम था। उनके बीच मनमुटाव की बात परिजनों ने कभी नहीं सुनी थी। दोनों पूर्ण रूप से स्वस्थ



थे। बुधवार की सुबह उनके बेटे फूल सिंह की पत्नी चाय देने के लिए सास-ससुर के कमरे में गई। सास सुरजी देवी ने चाय पीने से इनकार कर दिया और ससुर दलीप सिंह चाय का कप लेकर कमरे से बाहर निकल गए। कुछ देर बाद बहू दोबारा चाय के लिए पूछने उनके कमरे में गई। उस समय सुरजी देवी चारपाई पर लेटी हुई थीं। बार-बार पूछने पर भी जब कोई जवाब नहीं मिला तो उन्होंने सास के शरीर को हिलाया तो वह निढाल पड़ा था।

इसकी जानकारी मिलते ही पूरा परिवार जमा हो गया। डॉक्टर को बुलाया गया जिसने उन्होंने सुरजी देवी को मृत घोषित कर दिया। उस समय दलीप सिंह घर के बाहर कुर्सी पर बैठे थे। उन्हें जब यह बात पता चली कि पत्नी अब इस दुनिया में नहीं रही तो वे कुर्सी पर ही चुपचाप बैठे रहे। परिजन जब उनके पास पहुंचे तो उनकी भी कुर्सी पर बैठे-बैठे ही मौत हो चुकी थी। वे संभवतः पत्नी की मौत का सदमा सहन नहीं कर पाए।

# अमेरिकी नौसेना का एफ-35 लड़ाकू विमान क्रैश पायलट सुरक्षित; लेमूर एयरबेस के पास हादसा

**वॉशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिकी नौसेना का एफ-35 फाइटर जेट कैलिफोर्निया के नेवल एयर स्टेशन लेमूर के पास क्रैश हो गया। नौसेना के बयान के अनुसार, पायलट ने समय रहते अपनी जान बचा ली, फिलहाल वो सुरक्षित है और खतरे से भी बाहर है।

यह विमान स्ट्राइक फाइटर स्क्वाड्रन वीएफ-125 रफ रेडर्स से जुड़ा था। इन इकाई वाले विमानों का प्रयोग अधिकतर पायलटों और एयरक्रू को प्रशिक्षण देने के लिए किया जाता है। हादसे के बाद से ही अमेरिकी नौसेना मुस्तैद है। फिलहाल दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

100 मिलियन डॉलर का था यह लड़ाकू विमान

जो एफ-35 विमान क्रैश हुआ, वह लगभग 100 मिलियन डॉलर यानी करीब 830 करोड़ रुपये की लागत वाला था। यह अमेरिकी नौसेना के लिए डिजाइन किया गया एक विशेष वैरिएंट है जिसे एयरक्राफ्ट कैरियर से उड़ाया जा सकता है। इस विमान को लॉकहेड मार्टिन कंपनी बनाती है और इसे अत्याधुनिक स्टील्थ, रडार अवॉइडेंस और लड़ाकू क्षमताओं के लिए जाना जाता है। नौसेना के अनुसार यह विमान वीएफ-125 रफ रेडर्स नामक स्ट्राइक फाइटर स्क्वाड्रन से जुड़ा था। यह स्क्वाड्रन एक फ्लीट रिप्लेसमेंट यूनिट है, जो नए पायलटों और एयरक्रू को प्रशिक्षित करने का काम करती है। यानी यह विमान किसी मिशन पर नहीं बल्कि प्रशिक्षण उद्देश्यों के तहत उड़ान पर था।



एफ-35 अमेरिका और उसके 19 सहयोगी देशों की पहली पसंद है, जो वैश्विक सुरक्षा को मजबूत करता है और दुनियाभर में खतरों को रोकने की क्षमता देता है। यह लड़ाकू विमान स्थिरता, इंटरऑपरेबिलिटी और बेहतरीन मूल्य प्रदान करता है। ये अमेरिकी सेना के लिए सबसे अहम फिफ्थ जनरेशन फाइटर जेट माना जाता है। इसे अमेरिकी वायुसेना, नौसेना और मरीन कॉर्प्स तीनों अलग-अलग वैरिएंट्स में इस्तेमाल करते हैं। यह साझेदार देशों के बीच तालमेल बढ़ाकर साझा प्रतिरोध को सशक्त करता है। एफ-35 के बढ़ते नेटवर्क के माध्यम से साझेदार देश एकजुट होकर दुनिया में शांति की रक्षा करते हैं। इसकी तकनीक और रणनीतिक क्षमताएं वैश्विक शक्ति संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाती हैं।

## सुनामी के अलर्ट के बाद लोगों की मदद के लिए ओपरा विन्फ्रे ने नहीं खोली निजी सड़क, यूजर्स ने घेरा

**हवाई, एजेंसी।**
रूस के पूर्वी तट कामचटका प्रायद्वीप में आए 8.7 तीव्रता वाले भूकंप के बाद जानी मानी टीवी शो निर्माता और होस्ट ओपरा विन्फ्रे को सोशल मीडिया पर लोगों के गुस्से का सामना करना पड़ा। लोगों ने आरोप लगाया कि भूकंप के बाद सुनामी की चेतावनी जारी की गई। लोग घरों से निकले, लेकिन ओपरा विन्फ्रे ने हवाई के कुला से वाइलिया को जोड़ने वाली अपनी निजी सड़क को नहीं खोला। सुनामी के अलर्ट के बाद लोग एक साथ सुरक्षित स्थानों पर पहुंचने के लिए निकले तो हवाई में जगह-जगह जाम लग गया। लोगों ने कहा कि अगर ओपरा अपनी निजी सड़क खोल देंती तो लोगों को मदद मिल सकती थी।

बुधवार को रूस में कामचटका प्रायद्वीप के पास शक्तिशाली भूकंप दर्ज किया गया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 8.7 दर्ज की गई। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे ने बताया कि सुबह 8ः25 बजे भूकंप समुद्र के नीचे उथले इलाके में आया। इसके कारण रूस, जापान, गुआम, हवाई और अलास्का में सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। सुनामी की चेतावनी के बाद लोग घरों से सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए निकले। इस दौरान हवाई में जगह-जगह जाम लग गया। लोगों ने जाम में फंसने के दौरान ओपरा विन्फे पर गुस्सा निकाला। लोगों ने एक्स पर लिखा कि ओपरा हवाई के वाइले से कुला तक अपनी निजी सड़क नहीं खोलेंगी, जिससे स्थानीय लोगों के लिए ऊंचे स्थानों पर पहुंचना आसान हो जाएगा। माउई में भारी यातायात है और हजारों लोग आने वाली भयंकर सुनामी से बचने की कोशिश कर रहे हैं। ओपरा सड़क खोल दीजिए। एक अन्य यूजर ने लिखा कि क्या उसे उत्पीड़ित नहीं होना चाहिए था? उसके पास अपना निजी रास्ता कैसे है? क्या वह महिला और अश्वेत नहीं है? क्या वह अंतर्संबंधता पैमाने पर बहुत उच्च स्कोर नहीं करती है? मुझे यह समझ में नहीं आता।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रंप के लिए सीडीसी की निदेशक नियुक्त हुईं सुसान मोनारेज

**वाशिंगटन, एजेंसी।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए सीनेट ने अमेरिकी रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) के निदेशक पद के लिए सुसान मोनारेज की नियुक्ति की पुष्टि कर दी है। 50 वर्षीय मोनारेज को जनवरी में कार्यवाहक निदेशक नियुक्त किया गया था और फिर मार्च में ट्रंप द्वारा अपनी पहली पसंद डेविड वेल्डन को अचानक वापस लेने के बाद उन्हें नामित किया गया। इस संघीय एजेंसी का काम बीमारियों पर नजर रखना और स्वास्थ्य संबंधी खतरों से निपटना है। उन्हें 51-47 वोट मिले।

### सिंगापुर में नौकरी के लिए पैसे मांगे भारतीय को जेल

**सिंगापुर , एजेंसी।** सिंगापुर की एक अदालत ने भारत के चरणजीत सिंह (20) को धोखाधड़ी और जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल करने का दोषी पाया है। उस पर घरेलू कामगार को उसके रिश्तेदारों के लिए फर्जी नौकरी के प्रस्ताव के लिए 3,700 सिंगापुरी डॉलर मांगने का आरोप लगा था। सिंह को 13 हफ्ते जेल की सजा सुनाई गई है। उसने अक्तूबर 2024 में भारतीय घरेलू कामगार से रिश्तेदारों को नौकरी की अर्जी के लिए रकम मांगी।

### नेब्रास्का के बायोफ्यूल प्लांट में धमाका, दो लड़कियों समेत एक कर्मचारी की मौत

**लिंकन, एजेंसी।** नेब्रास्का के एक बायोफ्यूल प्लांट में मंगलवार को जोरदार धमाका हुआ, जिसमें दो लड़कियों और एक कर्मचारी की मौत हो गई। दोनों लड़कियां अपने किसी रिश्तेदार का इंतजार कर रही थीं, जो वहीं काम कर रहा था। हादसे के बाद से फैक्ट्री में आग लगी हुई है, जो बुधवार तक भी बुझ नहीं पाई थी। फ्रेमोंट शहर के मेयर जॉय स्पेलरबर्ग ने बताया कि लड़कियां डॉक्टर के पास जाने से पहले इस फैक्ट्री में आई थीं। उनकी उम्र लगभग 12 साल से कम बताई गई है। डॉज काउंटी के एक पुलिस अधिकारी ने पुष्टि की कि तीनों लोग एक ही परिवार के सदस्य थे।

### रूस ने इंटरनेट की चिंता के चलते ओक्ला के स्पीडटेस्ट पर रोक लगाई

**मास्को, एजेंसी।** रूस ने अमेरिका की एक कंपनी द्वारा बनाए गए इंटरनेट स्पीड जांचने वाले टूल ओ ओक्ला स्पीडटेस्ट पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसका कारण यह बताया गया है कि इंटरनेट की धीमी गति और सुरक्षा खतरों को देखते हुए यह टूल रूस के लिए खतरा बन सकता है। रूस के संचार नियामक रोस्कोम्नाडज़ोर का कहना है कि स्पीडटेस्ट जैसे टूल से इंटरनेट की स्पीड और डिले का पता चल जाता है, और यह जानकारी दुश्मन देशों द्वारा इस्तेमाल की जा सकती है- जैसे कि दूर से कंट्रोल किए जाने वाले ड्रोन के लिए। रिपोर्ट के अनुसार, स्पीडटेस्ट कंपनी ओ ओक्ला पर पहले भी जुर्माना लगाया जा चुका है क्योंकि उसने रूसी यूजर्स का डेटा रूस के अंदर स्टोर नहीं किया था।

### सिंगापुर की राष्ट्रपति से मिलेंगे 7 भारतीय मजदूर

**सिंगापुर, एजेंसी।** सिंगापुर में हाल ही में एक सिंकहोल हादसे में महिला ड्राइवर की जान बचाने वाले सात भारतीय प्रवासी मजदूरों को राष्ट्रपति थरमन शनमुगरत्नम ने 3 अगस्त को इस्ताना प्रेसिडेंशियल पैलेस में होने वाले ओपन हाउस कार्यक्रम में आमंत्रित किया है। इन सभी की बहादुरी की प्रशंसा राष्ट्रपति, मंत्रालय और आम जनता ने की है। इनके लिए 72,241 सिंगापुर डॉलर की राशि दान स्वरूप भी जुटाई गई है।

### नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले भारतीय को सिंगापुर में सजा

**सिंगापुर , एजेंसी।** सिंगापुर हाईकोर्ट ने भारतीय नागरिक रामलिंगम सेल्वशेखरन (58) को 11 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म और छेड़छाड़ के तीन मामलों में दोषी पाते हुए 14 साल, तीन महीने और दो सप्ताह की जेल की सजा सुनाई है। उसकी उम्र 50 से अधिक होने के कारण उसे बेंत की सजा नहीं दी गई, लेकिन उसके स्थान पर अतिरिक्त कारावास दिया गया।

## दुनिया में घट गए 4 ईसाई देश

**पेरिस , एजेंसी।** ईसाई बहुल देशों की संख्या दुनिया में 2010 में 124 थी, जो 2020 में घटकर 120 पर आ गई है। इसकी वजह यह है कि कई देशों में ईसाई आबादी का अनुपात कम हुआ है। जनसंख्या वृद्धि दर में कमी और अपने धर्म को छोड़कर नास्तिक बनना या किसी और मजहब को स्वीकार करना इसकी अहम वजह है। जिन देशों में ईसाई आबादी अब बहुसंख्यक नहीं रही है, वहां कमी का कारण यह है कि बड़ी संख्या में लोगों ने धर्म को छोड़ दिया। ये लोग खुद को अब किसी भी धर्म से नहीं जोड़ते हैं। ये खुद को नास्तिक, अज्ञेयवादी अथवा अनीश्वरवादी मानते हैं। कुल मिलाकर ईसाई देशों की संख्या में 10 सालों के अंतराल में ही बड़ी कमी आ गई और 4 देश नक्शे से घट गए।

कुल 5 फीसदी देश दुनिया के ऐसे हैं, जहां बहुसंख्यक आबादी किसी भी धर्म को ना मानने वालों की है। अब बात करते हैं कि आखिर वे कौन से देश हैं, जहां की अब बहुसंख्यक आबादी ईसाई नहीं रही। इन देशों में यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया और उरुग्वे जैसे बड़े देश हैं। अब यूके में ईसाई आबादी 49 फीसदी ही बची है। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया में 47 फीसदी, फ्रांस में 46 और उरुग्वे में 44 फीसदी ही ईसाई जनसंख्या बची है। उरुग्वे में किसी भी धर्म को ना मानने वालों की संख्या 52 फीसदी हो गई है। एक और तथ्य यह है कि नीदरलैंड में भी बहुमत (54 फीसदी) अब किसी मजहब को न मानने वालों का है। इसके अलावा न्यूजीलैंड में यह नंबर 51 पर्सेंट है।

दुनिया के 201 मान्यता प्राप्त देशों में अब 120 ही ईसाई बहुल बचे हैं। इसके अलावा सिर्फ दो देश ही हिंदू बहुल हैं। इन देशों में एक भारत है और दूसरा नेपाल। दिलचस्प फैक्ट है कि 95 फीसदी हिंदू आबादी अकेले भारत में ही बसती है। इसके अलावा बाकी 5 फीसदी जनसंख्या पूरी दुनिया में बिखरी हुई है। यही नहीं दुनिया की आबादी में हिंदुओं की हिस्सेदारी 15 फीसदी है। कुल मिलाकर दुनिया के 60 फीसदी देश अब भी ईसाई बहुल है। हालांकि आने वाले दशकों में इस स्थिति में और बदलाव हो सकता है।

## ट्रंप ने पाकिस्तान के साथ की बड़ी ऑयल डील, बोले- एक दिन भारत को तेल बेचेगा पाक

**वाशिंगटन , एजेंसी।**
अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक चौंकाने वाला ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने पाकिस्तान के साथ एक बड़ा व्यापारिक करार किया है। इसके तहत दोनों देश मिलकर पाकिस्तान में विशाल तेल भंडार विकसित करेंगे।

इससे पहले ट्रंप ने भारत पर टैरिफ को लेकर कहा था कि भारत मित्र देश हैं। हालांकि उन्होंने टैरिफ में किसी राहत से इनकार कर दिया था।

अब ट्रंप पाकिस्तान के साथ ऑयल डील की बात कह रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि शायद एक दिन पाकिस्तान भारत को तेल बेचे। हालांकि, यह साफ नहीं है कि ट्रंप किन तेल भंडारों की बात कर रहे हैं।

**पाक के साथ मिलकर विशाल तेल भंडार विकसित करेंगे:** ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा, हमने पाकिस्तान के साथ एक करार किया है। इसके तहत पाकिस्तान और अमेरिका मिलकर उनके विशाल तेल भंडारों को विकसित करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अभी यह तय हो रहा है कि कौन सी तेल कंपनी इस साझेदारी को लीड करेगी। पाकिस्तान अभी मध्य पूर्व से तेल आयात करता है ताकि उसकी ऊर्जा ज़रूरतें पूरी हों।



लेकिन कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक, पाकिस्तान के पास समुद्र में विशाल तेल भंडार हैं। ये तकनीकी कमी और पैसों की कमी की वजह से अभी तक इस्तेमाल नहीं हो सके। पाकिस्तान इन भंडारों को विकसित करने के लिए निवेश जुटाने की कोशिश में है। ट्रंप ने मजाक में कहा, कौन जानता है, शायद एक दिन पाकिस्तान भारत को तेल बेचे।

**पाकिस्तान की तरफ से इस करार पर अभी कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।:** दोस्ती की बात कहकर ट्रंप ने मोड़ा मुंह

ट्रंप का यह ऐलान ऐसे वक्त में आया है जब उन्होंने भारत पर 25 फीसदी टैरिफ (आयात शुल्क) लगाने की घोषणा की है। यह टैरिफ भारत से आने वाली सभी चीजों पर लागू होगा। इसके साथ ही, रूस से सैन्य उपकरण और ऊर्जा खरीदने की वजह से भारत पर अतिरिक्त जुर्माना भी लगेगा। ट्रंप ने भारत की व्यापार नीतियों को सबसे सख्त और आपत्तिजनक बताया।

## रूस ने ट्रंप के अल्टीमेटम को दिखाया ठेंगा: यूक्रेन में सीधे नागरिकों पर बरसीं मिसाइलें, 6 मरे व 52 घायल

**मास्को , एजेंसी।**
रूस ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अल्टीमेटम को ठेंगा दिखाते हुए यूक्रेन की राजधानी पर रात में मिसाइलों और ड्रोन से हमला किया जिसमें छह साल के बच्चे सहित कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। यूक्रेनी अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। कीव सिटी सैन्य प्रशासन के प्रमुख तैमूर तकाचेंको ने कहा कि हमलों में कम से कम 52 अन्य लोग घायल हुए हैं तथा यह संख्या बढ़ने की आशंका है। तकाचेंको ने बताया कि इस हमले से नौ मंजिला आवासीय इमारत का एक बड़ा हिस्सा ढह गया।उन्होंने बताया कि बचाव दल मलबे में फंसे लोगों को बचाने के लिए घटनास्थल पर मौजूद हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने सोशल मीडिया मंच टेलीग्राम पर लिखा, मिसाइल हमला। सीधे एक रिहायशी इमारत पर। लोग मलबे के नीचे हैं। सभी सेवाएं घटनास्थल पर हैं। घटनास्थल की तस्वीरों में आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त इमारत से धुंए का गुबार निकलता हुआ तथा जमीन पर मलबा बिखरा हुआ दिखाई दे रहा है। तकाचेंको ने बताया कि कीव में कम से कम 27 स्थानों पर हमला हुआ, जिसमें सबसे अधिक नुकसान सोलोमिंस्क्यी और स्वियातोशिनस्क्यी जिलों में हुआ।



## 16 साल से कम उम्र के बच्चे नहीं देख पाएंगे यूट्यूब, ऑस्ट्रेलिया की सरकार ने लिया फैसला

**सिडनी , एजेंसी।**
ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने घोषणा की है कि यूट्यूब उन इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्म में शामिल होगा, जिन्हें दिसंबर से यह सुनिश्चित करना होगा कि यूजर्स की उम्र कम से कम 16 वर्ष हो।

यूट्यूब को पिछले साल नवंबर में एक अपवाद के रूप में सूचीबद्ध किया गया था, जब संसद ने दुनिया का पहला ऐसा कानून पारित किया था जो 16 साल से कम उम्र के बच्चों को फेसबुक, इंस्टाग्राम, स्नैपचैट, टिकटॉक और एक्स जैसे प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंधित कर देंगे।

आयु प्रतिबंध 10 दिसंबर से प्रभावी होंगे और कम उम्र के यूजर्स को बाहर करने के लिए जिम्मेदार कदम उठाने में विफल रहने पर प्लेटफॉर्म पर पांच करोड़ ऑस्ट्रेलियाई डॉलर तक का जुर्माना लगाया जाएगा। ये कदम अभी तक परिभाषित नहीं किए गए हैं।

प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने कहा कि बच्चों पर ऑनलाइन प्लेटफॉर्मों का नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है और इंटरनेट मीडिया को उनकी सामाजिक जिम्मेदारी की याद दिलाता हूं। वह चाहते हैं कि ऑस्ट्रेलियाई माता-पिता जानें कि हम उनके साथ हैं।

यूट्यूब का कहना है कि इसे 13 से 15 वर्ष के लगभग तीन-चौथाई ऑस्ट्रेलियाई उपयोग करते हैं और इसे इंटरनेट मीडिया के रूप में वर्गीकृत नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि इसकी मुख्य गतिविधि वीडियो होस्ट करना है। यूट्यूब के एक प्रवक्ता ने कहा, यूट्यूब एक वीडियो शेयरिंग प्लेटफॉर्म है जिसमें मुफ्त, उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री की लाइब्रेरी है। यह इंटरनेट मीडिया नहीं है।

## विमान में टर्बुलेंस से यात्री घायल, अमेरिका में डेल्टा विमान की करानी पड़ी इमरजेंसी लैंडिंग

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिका में डेल्टा एयरलाइंस के एक यात्री विमान की गंभीर टर्बुलेंस के बाद इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। डेल्टा एयरलाइंस के अनुसार, साल्ट लेक सिटी से एम्स्टर्डम जा रही एक उड़ान बुधवार रात गंभीर टर्बुलेंस की चपेट में आ गई, जिससे यात्री घायल हो गए। इसके बाद विमान को मिनियापोलिस-सेंट पॉल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की ओर मोड़कर उसकी इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी।

एयरलाइन ने कहा कि मेडिकल स्टाफ ने उड़ान का निरीक्षण किया और 25 यात्रियों को जांच और उपचार के लिए स्थानीय अस्पतालों में ले जाया गया। उड़ान के दौरान होने वाली टर्बुलेंस से गंभीर चोटें आनीं दुर्लभ हैं, लेकिन वैज्ञानिकों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन के कारण जेट स्ट्रीम में परिवर्तन होने के कारण ऐसे मामले अधिक आम हो सकते हैं। मई 2024 में सिंगापुर एयरलाइंस की एक उड़ान में ऐसी ही एक गंभीर परेशानी आने से आने से एक व्यक्ति की मौत हो ग थी ई, जो कई दशकों में किसी प्रमुख एयरलाइन में टर्बुलेंस के कारण किसी यात्री की मौत का पहला मामला था।

## कनाडा का ऐतिहासिक फैसला: गाजा युद्ध के बीच फिलीस्तीन को मान्यता का ऐलान

**टोरंटो , एजेंसी।**
गाजा में इजराइल के भीषण हमलों और हजारों फिलीस्तीनियों की मौत के बीच कनाडा ने ऐतिहासिक कदम उठाया है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने बुधवार को घोषणा की कि उनकी सरकार फिलीस्तीन को स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता देगी। कार्नी ने कहा कि यह मान्यता संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें सत्र में सितंबर 2025 में दी जाएगी। उन्होंने कहा कि कनाडा हमेशा चाहता था कि इजराइल और फिलीस्तीन के बीच आपसी बातचीत से दो-राष्ट्र समाधान निकले, लेकिन अब यह तरीका संभव नहीं लग रहा है। कनाडा से पहले इसी महीने ब्रिटेन और फ्रांस ने भी फिलीस्तीन को मान्यता देने का ऐलान किया है। इन तीनों देशों का मानना है कि इससे गाजा में हिंसा और वेस्ट बैंक में अवैध बस्तियों को रोका जा सकेगा और शांति के प्रयासों को मजबूती मिलेगी।



प्रधानमंत्री कार्नी ने कहा कि यह मान्यता कुछ शर्तों पर आधारित होगी। इसमें फिलीस्तीनी प्रशासन और राष्ट्रपति महमूद अब्बास द्वारा जरूरी सुधार करना, 2026 में आम चुनाव कराना और हामास को भविष्य में किसी भी तरह की भूमिका से बाहर रखना शामिल है। उन्होंने साफ किया कि हामास को किसी भी सूरत में भविष्य में फिलीस्तीन की सरकार या चुनाव में शामिल नहीं होने दिया जाएगा। कई जानकार मानते हैं कि इससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर सवाल उठ सकते हैं, लेकिन कनाडा का कहना है कि आतंक और हिंसा को समर्थन नहीं दिया जा सकता। कार्नी ने कहा, दो-राष्ट्र समाधान को जिंदा रखना जरूरी है। हमें हर उस इंसान के साथ खड़ा होना होगा जो आतंक और हिंसा के बजाय शांति चाहता है। दूसरी तरफ अमेरिका ने कनाडा, ब्रिटेन और फ्रांस के इस फैसले का खुलकर विरोध किया है। अमेरिका, जो इजराइल का सबसे बड़ा सहयोगी है, का कहना है कि फिलीस्तीन को मान्यता देना दरअसल हामास को इनाम देना है । अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के ऐलान पर भी तंज कसते हुए कहा, उनके कहने से कुछ नहीं बदलने वाला। उन्होंने ब्रिटेन के कदम पर भी कहा कि यह फैसला सही नहीं है और यह मुद्दा हाल ही में ब्रिटिश प्रधानमंत्री किअर स्टार्मर से हुई बैठक में भी नहीं उठा था।ट्रंप ने कहा, *अगर आप ऐसा करते हैं तो आप आंतकी हमास को इनाम दे रहे हैं। मैं इस सोच के खिलाफ हूं। गौरतलब है कि इजराइल ने अक्टूबर 2023 में हमास के हमले के जवाब में गाजा पर बड़ा सैन्य अभियान शुरू किया था। इसमें अब तक 60 हजार से ज्यादा फिलीस्तीनी मारे जा चुके हैं और पूरा गाजा पट्टी बर्बाद हो चुकी है। संयुक्त राष्ट्र और कई मानवाधिकार समूहों ने इजराइल पर नरसंहार के आरोप लगाए हैं।

कनाडा ने पिछले साल इजराइल को नए हथियार निर्यात पर रोक लगाने का ऐलान किया था। लेकिन हाल ही में सामने आई एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि कनाडा से अभी भी हथियार इजराइल भेजे जा रहे हैं। इसके बाद कनाडा सरकार पर झूठ बोलने के आरोप लगे हैं।कनाडा की मुस्लिम काउंसिल ने प्रधानमंत्री कार्नी के इस फैसले का स्वागत किया है, लेकिन उन्होंने कहा कि सिर्फ फिलीस्तीन को मान्यता देना काफी नहीं है। उन्होंने मांग की कि इजराइल पर और सख्त प्रतिबंध लगाए जाएं और सभी हथियार सौदों को तुरंत रद्द किया जाए।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### शांत द्वीप की मधुर धुन- अंडमान शामा जिसकी मधुर आवाज चीरती है जंगल के सन्नाटों को

शहरों की भीड़ भाड़ से दूर किसी टापू पर छुट्टियां मनाने का दिल तो हम सभी का करता है पर क्या आप इन टापुओं पर रहने वाले अद्वितीय पशु पक्षियों से वाकिफ हैं जो सिर्फ भारत के इन्हीं द्वीपों पर पाए जाते हैं? इसी तरह का एक ऐसा पक्षी है जो सिर्फ अंडमान के द्वीप पर ही पाया जाता है। यह अंडमान के घने वनों में छिपा एक रहस्यमयी गायक है, जिसकी मधुर आवाज जंगल के सन्नाटों को चीरती हुई हमारे कानों में गूंजती है। इसकी आवाज सुनने मात्र से मानो ऐसा प्रतीत होता है जैसे वन खुद गीत गा रहे हो। ये है भारत का गायन पक्षी 'अंडमान शामा' जो केवल अंडमान में ही पाया जाता है। रॉबिन पक्षी जैसा दिखने वाला शामा अपनी लंबी पूंछ, चमकदार काले पंखों और सफेद पेट के कारण न केवल देखने में बेहद खूबसूरत है, बल्कि सुनने में भी उतना ही मनमोहक व सुरीला है जो की और दक्षिण-पूर्व एशिया में पाए जाने वाले के व्हाइट-रंप्ड शामा से कुछ हद तक मेल खाता है, लेकिन इसकी खास रंगत और गायन शैली इसे बाकी शामा प्रजाति के पक्षियों से अलग बनाती है। शामा के पसंदीदा ठिकानों में शामिल हैं घने सदाबहार वन, झाड़ियां और बगीचे, इन्हे मुख्यत~ उन जगहों पर रहना पसंद है जहां पास में पानी हो जैसे की घाटियों में घनी झाड़ियां। यह अपना घोंसला घास, बांस की पत्तियों, जड़ों और टहनियों से बनती है, जो की ज़मीन से लगभग 3 मीटर ऊंचाई पर पेड़ या झाड़ी में छिपा होता है जिसके कारण इन्हें आसानी से देख पाना मुश्किल होता है। इसके गान की मधुरता ही इसे एक अद्वितीय गायन पक्षी बनाती है और यही वजह है कि यह पक्षी पक्षी प्रेमियों के बीच खासा लोकप्रिय है। इस पक्षी को स्थानीय भाषा यानी की अंडमान में 'थो पनाइयतु' और बगसुयान के नाम से जाना जाता है। अगर इसके अंडो के बारे में बात करे तो मादा एक बार में दो से तीन हल्के हरे रंग के अंडे देती है, जिन पर बैंगनी-भूरे, चॉकलेट भूरे या स्लेटी रंग की धारियां होती हैं, जो अंडों के ऊपरी हिस्से पर अधिक सघन होती हैं। मादा की तुलना में नर अंडमान शामा का पूरा शरीर सिर, गला, गर्दन, पीठ और लंबी पूंछ तक काले रंग का होता है साथ ही पेट पर सफेद और बाजुओं में गेरुए रंग की झलक होती है।

### शांत द्वीप की मधुर धुन- अंडमान शामा जिसकी मधुर आवाज चीरती है जंगल के सन्नाटों को

शहरों की भीड़ भाड़ से दूर किसी टापू पर छुट्टियां मनाने का दिल तो हम सभी का करता है पर क्या आप इन टापुओं पर रहने वाले अद्वितीय पशु पक्षियों से वाकिफ हैं जो सिर्फ भारत के इन्हीं द्वीपों पर पाए जाते हैं? इसी तरह का एक ऐसा पक्षी है जो सिर्फ अंडमान के द्वीप पर ही पाया जाता है। यह अंडमान के घने वनों में छिपा एक रहस्यमयी गायक है, जिसकी मधुर आवाज जंगल के सन्नाटों को चीरती हुई हमारे कानों में गूंजती है। इसकी आवाज सुनने मात्र से मानो ऐसा प्रतीत होता है जैसे वन खुद गीत गा रहे हो। ये है भारत का गायन पक्षी 'अंडमान शामा' जो केवल अंडमान में ही पाया जाता है। रॉबिन पक्षी जैसा दिखने वाला शामा अपनी लंबी पूंछ, चमकदार काले पंखों और सफेद पेट के कारण न केवल देखने में बेहद खूबसूरत है, बल्कि सुनने में भी उतना ही मनमोहक व सुरीला है जो की और दक्षिण-पूर्व एशिया में पाए जाने वाले के व्हाइट-रंप्ड शामा से कुछ हद तक मेल खाता है, लेकिन इसकी खास रंगत और गायन शैली इसे बाकी शामा प्रजाति के पक्षियों से अलग बनाती है। शामा के पसंदीदा ठिकानों में शामिल हैं घने सदाबहार वन, झाड़ियां और बगीचे, इन्हे मुख्यत~ उन जगहों पर रहना पसंद है जहां पास में पानी हो जैसे की घाटियों में घनी झाड़ियां। यह अपना घोंसला घास, बांस की पत्तियों, जड़ों और टहनियों से बनती है, जो की ज़मीन से लगभग 3 मीटर ऊंचाई पर पेड़ या झाड़ी में छिपा होता है जिसके कारण इन्हें आसानी से देख पाना मुश्किल होता है। इसके गान की मधुरता ही इसे एक अद्वितीय गायन पक्षी बनाती है और यही वजह है कि यह पक्षी पक्षी प्रेमियों के बीच खासा लोकप्रिय है। इस पक्षी को स्थानीय भाषा यानी की अंडमान में 'थो पनाइयतु' और बगसुयान के नाम से जाना जाता है। अगर इसके अंडो के बारे में बात करे तो मादा एक बार में दो से तीन हल्के हरे रंग के अंडे देती है, जिन पर बैंगनी-भूरे, चॉकलेट भूरे या स्लेटी रंग की धारियां होती हैं, जो अंडों के ऊपरी हिस्से पर अधिक सघन होती हैं।

## शिव का कल्याणकारी और संहारक रूप

**(मोहन सिंह)**

ब्रह्मा ने शिव से जानना चाहा कि क्या आप नश्वर प्राणियों को उत्पन्न नहीं कर सकते ? शिव ने सिर हिलाया। मैं केवल अमर प्राणियों को ही उत्पन्न कर सकता हूं। अगर इससे आपकी सृष्टि प्रक्रिया निष्प्रभावी होती है, तो मैं इसका हिस्सा नहीं बनूंगा। ऋग्वेद में शिव के दो रुप मिलते हैं। रुद्र के रूप में वे एक शक्तिशाली और उग्र देवता के रुप में चित्रित किये गए हैं। जो तूफान, बारिश और विनाश से जुड़े हैं। शिव रुप में उन्हें कल्याणकारी और सर्वव्यापी कहा गया है। ऋग्वेद में में पाये जाने वाले 'महामृत्युंजय मंत्र' में उन्हें अमरता प्रदान करने वाले देवता के रुप में चित्रित किया गया है। एक पौराणिक कथा है। जब ब्रह्मा ने शिव से सृष्टि में सहयोग करने का अनुरोध किया, तो शिव ने ब्रह्मा के सामने ऐसे ग्यारह रुद्र खड़े कर दिये, जो उनके ही प्रतिरुप थे और अमर थे।ब्रह्मा को यह चिंता सताने लगी कि इससे तो ब्रह्मामांडीय संतुलन ही बिगड़ जायेगा। सृष्टि में केवल नाशवान् प्राणी ही जन्म ले सकते हैं। पृथ्वी पर रहने वाले प्राणी अमर कैसे हो सकते हैं? फिर तो सृजन-संरक्षण और विनाश का चक्र ही गड़बड़ हो जायेगा। ब्रह्मा ने शिव से जानना चाहा कि क्या आप नश्वर प्राणियों को उत्पन्न नहीं कर सकते ? शिव ने सिर हिलाया। मैं केवल अमर प्राणियों को ही उत्पन्न कर सकता हूं। अगर इससे आपकी सृष्टि प्रक्रिया निष्प्रभावी होती है, तो मैं इसका हिस्सा नहीं बनूंगा। पुराणों में भगवान शिव का मनुष्य रुप में भी वर्णन मिलता है। इसे हम 'शिवावतार' कह सकते हैं। इस रुप में वे कभी प्रकट होते हैं, कभी अलक्षित रहते हैं। ऐसे भगवान शिव की तीन जगह उपस्थित बतायी जाती है। भद्रवट में - जो कैलाश से पूर्व की ओर लौहित्यगिरि के ऊपर है। दूसरा स्थान कैलाश पर्वत पर और तीसरा मूजवान पर्वत पर। काशी खंड में एक कथा है कि- शिव ने अपना सारा राज्य मानसरोवर पर विष्णु भगवान को दे दिया और स्वयं विरक्त होकर एकान्त में रहने लगे अन्याय के समय देवताओं के प्रार्थना करने पर वे प्रकट हुए। स्वामी कार्तिकेय की उत्पत्ति के लिए, त्रिपुर- वध के लिए

> ***पांचवीं कला वांग्मय मूर्ति भूतेश नाम से उपास्य है। शिव के इस अक्षर रुप में उपासना का विधान हमारे शास्त्रों में किया गया है। हमारे शरीर में भी हृदय कमल में ब्रह्म की, नाभि में विष्णु की और और मस्तिष्क में शिव की उपस्थिति मानी जाती हैं।***

पार्वती से विवाह किया। एक पौराणिक कथा यह भी है कि - ब्रह्मा को सृष्टि की सृजन प्रक्रिया समझाने के लिए ही भगवान शिव ने अर्धनारीश्वर रुप धारण किया। परस्पर विरोधी ऊर्जा का सहजीवी रुप। अर्धनारीश्वर रुप में ब्रह्मा को संबोधित करते हुए शिव कहते हैं कि - इसकी आवश्यकता क्यों है ? सृजन के लिए! शिव - शक्ति, देव- देवी शक्ति, स्थिर - गतिशील, होने - बनने का संयुक्त रुप ही सृष्टि का आधार है। स्त्रीलिंग और पुल्लिंग आपकी बनायी सृष्टि के दो अंग हैं। इन दोनों तत्वों के मिलन से ही सृष्टि प्रक्रिया अनंतकाल तक जारी रहेगी। इस आख्यान से इतना तो स्पष्ट होता है कि सृजन का जो काम अपने विवेक से ब्रह्मा नहीं कर सकें, वह सृष्टि प्रक्रिया सम्पन्न हुई शिव के सलाह और अर्धनारीश्वर रुप में प्रकट होने से।अब अनन्त काल तक ऐसी चलती रहेगी, उनकी कृपा से। फिर भी लोक में शिव का संहारक रुप ही ज्यादा प्रचलित है। जब कि सृजन और संहार सृष्टि का अवश्यम्यभावी रुप है। इसके अतिरिक्त जिसने सबका संहार किया, वह तो बचा ही रहेगा। फिर सृष्टि भी वहीं करेगा। भगवान शिव को पांच कलाओं का अधिष्ठाता होने के कारण के पांच रुपों में प्रकट माना जाता हैं। आनन्द, विज्ञान, मन , प्राण और वाक। ये अव्यय पुरुष की पांच कलाएं हैं। आनन्द रुप की 'मृत्युंजय' नाम से उपासना होती है। दूसरी कला विज्ञानमय शंकरमूर्ति की दक्षिणामूर्ति नाम से उपासना होती है। तीसरी मनोमय कला के अधिष्ठाता 'कामेश्वर ' शिव का ही रुप है। शिव की इस रुप में उपासना तान्त्रिकों में प्रसिद्ध है। मन का प्रथम बीज भी काम ही है। इस लिए मन को काम प्रधान कहा गया है। ऋग्वेद में कहा गया है - कामास्तग्रे समवर्तताधि मनसो रेत~ प्रथम~ यदासीत। सतो बन्धुमसमति निरविन्दन् हृदि प्रतीष्या कवयो मनीषा।।(10/129/4ऋग्वेद) शिव की चौथी कला की 'पशुपति' और 'नीलोहित' नामों से उपासना होती हैं। पांचवीं कला वांग्मय मूर्ति भूतेश नाम से उपास्य है। शिव के इस अक्षर रुप में उपासना का विधान हमारे शास्त्रों में किया गया है। हमारे शरीर में भी हृदय कमल में ब्रह्म की, नाभि में विष्णु की और और मस्तिष्क में शिव की उपस्थिति मानी जाती हैं। वृक्षों में यह स्थिति बदल जाती हैं। वहां मूल से जो रस प्राप्त होता है उसी से उसका पोषण होता है। इस लिए कहा गया है - मूलत ब्रह्मरुपाय मध्यतो विष्णु रुपिणे। अग्रत~ शिवरुपाय अश्वत्थाय नमो नमः।। शिव ऐसे देवता है जिनकी उपासना देवता और लिंग दोनों रुपों में होती हैं। स्कन्द पुराण में वर्णन मिलता है कि - आकाशं लिंगमित्याहु~ पृथ्वीं तस्य पीठिका। आलय~ सर्व देवानां लयनार्लिंगमुच्ते।। अर्थात् आकाश लिंग रुप है, पृथ्वी उसका आधार है। प्रलय काल में सृष्टि, देवता आदि उसी लिंग में समाविष्ट हो जाते हैं। सभी देवताओं का प्रादुर्भाव भी ज्योतिर्लिंग से ही माना गया है । शिव का एक विश्वरुपभी है। 'शेरतेह्यस्मिन् सर्व इति शिव~' शिव का यह वह रुप है, जिसमें सब कुछ समाहित है। अग्नि जिसका मस्तिष्क है। चन्द्रमा और सूर्य दोनों नेत्र हैं। वेद जिसकी वाणी है। विश्वरुपी प्राणवायु अर्थात् प्राण जिसके हृदय में है। पृथ्वी पादरुप है। और जो सभी भूतों का अंतरात्मा है। इनमें सोम तत्व चन्द्रमा रुप में, अप् गंगा रुप में वायु जटा रुप में शिव के मस्तक पर विराजमान हैं। इस लिए शिव का एक नाम 'व्योमकेश' है।अर्थात् आकाश तत्व उनकी जटा है। हमारे शास्त्रों में ऐसी मान्यता है कि भगवान शिव की सावन में निम्न मन्त्रों से उपासना करने पर हर तरह की मनोकामनाएं पूरी होती हैं - ऊं नमः शिवाय। ऊं भगवते रुद्राय। धीमहि तन्नो रुद्र प्रचोदयात। उर्वारुकमिव वन्धनान् मृत्योर्मुक्षीव मामममृतात।। शतपथ ब्राह्मण में एक कथा आती है। श्रेष्ठता पाने के लिए मन और वाणी में कलह हो गया। मन का कहना था कि मेरे द्वारा जो ज्ञात नहीं है, उसे वाणी नहीं बोल सकती। वाणी का कहना था कि तुम जो जानते हो, उसे मैं ही प्रकट करती हूं। अतः मैं ही श्रेष्ठ हूं। दोनों प्रजापति के पास गये। प्रजापति ने अपना निर्णय मन के पक्ष में दिया। अर्थात् वाणी की अपेक्षा मन को श्रेष्ठ माना गया। इस मन को श्रेष्ठ मानने का एक कारण यह भी हो सकता है कि- मन ही हमारे कल्याणकारी संकल्प को कार्य रुप में प्रकट करता है। भगवान शिव का संकल्प भी कुछ ऐसा ही है। समुद्र-मंथन से प्राप्त विष का पान तो जगत् कल्याण के लिए वे पी गये , पर यह उनके संकल्प शक्ति की ही बलिहारी है कि उस विष को गले के नीचे उतरने नहीं दिया। इस लिए वे नीलकंठ कहलाये।वह विष भी कोई ऐसा - वैसा नहीं था। उसके ताप से देवताओं का समूह जलने लगा था। गोस्वामी तुलसीदास लिखते है - जयंत सकल सूर वृंद, विषम गरल जेहिं पान किय। यजुर्वेद के 34 वें अध्याय के चौथी ऋचा में ऐसे ही संकल्प को शिवसंकल्प की संज्ञा दी गयी है - यत्प्रज्ञानमुत चेतो धृति~ च यज्जयोतिरन्तरमृतं प्रजासु। यस्मान्न ऋ ते किचन कर्म क्रियते तन्मे मन~ शिवसंकल्पमस्तु।। अर्थात् जिस अमृतस्वरुप मन के द्वारा भूत , भविष्यत् और वर्तमान सम्बन्धी सभी विषयों का यथार्थ ज्ञान प्राप्त होता है।

## एससीओ बैठक में जयशंकर और इशाक डार के भाषणों के विश्लेषण से कई बड़ी बातें सामने आई

**(नीरज कुमार दुबे)**

जयशंकर का फोकस भारत की 'वसुधैव कुटुंबकम' की नीति और 'आत्मनिर्भर भारत' के विजन को क्षेत्रीय सहयोग से जोड़ने पर रहा। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि साझा विकास तभी संभव है जब क्षेत्र में शांति और आतंकवादमुक्त माहौल हो। चीन के तियानजिन शहर में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में भारत और पाकिस्तान के विदेश मंत्रियों के भाषण ने एक बार फिर यह साफ कर दिया कि दोनों देशों के बीच भले ही मंच साझा हो, लेकिन उनके दृष्टिकोण, प्राथमिकताएं और वैश्विक भूमिका को लेकर सोच में गहरी खाई कायम है। जहां भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर का वक्तव्य एक परिपक्व, आत्मविश्वासी और वैश्विक दृष्टिकोण से परिपूर्ण था, वहीं पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार का भाषण पुरानी शिकायतों, पाकिस्तान की विक्टिम कार्ड वाली छवि और कश्मीर के घिसे-पिटे मुद्दों के इर्द-गिर्द ही सिमटा रहा। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अपने भाषण में एससीओ की प्रासंगिकता, क्षेत्रीय स्थिरता और आतंकवाद के खिलाफ साझा जिम्मेदारियों पर जोर दिया। उन्होंने न सिर्फ भारत की उभरती हुई वैश्विक भूमिका को रेखांकित किया, बल्कि इस मंच के माध्यम से पाकिस्तान सहित सभी पड़ोसी देशों को स्पष्ट संदेश भी दिया कि आतंकवाद और सीमा-पार हिंसा किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में भारत की कार्रवाई को उचित ठहराते हुए जयशंकर ने एससीओ को आतंकवाद और चरमपंथ से निपटने के अपने स्थापना उद्देश्य से नहीं भटकने की सलाह भी दी। साथ ही जयशंकर का फोकस भारत की 'वसुधैव कुटुंबकम' की नीति और 'आत्मनिर्भर भारत' के विजन को क्षेत्रीय सहयोग से जोड़ने पर रहा। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि साझा विकास तभी संभव है जब क्षेत्र में शांति और आतंकवादमुक्त माहौल हो। ऊर्जा सुरक्षा, आर्थिक सहयोग, कनेक्टिविटी और जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों पर भारत के रुख ने एक जिम्मेदार और परिपक्व वैश्विक शक्ति की छवि भी पेश की। दूसरी ओर, पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार का भाषण कहीं न कहीं भारत के विरुद्ध पूर्व निर्धारित एजेंडे और पुराने दावों का ही विस्तार प्रतीत हुआ। इशाक डार ने अप्रत्यक्ष रूप से कश्मीर का मुद्दा उठाकर इसे अंतर्राष्ट्रीय मंच पर घसीटने की कोशिश की, जबकि एससीओ का मापदंड है कि यह मंच द्विपक्षीय विवादों के लिए नहीं, बल्कि साझा क्षेत्रीय हितों के लिए है। डार के भाषण में पहलगाम हमले से पल्ला झाड़ने, भारत के खिलाफ बेबुनियाद आरोप लगाने और भारत के साथ संवाद की आवश्यकता भी जताने जैसी बातें मुख्य बिंदू रहीं। इशाक डार ने कहा कि पिछले तीन महीनों में दक्षिण एशिया में ''बेहद परेशान करने वाली घटनाएं'' हुईं। इशाक डार ने कहा, ''पाकिस्तान संघर्ष-विराम और स्थिर क्षेत्रीय संतुलन कायम करने की अपनी प्रतिबद्धता पर अडिग है। हालांकि, हम यह स्वीकार नहीं कर सकते कि बल का मनमाना प्रयोग सामान्य हो जाए।'' देखा जाये तो पाकिस्तान एक ओर खुद को पीड़ित दिखाने की कोशिश करता रहा, वहीं दूसरी ओर क्षेत्रीय स्थिरता और विकास की बातें करता रहा, जो उसकी नीति में अंतर्विरोध को ही उजागर करता है। भारत और पाकिस्तान के विदेश मंत्रियों के भाषण पर गौर करेंगे तो एससीओ मंच पर दोनों देशों के दृष्टिकोण में जमीन-आसमान का फर्क दिखाई देगा। जहां भारत आर्थिक विकास, आतंकवाद के विरुद्ध एकजुटता और क्षेत्रीय स्थिरता की बात कर रहा था।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5809

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | 6 | 9 | | | | | |
| 2 | | | | 8 | | | | 5 |
| | | | 1 | | 6 | 8 | | |
| | 2 | 7 | 4 | | 1 | | 9 | |
| | 1 | | | | | | 4 | |
| | 4 | | 2 | | 8 | 7 | 3 | |
| | | 2 | 8 | | 5 | | | |
| 1 | | | | 3 | | | | 6 |
| | | | | | 9 | 2 | 8 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5808

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 2 | 3 | 1 | 9 | 4 | 8 | 5 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 6 | 3 | 4 | 9 | 7 | 5 | 1 | 2 | 8 |
| 1 | 9 | 7 | 8 | 3 | 2 | 5 | 6 | 4 |
| 2 | 5 | 8 | 4 | 6 | 1 | 3 | 7 | 9 |
| 3 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 1 | 9 | 6 | 4 | 3 | 2 | 5 | 7 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 9 | 3 | 1 |

## वर्ग पहेली 5809

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 |
| 6 | | ■ | 7 | 8 | | ■ | |
| 9 | | 10 | ■ | 11 | | 12 | |
| ■ | 13 | | 14 | | ■ | 15 | |
| 16 | ■ | 17 | | | ■ | 18 | |
| 19 | 20 | ■ | | | | ■ | |
| 22 | | 23 | ■ | ■ | ■ | 24 | |
| | ■ | 25 | | ■ | 26 | | |

**संकेतः बाएं से दाएं**
1. यह चीनी जनवादी गणराज्य की राजधानीर है जिसे बीजिंग भी कहा जाता है (4)
4. समझौता, संधि (3)
6. निशा, विभावरी, रजनी (2)
7. रात्रि को यह भी कहते है (3)
9. यह देश जंबूद्वीप के दक्षिण पश्चिम खंड में स्थित देश है (3)
11. चुनौती (4)
13. रूपवती स्त्री, सुंदर स्त्री (4)
15. दार्शनिक प्रणाली, राय (2)
17. महर्षि परशुराम का शस्त्र (3)
18. गर्व, फख, घमंड (2)
19. बहुत बड़ा हथौड़ा, घनसार (2)
21. बांस की चटाई को यह भी कहते है (3)
22. मुश्किल, कठिन (3)
24. शत्रु, बैरी, दुश्मन (2)
25. संसार, जगत, दुनिया, जग (2)
26. पहरेदार, रखवाला, द्वारपाल (3)

**संकेतः ऊपर से नीचे**
1. पेरने की मजदूरी, पेरने की क्रिया (3)
2. इठलाना, ऐंठना (4)
3. पटना से करीब 90 किमी.दक्षिण में एक पुण्य स्थान जहां तिल आदि से श्राद्ध करने से चार महापातकों से मुक्ति होती है (2)
4. पहने रेडियों उद्घोषक फिर अभिनेता ओर अंत में राष्ट्रीय स्तर के नेता रहे जिनका निधन 25 मई 2005 को हुआ (सिर्फ नाम)(3)
5. पुरानी फिल्मों के गीतकार जो शंकर जयकिशन के पसंदीदा गीतकार थे (8)
8. सबसे प्रेमपूर्वक मिलने-जुलने वाला (5)
10. अरब का एक प्रसिद्ध नगर जहां हजरत अली की मजार है (3)
12. हसरत, आरजू, तमन्ना, वांछा (3)
14. मेघ, बादल (3)
16. सुप्रसिद्ध कवि कालिदास की प्रसिद्ध कृति (4)
20. पंचतत्वों मे से एक, आकाश, अंबर (2)
23. भास्कर, दिपपति, दिनकर (2)
24. परंपरा, वास्तविक, ईश्वरीय विधान (2)

### वर्ग पहेली 5808 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शि | क्ष | क | दि | व | स | ■ | ■ |
| व | य | ■ | वा | र | दा | त | ■ |
| प्रि | ■ | प | क | ना | ■ | ला | ल |
| या | द | गा | र | ■ | भू | त | ल |
| ■ | न | र | ■ | ल | क | ल | क |
| वा | द | ■ | ■ | ग | ■ | ■ | ना |
| प | ना | ह | दे | ना | ■ | ना | ■ |
| स | ना | त | न | ■ | भू | टा | न |

## आज का राशिफल

### मेष
आज कई प्रकार की रुकावटों और समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। लेकिन आप अपने सहयोगियों की मदद से इन मुश्किलों से आसानी से बाहर निकल जाएंगे। आपको कामकाज के सिलसिले में ईमेल या मैसेज के जरिए कोई जरूरी सूचना मिल सकती है। संपत्ति से जुड़े किसी भी प्रकार के दस्तावेज पर साइन करने से पहले सभी चीजों को अच्छी तरह देख लें।

### वृष
आज कार्यस्थल पर आपकी सराहना भी की जाएगी। सरकारी नौकरी की तैयारी करने वालों को कोई अच्छी खबर सुनने को मिल सकते हैं। लेकिन आपके अपने खर्चों को नियंत्रित रखना होगा, अन्यथा आने वाले समय में परेशान होगी सकती है। कार्यस्थल पर महत्वपूर्ण कार्यों में आपको साथियों का सहयोग मिलेगा। परिवार में बच्चों को करियर को लेकर थोड़े परेशान रह सकते हैं।

### कर्क
आज आपका दिन थोड़ी मुश्किलों भरा हो सकता है। किसी बात से मन बेचैन रहेगा, जिसका प्रभाव आपके काम धंधे पर भी देखने को मिलेगा। नौकरी करने वाले लोग अपने कामकाज में व्यस्त रहेंगे। व्यापार के मामले में आपको एक ही दिन में एक साथ कई काम पूरे करने पड़ सकते हैं। लेकिन आपको इसमें सफलता जरूर मिलेगी। दिमाग को शांत करने के लिए आप थोड़ी देर घूम फिर सकते हैं।

### सिंह
आज आपको किसी भी प्रकार के सौदे या पैसों की लेनदेन में सावधान रहना होगा। ज्यादा स्ट्रेस लेने से बनता काम बिगड़ सकता है। खर्चों में बढ़ोतरी हो सकती है, इसके लिए आपको संयम के साथ बजट बनाकर चलना होगा। ऐसा करने से भविष्य में आर्थिक तंगी का सामना नहीं करना पड़ेगा। कार्यक्षेत्र में दोस्तों के सहयोग से आप किसी प्रोजेक्ट को पूरा कर सकते हैं।

### मिथुन
आज प्रॉपर्टी से जुड़े मामले में फंसे थे तो वे अब हल हो सकते हैं। लेकिन साथ ही खर्च भी बढ़ सकते हैं। लेखक और पत्रकारिता से जुड़े लोगों को कुछ बदलावों का सामना करना पड़ सकता है। लेकिन आज सकारात्मक सोच और व्यवहार रखने से आप मुश्किल से मुश्किल परिस्थिति को आसानी से संभाल सकते हैं।

### कन्या
आज ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपके सहयोगी अच्छे और शांत मूड में रहेंगे। साथ ही, वे ज्यादा काम करने का मन भी बना सकते हैं। व्यापार में बदलाव के लिए आप खुद के भीतर की प्रतिभा को बाहर निकालने और समझने की कोशिश कर सकते हैं। इसमें आपको सफलता भी जरूर प्राप्त होगी।

### तुला
आज कीमती और खास चीज बहुत पहले खो गई थी, तो वह अब वापस मिल सकती है। इससे मन प्रसन्न रहेगा। वहीं, अगर आपने पहले के समय में किसी व्यक्ति के धन उधार दिया था, तो वह भी अब वापस मिलने की संभावना है। कार्यक्षेत्र में कामकाज अच्छा चलेगा और आपको पूरे दिन कई प्रकार के नए-नए बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

### वृश्चिक
आज मान-सम्मान में वृद्धि होगी। इसके लिए लोगों द्वारा कोई आयोजन करने की भी संभावना बन रही है। कार्यक्षेत्र में विरोधी आपके खिलाफ जो भी योजनाएं बना रहे थे, वे सभी फेल हो जाएंगी और आप विजय प्राप्त करेंगे। आर्थिक मामले में भी आपके लिए आज का दिन शुभ रहेगा। लव लाइफ में साथी को किसी बात को लेकर समझौता करना पड़ सकता है। लेकिन इससे उन्हें लाभ भी मिलेगा।

### मकर
आज सामाजिक कार्यों के द्वारा कुछ नए उद्देश्य प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी करने वालों के लिए कार्यस्थल का माहौल सकारात्मक बना रहेगा, जिससे आप शांति से अपना काम कर पाएंगे। लेकिन किसी जूनियर के साथ कहासुनी हो सकती है। ऐसे में कोई भी बात सोच-समझकर बोलें और वाणी पर संयम रखें। कुछ जरूरी मामलों में आपको जीवनसाथी का सहयोग मिल सकता है।

### कुंभ
आज कार्यस्थल के कुछ बदले माहौल से परेशानी हो सकती है। इसी के चलते काम करने में मुश्किल का सामना करना पड़ सकता है। लेकिन आप अपने व्यवहार और मधुर वाणी से ऑफिस के माहौल को बदलने की कोशिश कर सकते हैं। जिसमें आपको सफलता मिलेगी और सहयोगी भी आपका साथ देंगे। आपको व्यापार के मामले में अपने मेहनत का भी बढ़िया लाभ मिल सकता है। जिससे आपकी खुशी दोगुनी हो जाएगी।

### धनु
आज कई बदलाव देखने को मिल सकते हैं। अगर कोई नया काम शुरू कर रहे हैं, तो शुरुआत में कुछ रुकावटों का सामना करना पड़ सकता है। लेकिन दिन बीतने के साथ-साथ आपके बिगड़े काम बनने लगेंगे, जिससे मन को शांति महसूस होगी। परिवार के किसी छोटे सदस्य की करियर की चिंता ले रहे थे तो वह भी अब दूर हो सकती है और दिनचर्या के कामों कुछ बदलाव आने की भी संभावना है।

### मीन
आज आपकी मेहनत रंग ला सकती है। आज जो भी काम पूरी मेहनत और लगन से करेंगे, उसमें उत्तम परिणाम प्राप्त होंगे। अगर आर्थिक मामले में पिछले दिनों कुछ नुकसान हुए थे तो अब उनकी भरपाई हो सकती है। बिजनेस करने वालों को अपने कार्यस्थल पर थोड़ी सावधानी बरतनी होगी। लव लाइफ बिता रहे लोग अपने पार्टनर के साथ कहीं घूमने जाने का प्लान बना सकते हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/03009**



# केएल राहुल को मिलेगी कप्तानी

- 25 करोड़ रुपये भी मिलेंगे?
- भारत-इंग्लैंड सीरीज के बीच आई चौंकाने वाली खबर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केएल राहुल का बल्ला इंग्लैंड में जमकर रन उगल रहा है वो सीरीज में दो शतक लगा चुके हैं और इसी बीच एक ऐसी खबर सामने आई है जो सच में चौंकाने वाली है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक केएल राहुल आईपीएल 2026 में दिल्ली कैपिटल्स की जगह कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेल सकते हैं. ऐसा बताया जा रहा है कि केकेआर की टीम उन्हें हर हाल में ट्रेड के जरिए अपने स्क्वाड में चाहती है. केएल राहुल को दिल्ली कैपिटल्स ने 14 करोड़ रुपये में खरीदा था और उन्होंने 13 पारियों में 539 रन बनाए थे. केएल राहुल को केकेआर इसलिए खरीदने के मूड में दिख रही है क्योंकि उसे एक कप्तान की जरूरत है. पिछले सीजन उसका नेतृत्व अजिंक्य रहाणे ने किया था, टीम प्लेऑफ में नहीं पहुंच पाई और उसका प्रदर्शन खराब रहा लेकिन अब केकेआर बड़े बदलाव के मूड में है. इसलिए वो केएल राहुल को टीम में लाकर उसे कप्तान बनाना चाहती है. मीडिया रिपोर्ट्स तो यहां तक हैं कि केएल राहुल के लिए केकेआर 25 करोड़ रुपये तक खर्च करने को तैयार है.केएल राहुल सिर्फ अच्छे बल्लेबाज ही नहीं, वो कप्तान और विकेटकीपर की भूमिका भी निभा सकते हैं ऐसे में केकेआर उनके लिए इतनी बड़ी रकम देने को भी तैयार बताई जा रही है.

### केकेआर ने पैरों पर मारी कुल्हाड़ी?

केकेआर ने आईपीएल 2025 ऑक्शन से पहले अपने पैरों में कुल्हाड़ी मार ली थी. दरअसल उसने टीम को तीसरा आईपीएल जिताने वाले कप्तान श्रेयस अय्यर को ही रिटेन नहीं किया नतीजा ये खिलाड़ी पंजाब किंग्स का कप्तान बन गया. अय्यर के जाने से केकेआर को बड़ा नुकसान हुआ. सबसे पहले उसका कप्तान बदला जिसके बाद टीम का खेलने का तरीका भी बदल गया. टीम 14 में से 5 ही मैच जीत पाई.

अब आईपीएल 2026 से पहले उसने हेड कोच चंद्रकांत पंडित को भी हटा दिया है. कभी इस टीम की गेंदबाजी यूनिट को मजबूत बनाने वाले भरत अरुण भी लखनऊ का हाथ थाम चुके हैं. अब केकेआर किसी तरह केएल राहुल को टीम में लाकर अपनी टीम का बैलेंस बनाने की तैयारी में है. सवाल ये है कि क्या दिल्ली कैपिटल्स केएल राहुल को रिलीज करेगी, फिलहाल इसका जवाब शायद ना ही होगा.




मालामाल हुआ इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड

# 11334 करोड़ रुपये...काव्या मारन की टीम का दिखेगा जलवा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग का दबदबा पूरी दुनिया में है. इस लीग में खेलने के लिए हर खिलाड़ी बेताब रहता है. दुनिया की सबसे महंगी इस लीग में हिस्सा लेने वाली टीमों का दायरा अब धीरे-धीरे बढ़ रहा है. इन टीमों के ओनर अब दूसरे देशों के टी20 लीग में निवेश कर रहे हैं. इससे उन देशों के बोर्ड को भी करोड़ों की कमाई हो रही है. इसी कड़ी में इंग्लैंड की एक लीग में आईपीएल की चार टीमों के ओर ने निवेश किया है. इसकी जानकारी इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने दी है.

इस निवेश स ईसीबी को 11334 करोड़ रुपये की कमाई भी हुई है. इस दौरान काव्या मारन की टीम का इंग्लैंड में जलवा दिखाई देगा. इंग्लैंड की लीग 'द हंड्रेड' में आईपीएलके चार





टीमों के ओनर ने निवेश किया है. इसकी जानकारी देते हुए ईसीबी ने बताया कि निवेश करने वालों में भारत की जीएमआर (दिल्ली कैपिटल्स के को-ओनर) , सन टीवी नेटवर्क लिमिटेड (सनराइजर्स हैदराबाद के ओनर), आरपीएसजी समूह (लखनऊ सुपर जायंट्स के ओनर) और रिलायंस समूह (मुंबई इंडियंस के ओनर) शामिल हैं. ईसीबी ने बताया कि इससे उन्हें 975 मिलियन पाउंड (करीब 11 हजार 3 सौ 34 करोड़ रुपये) की कमाई हुई है. इंग्लैंड बोर्ड ने बताया कि दो और साझेदारों की बाद में औपचारिक रूप से पुष्टि हो जाएगी.

इससे पहले मुंबई इंडियंस, लखनऊ सुपर जायंट्स और सनराइजर्स हैदराबाद के ओनर साउथ अफ्रीका की टी20 लीग की टीमों को खरीद चुके हैं. द हंड्रेड लीग में इन सभी को अक्टूबर से संचालन का हक मिल जाएगा.

### काव्या मारन ने इस टीम को खरीदा

इसके अलावा सनराइजर्स हैदराबाद की मालकिन काव्या मारन की सन टीवी नेटवर्क ने नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स टीम को खरीद लिया है, उन्होंने 100 फीसदी हिस्सेदारी हासिल की है. इससे पहलेओनर ने साउथ अफ्रीका में खेली जाने वाली टी-20 में भी सनराइजर्स ईस्टर्न कैप की टीम को खरीदा था. इसके अलावा दिल्ली कैपिटल्स टीम के को-ओनर जीएमआर ग्रुप को द हंड्रेड की टीम सदर्न ब्रेव में 49 फीसदी हिस्सेदारी मिली है, वहीं मुंबई इंडियंस के ओनर मुकेश अंबानी की रिलायंस ग्रुप को ओवल इनविंसिबल्स टीम की 49 हिस्सेदारी मिलेगी, जिसको लेकर जल्द ही ऐलान किया जाएगा. द हंड्रेड लीग की शुरुआत 5 अगस्त से लॉर्ड्स के मैदान में होने जा रही है.



# युजवेंद्र चहल ने इंग्लैंड में मचाया कहर

**काउंटी चैंपियनशिप में डर्बीशायर के खिलाफ चटकाए 6 विकेट**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम में वापसी की राह देख रहे स्पिनर युजवेंद्र चहल ने काउंटी चैम्पियनशप में शानदार गेंदबाजी की. नॉर्थहैम्पटनशायर के लिए खेलते हुए उन्होंने डर्बीशायर के खिलाफ 5 विकेट हॉल किया. ब्लेयर टिकनर का विकेट लेकर उन्होंने पारी में अपना छठा विकेट हासिल किया. उन्होंने इस पारी में सबसे अधिक ओवर (33.2) भी डाले. नॉर्थम्प्टन में खेले जा रहे इस मैच में डर्बीशायर काउंटी क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया. हैरी केम (17) के रूप में युजवेंद्र चहल ने अपना पहला विकेट लिया, उन्होंने केम को एलबीडबल्यू आउट किया. इसके बाद उन्होंने सलामी बल्लेबाज लुइस रीस (39) के रूप में ब?ा विकेट चटकाया. लुइस कैच आउट हुए. चहल ने बेन एचिसन को आउट कर पारी में 5 विकेट हॉल किया. एचिसन 45 रन बना चुके थे, वह अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे तब भारतीय स्पिनर ने उन्हें बोल्ड किया. पारी का आखिरी और अपना छठा विकेट चहल ने ब्लेयर टिकनर का लिया. चहल ने पारी में सबसे अधिक 33.2 ओवर डाले, इसमें उन्होंने 3.54 की इकॉनमी से 118 रन दिए.

# नागपुर लौटीं विश्व महिला शतरंज चैंपियन दिव्या, परिवार और कोच को दिया जीत का श्रेय



**नागपुर, एजेंसी।** फिडे महिला शतरंज विश्व कप 2025 जीतकर दिव्या ने इतिहास रच दिया है। वह यह खिताब जीतने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गई हैं। खिताब जीतने के बाद दिव्या बुधवार रात अपने गृह नगर नागपुर लौटीं, जहां एयरपोर्ट पर उनके परिवार और प्रशंसकों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। फिडे महिला शतरंज विश्व कप 2025 चैंपियन दिव्या देशमुख बुधवार को अपने गृह नगर नागपुर लौटीं। नागपुर लौटने पर उन्होंने अपनी बड़ी जीत का श्रेय अपने परिवार और पहले कोच राहुल जोशी को दिया। नागपुर एयरपोर्ट पर पहुंचने पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। उनके परिवार के साथ-साथ प्रशंसक भी बड़ी संख्या में मौजूद थे। महाराष्ट्र शतरंज संघ के अध्यक्ष परिणय फुके भी इस मौके पर मौजूद रहे। 19 वर्षीय दिव्या ने सोमवार को महिला विश्व कप जीतकर इतिहास रच दिया। वह यह खिताब जीतने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गई। उन्होंने जॉर्जिया के बटुमी शहर में खेले गए ऑल-इंडियन फाइनल में अनुभवि कोनेरू हम्पी को टाई-ब्रेकर मुकाबले में हराया।

**मुझे यह स्नेह पाकर बहुत खुशी हुई:** दिव्या देशमुख ने नागपुर पहुंचने पर कहा कि मुझे यह स्नेह पाकर बहुत खुशी हुई। यह देखकर अच्छा लग रहा है कि इतनी भीड़ मेरा स्वागत करने के लिए यहां इक्ट्ठा हुई है। मैं बहुत खुश हूं।

**मेरे पहले कोच चाहते थे कि मैं ग्रैंड मास्टर बनूं:** दिव्या देशमुख ने अपनी जीत का श्रेय अपनी बहन, परिवार के सदस्यों और अपने पहले कोच राहुल जोशी को दिया। उन्होंने कहा, मेरे पहले कोच चाहते थे कि मैं ग्रैंड मास्टर बनूं, मैं इस जीत का श्रेय उन्हें देती हूं।

**दिव्या के परिवार के सदस्यों ने उपलब्धि की सराहना की :** दिव्या देशमुख के परिवार के सदस्यों ने उनकी उपलब्धि की सराहना की और कहा कि उन्होंने परिवार, नागपुर, महाराष्ट्र और भारत को गौरवान्वित किया है। इस चैंपियन खिलाड़ी की चाची स्मिता देशमुख ने पत्रकारों से कहा, हम बहुत खुश हैं कि दिव्या ने हमारे परिवार, नागपुर और भारत को गौरवान्वित किया है। भारत ने इतने वर्षों बाद यह महिला शतरंज विश्व कप जीता है।

### ● दो अगस्त को सीएम फडणवीस और केंद्रीय मंत्री गडकरी करेंगे सम्मानित

किशोरावस्था की चैंपियन दिव्या ने कहा कि ग्रैंड स्विस टूर्नामेंट में भाग लेने से पहले वह कुछ दिन आराम करेंगी। दिव्या को दो अगस्त को एक सार्वजनिक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय मंत्री व नागपुर सांसद नितिन गडकरी सम्मानित करेंगे।

# ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए अंडर-19 भारतीय टीम घोषित

**वैभव सूर्यवंशी को भी फिर से मिली जगह; सीरीज में 3 वनडे और 2 टेस्ट मैच खेलेंगे**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 14 साल के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए इंडिया अंडर-19 टीम में शामिल किया गया है। भारत और ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के बीच 21 सितंबर से शुरू होने वाली इस सीरीज में 3 वनडे और 2 टेस्ट मैच खेले जाएंगे।

इंग्लैंड दौरे पर भी मिली थी वैभव को जगह वैभव इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत में टेस्ट सीरीज खेल चुके हैं और इंग्लैंड दौरे पर भी शानदार प्रदर्शन किया था। इंग्लैंड में उन्होंने 5 वनडे मैचों में 355 रन बनाए, जिसमें एक शतक



शामिल था। वैभव ने 52 गेंदों में शतक बनाकर रिकॉर्ड भी अपने नाम किया था। 21 सितंबर को खेला जाएगा पहला वनडे इंडिया अंडर 19 बनाम ऑस्ट्रेलिया अंडर 19 टीम के बीच पहला वनडे मैच रविवार (21 सितंबर) को खेला जाएगा। सीरीज का दूसरा वनडे बुधवार (24 सितंबर) को होगा जबकि तीसरा वनडे मैच 26 सितंबर को खेला जाएगा। इसके बाद दोनों टीमें 2 टेस्ट मैचों की सीरीज में टकराएंगी।

सीरीज का पहला चार दिनी टेस्ट मैच 30 सितंबर से 3 अक्टूबर तक खेला जाएगा। जबकि दूसरा और अंतिम टेस्ट मैच 7 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक खेला जाएगा। तीनों वनडे नॉर्थेम्प्टनशॉयर में खेला जाएगा जबकि पहला टेस्ट भी इसी वेन्यू पर खेला जाएगा वहीं दूसरा टेस्ट मैक्के में आयोजित होगा।

# शौक ने ले ली जान! पाकिस्तान में 2 बार की ओलंपिक चैंपियन जर्मन खिलाड़ी की 18700 फीट से दर्दनाक मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बता दें कि डाहलमीयर एक अनुभवी पर्वतारोही थीं। वह जून के अंत से उत्तरी पाकिस्तान क्षेत्र में थीं और पहले ही ग्रेट ट्रांगो टॉवर पर चढ़ चुकी थीं। उनके गिरने वाले क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से मौसम काफी खराब चल रहा था, जिसमें बारिश, तेज हवाएं और घने बादल थे। बता दें कि पाकिस्तान के लैला पीक पर पर्वत चढ़ना सबसे मुश्किल माना जाता है। इसके टॉप पर



अभी तक सिर्फ सात पर्वतारोहियों ने ही सफलतापूर्वक चढ़ाई की है। वहीं डाहलमीयर के करियर की बात करें तो उन्होंने अपने दोनों गोल्ड मेडल साउथ कोरिया के प्योंगचांग में 2018 शीतकालीन ओलंपिक में जीते थे। उन्होंने स्प्रिंट और परस्यूट इवेंट में गोल्ड मेडल जीते थे, जबकि उन्होंने व्यक्तिगत स्पर्धा में ब्रॉन्ज मेडल भी जीता था। जर्मन एथलीट ने मई 2019 में संन्यास की घोषणा कर दी थी।

# ओलिंपिक 2028 से बाहर हो सकते हैं पाकिस्तान-न्यूजीलैंड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 2023 में खेले गए एशियन गेम्स में क्रिकेट को तीसरी बार जगह मिली थी। इससे पहले इसे 2010 और 2014 में शामिल किया था। 2023 में खेले गए एशियन गेम्स में भारतीय क्रिकेट टीम ने गोल्ड जीता था, यह फोटो उसी समय की है। 2023 में खेले गए एशियन गेम्स में क्रिकेट को तीसरी बार जगह



मिली थी। इससे पहले इसे 2010 और 2014 में शामिल किया था। 2023 में खेले गए एशियन गेम्स में भारतीय क्रिकेट टीम ने गोल्ड जीता था, यह फोटो उसी समय की है।

लॉस एंजिल्स ओलिंपिक 2028 में पूर्व टी-20 वर्ल्ड चैंपियन पाकिस्तान और न्यूजीलैंड की पुरुष टीमें टूर्नामेंट से बाहर हो सकती हैं। इसका मुख्य कारण इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल द्वारा ओलिंपिक क्वालिफिकेशन के लिए निर्धारित क्षेत्रीय योग्यता प्रणाली है। 128 साल बाद 2028 ओलिंपिक में क्रिकेट की वापसी हो रही है, जिसमें मेंस और विमेंस टीमें टी-20 फॉर्मेट में हिस्सा लेंगी।

# शेल्टन ने टोरंटो ओपन में मन्नारिनो को हराया, हार्ड कोर्ट पर रुबलेव की 250वीं जीत

**टोरंटो, एजेंसी।** बेन शेल्टन ने कैनेडियन ओपन के अपने पहले मैच में एड्रियन मन्नारिनो को 6-2, 6-3 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया। शेल्टन ने एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में अपनी 25वीं जीत दर्ज की। 22 वर्षीय बेन शेल्टन फिलहाल पीआईएफ एटीपी रैंकिंग में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ सातवें स्थान पर हैं। वह पिछले 10 में से 8 मुकाबले जीत चुके हैं। चौथे वरीय अमेरिकी खिलाड़ी ने एटीपी स्टैट्स के अनुसार अपने पहले सर्व पर 90 प्रतिशत (28 में से 31) अंक जीते और जिन दो ब्रेक प्वॉइंट्स का सामना किया, उन्हें भी बचा लिया।

इसके साथ ही उन्होंने फ्रेंच खिलाड़ी के खिलाफ एटीपी स्तर पर तीसरे आमने-सामने के मुकाबले में पहली जीत हासिल की। शेल्टन ने मैच के बाद कहा, आखिरी गेम में थोड़ा तनाव जरूर था, लेकिन मुझे खुशी है कि मैं अंत तक संयमित रहा और ब्रेक प्वॉइंट पर भी सर्व करते हुए मैच को खत्म कर पाया। अब



शेल्टन का अगला मुकाबला 25वें वरीय ब्रैंडन नकाशिमा से होगा, जिन्होंने हमवतन खिलाड़ी एथन क्विन को 7-6(6), 6-4 से हराया।

टोरंटो में इस फोर्टनाइट के दौरान शेल्टन अपना पहला मास्टर्स 1000 खिताब जीतने की कोशिश में हैं। एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन में फिलहाल नौवें स्थान पर हैं। इस साल वह निट्टो एटीपी फाइनल्स में अपनी पहली उपस्थिति दर्ज कराने की ओर बढ़ रहे हैं।

इससे पहले, आंद्रे रुबलेव ने ह्यूगो गैस्टन को 6-2, 6-3 से हराकर हार्ड कोर्ट पर अपने करियर की 250वीं जीत दर्ज की। 27 वर्षीय रुबलेव ने गैस्टन के खिलाफ 19 विनर्स और 17 अनफोर्स्ड एरर्स के साथ मुकाबला समाप्त किया और तीसरे दौर में प्रवेश किया। छठे वरीय रुबलेव ने पिछले साल इसी एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में फाइनल तक का सफर तय किया, जहां उन्हें एलेक्सी पोपिरिन से हार का सामना करना पड़ा था।

## न्यूज बाइट्स

### दो गैर जमानती वारंटी गिरफ्तार

**नवीनगर (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** नबीनगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो गैर जमानती वारंटी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार वारंटी में नगर पंचायत क्षेत्र के जनकपुर पोखरा निवासी भिखारी राम और भवानोंखाप निवासी मंटू कुमार शामिल है। थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि गिरफ्तार दोनों व्यक्तियों के उपर कोर्ट द्वारा वारंट निर्गत था और वह काफी दिनों से फरार चल रहा था।

### मारपीट मामले में नामजद अभियुक्त गिरफ्तार, गया जेल

**मदनपुर (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** मदनपुर थाना क्षेत्र के पलकिया में मारपीट मामले के नामजद अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि पलकिया में नाली की जमीन विवाद को लेकर दो चचेरे भाईयों के बीच मारपीट हुई थी। जिसमें पलकिया निवासी उदय चौधरी के पुत्र कुश कुमार चौधरी नामजद अभियुक्त बनाया गया था।जिसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इधर शराब पी हंगामा करने के मामले में बदल बिगहा निवासी राम प्रवेश यादव को हिरासत लेकर थाना लाया गया। जहां शराब पीने की जांच कराई गई। जांच में शराब पीने की पुष्टि होने पर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### बिरहारा में महिला संवाद कार्यक्रम संपन्न

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** भारतीय जनता पार्टी हसपुरा मंडल के ग्राम बिरहारा में कनिष्ठ कुंदन के आवास पर महिला संवाद कार्यक्रम मंडल कार्यसमिति सदस्य कांति कुमारी के अध्यक्षता में सम्पन्न किया गया।

सड़क पर टूटा पड़ा था तार, बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप

# बिजली तार की चपेट में आकर राइस मिल संचालक की मौत, परिजनों में कोहराम

- ग्रामीणों में बिजली विभाग की जर्जर व्यवस्था को लेकर भारी नाराजगी
- मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता और क्षेत्र की बिजली व्यवस्था सुधारने की मांग की गई



**निज संवाददाता | मदनपुर (औरंगाबाद)**

जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदौली गांव में गुरुवार को दर्दनाक हादसा हो गया, जब एक टूटे हुए बिजली के तार की चपेट में आने से राइस मिल के संचालक सरजू मेहता (उम्र 60 वर्ष) की मौत हो गई। सरजू मेहता गांव निवासी अनक्ष मेहता के पुत्र थे और वर्षों से गांव में राइस मिल, आटा मिल और तेल मिल का संचालन कर रहे थे। घटना की जानकारी के अनुसार, गुरुवार को रोज की तरह सरजू मेहता अपने मिल में गए थे। तभी पहले से ही टूटकर गिरे बिजली के तार की चपेट में आकर वे गंभीर रूप से झुलस गए। मिल के आसपास मौजूद लोगों ने जब उन्हें तड़पते देखा, तो तुरंत बिजली कनेक्शन काटकर उन्हें तार से अलग किया और प्राथमिक उपचार के लिए मदनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

डॉक्टरों ने स्थिति गंभीर देख उन्हें सदर अस्पताल औरंगाबाद रेफर किया, जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। अस्पताल में परिवार के लोग शव से लिपटकर रोते-बिलखते रहे। मृतक के दो पुत्र और दो पुत्रियां हैं, जिनकी शादी हो चुकी है। परिवार में यह घटना गहरे शोक का कारण बन गई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद जिला परिषद सदस्य शंकर यादवेंदु भी सदर अस्पताल पहुंचे। उन्होंने बिजली विभाग की लापरवाही को हादसे का मुख्य कारण बताया। यादवेंदु ने कहा कि क्षेत्र में तार और पोल की स्थिति काफी जर्जर है, जिसकी मरम्मत नहीं की जाती। परिणामस्वरूप आए दिन तार टूटकर गिरते हैं और लोगों की जान चली जाती है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से मांग की कि चंदौली गांव समेत पूरे मदनपुर क्षेत्र में बिजली व्यवस्था की तत्काल समीक्षा कर मरम्मत कार्य कराया जाए। साथ ही उन्होंने सरकार से मांग की कि मृतक के परिजनों को यथाशीघ्र मुआवजा राशि प्रदान की जाए, ताकि इस आपदा की घड़ी में परिवार को कुछ राहत मिल सके।

**थाना का बयान**

थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। इस घटना ने एक बार फिर क्षेत्र में बिजली विभाग की अनदेखी और लचर व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों ने भी विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## आर्म्स एक्ट में दोषी को तीन साल की सजा, पत्नी की गवाही बनी निर्णायक

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

व्यवहार न्यायालय के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी लाल बिहारी पासवान ने मंगलवार को आर्म्स एक्ट के एक मामले में दोषी को तीन वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सुनाई। यह फैसला देव थाना कांड संख्या 148/24 के तहत सुनाया गया, जिसमें अभियुक्त सुनील कुमार सिंह, निवासी जंगी मुहल्ला, देव, को दोषी पाया गया। जिला अभियोजन पदाधिकारी दीपक कुमार सिन्हा ने बताया कि कोर्ट ने आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-बी) ए के तहत तीन साल की सजा और 5000 का जुर्माना लगाया है। जुर्माना नहीं देने की स्थिति में अभियुक्त को तीन माह अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। साथ ही धारा 26 के तहत भी तीन साल की सजा एवं 5000 का जुर्माना लगाया गया, जिसमें भी जुर्माना अदा न करने पर तीन माह की अतिरिक्त सजा निर्धारित की गई है।

दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी। इस मामले में चार्जशीट 30 सितंबर 2024 को आईओ नीतीश कुमार (पु. अ.नि.) द्वारा न्यायालय में दायर की गई थी। अभियोजन की ओर से तेजी से सुनवाई करते हुए सात गवाहों की गवाही पूरी कर वाद का निष्पादन कराया गया। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने जानकारी दी कि 3 जुलाई 2024 को अभियुक्त की पत्नी ने देव थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जिसमें उन्होंने पति द्वारा तलवार से हाथ काटने का आरोप लगाया था।

## अपराधियों ने विद्यालय में की तोड़फोड़, हार्ड डिस्क और टीवी तोड़कर लाखों की क्षति

**निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)**

रफीगंज-गोह पथ स्थित मखदुमपुर गांव में स्थित द अलूपी विद्यापीठ एकेडमी में बुधवार की रात अज्ञात अपराधियों ने तांडव मचाया। अपराधियों ने विद्यालय परिसर में घुसकर कार्यालय और स्टाफ रूम के ताले तोड़ दिए और वहां से सीसीटीवी कैमरे की हार्ड डिस्क चोरी कर ली। साथ ही एलईडी टीवी को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया, जिससे विद्यालय को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। घटना की जानकारी गुरुवार सुबह उस समय हुई जब विद्यालय की सफाईकर्मी गेट खोलने पहुंची। उसने देखा कि कार्यालय और स्टाफ रूम का ताला टूटा हुआ है। इसकी सूचना तुरंत विद्यालय प्रबंधन को दी गई। विद्यालय के निर्देशक प्रभात चंद्र यादव और इंचार्ज मनोज कुमार ने बताया कि अपराधियों ने न केवल तोड़फोड़ की बल्कि सबूत मिटाने के उद्देश्य से सीसीटीवी की हार्ड डिस्क भी अपने साथ ले गए। सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और पूरे घटनास्थल की जांच की। विद्यालय प्रशासन ने अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग प्रशासन से की है और कहा है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो ऐसे दुस्साहसी घटनाएं बच्चों और शिक्षकों की सुरक्षा को खतरे में डाल सकती हैं। प्रबंधन ने यह भी बताया कि लगभग 20 दिन पहले न्यू एरिया स्थित विद्यालय की दूसरी शाखा में भी ऐसी घटना हो चुकी है, जहां शीशे तोड़े गए थे।

## डीएम ने अग्नि सुरक्षा जागरूकता रथ को दिखाई हरी झंडी, सुरक्षा एवं बचाव के उपायों की देगा जानकारी

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



जिले में अग्नि सुरक्षा को लेकर जनजागरूकता फैलाने के उद्देश्य से गुरूवार को समाहरणालय परिसर से एक विशेष एलईडी जागरूकता वैन (अग्नि सुरक्षा रथ) को जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले भर में घूमकर लोगों को आग से सुरक्षा एवं बचाव के उपायों की जानकारी देगा।

इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री शास्त्री ने कहा कि आग लगने की घटनाएं कई बार सामान्य लापरवाही या जानकारी के अभाव में बड़ी दुर्घटनाओं का कारण बन जाती हैं। ऐसे में जनसामान्य को आग से निपटने के उपायों की जानकारी होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि यह एलईडी वैन ऑडियो-विजुअल माध्यम से लोगों को यह समझाएगी कि आग लगने की स्थिति में किस प्रकार सतर्कता, सूझबूझ और त्वरित प्रतिक्रिया से जान-माल की क्षति को रोका जा सकता है।

इस कार्यक्रम में सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी (एडीएमओ) सहित जिला आपदा प्रबंधन विभाग के सभी कर्मी मौजूद रहे। वैन जिले के शहरी एवं ग्रामीण इलाकों का दौरा करेगी और नागरिकों को आग से बचाव संबंधी उपाय जैसे—सिलेंडर से गैस लीकेज की स्थिति में क्या करें, बिजली शॉर्ट सर्किट से कैसे बचें, अग्निशामक यंत्रों का सही प्रयोग, तथा प्राथमिक उपचार की विधियों की जानकारी देगी। जागरूकता रथ की यह पहल आग से होने वाली दुर्घटनाओं को कम करने में कारगर साबित हो सकती है। प्रशासन को उम्मीद है कि इस अभियान के माध्यम से लोग स्वयं भी सजग होंगे और अपने आस-पास के लोगों को भी सतर्क रहने के लिए प्रेरित करेंगे।

## मारपीट के नामजद अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मदनपुर (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** मदनपुर थाना क्षेत्र के पलकिया गांव में नाली की जमीन को लेकर हुए विवाद में मारपीट के मामले में नामजद अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि दो चचेरे भाइयों के बीच विवाद के बाद मारपीट की घटना सामने आई थी, जिसमें पलकिया निवासी उदय चौधरी का पुत्र कुश कुमार चौधरी को नामजद अभियुक्त बनाया गया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया और न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इसी क्रम में एक अन्य मामले में शराब पीकर हंगामा कर रहे बदल बिगहा निवासी राम प्रवेश यादव को पुलिस ने हिरासत में लेकर थाना लाया। थानाध्यक्ष ने बताया कि जांच के दौरान युवक के शराब पीने की पुष्टि हुई, जिसके बाद उसे भी न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस ने दोनों मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए स्पष्ट संदेश दिया है कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

## तालाब में डूबने से अधेड़ की मौत, पहचान नहीं हो सकी



**निज संवाददाता | मदनपुर (औरंगाबाद)**

मदनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मदनपुर-देव रोड स्थित जलवन के समीप गुरुवार दोपहर एक अधेड़ व्यक्ति की तालाब में डूबने से मौत हो गई। ग्रामीणों ने जब तालाब के किनारे शव को तैरते देखा तो तत्काल इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष राजेश कुमार पुलिस दल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को तालाब से बाहर निकाला गया। मृतक ने लुंगी और कमीज पहन रखी थी, लेकिन उसकी पहचान अब तक नहीं हो सकी है। पुलिस द्वारा शव की शिनाख्त के प्रयास जारी हैं। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने पुष्टि की कि मौत तालाब में डूबने से हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेजा गया है। उन्होंने बताया कि आसपास के क्षेत्रों में गुमशुदा लोगों की जानकारी भी खंगाली जा रही है, ताकि मृतक की पहचान सुनिश्चित की जा सके। गौरतलब है कि यह वही तालाब है, जहां होलिका दहन की रात गुलाब बिगहा निवासी युगल यादव की बलि देकर हत्या कर दी गई थी। उस मामले में एक ओझा को आरोपी बताया गया था और शव भी इसी तालाब से बरामद हुआ था। उस घटना की पृष्ठभूमि को देखते हुए पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है। फिलहाल, पुलिस पूरे घटनाक्रम को


झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND
झारखण्ड वन

# 76वां राज्यव्यापी वन महोत्सव 2025

वनों की जब रखवाली होगी
तभी पृथ्वी पर हरियाली होगी

अध्यक्ष
**श्री रबीन्द्र नाथ महतो**
माननीय अध्यक्ष, झारखण्ड विधानसभा

मुख्य अतिथि
**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि
**श्री राधा कृष्ण किशोर**
माननीय मंत्री संसदीय कार्य विभाग

तथा झारखण्ड विधान सभा के सभी माननीय सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित किया जायेगा।

दिनांक : 1 अगस्त, 2025
स्थल : नवनिर्मित विधायक आवासीय परिसर, जगन्नाथपुर, रांची

## संदेश

**समस्त झारखण्डवासियों को 76 वां वन महोत्सव, 2025 की हार्दिक बधाई एवं शुभकामानाएँ।**

वृक्ष प्रकृति के उपहार की तरह हैं, जो पृथ्वी पर जीवन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे पर्यावरण को संतुलित और स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। पूरे विश्व में तापमान को नियंत्रित करने और बारिश के लिए मौसम की स्थिति बनाने में वृक्षों की बड़ी भूमिका है। वृक्ष कार्बन डाईऑक्साईड लेकर और ऑक्सीजन छोड़ कर हवा को भी साफ करते हैं, जो सभी जीव जंतुओं के लिए महत्वपूर्ण है। इसके अतिरिक्त वृक्ष हमें लकड़ी, भोजन, ईंधन, कागज और बहुत कुछ प्रदान करते हैं, जिससे वे हमारे दैनिक जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन जाते हैं।


हमारी सरकार राज्य के जल, जंगल और जमीन को समृद्ध करने के लिए कृत संकल्पित है और अपने पूर्वजों के धरोहर को संरक्षित कर उसमें और बढ़ोतरी करने के लिए हमेशा प्रयासरत रही है।

आप सभी इस बात से अवगत हैं कि पूरे विश्व में ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन का संकट मंडरा रहा है। इस वर्ष मानसून में बारिश को देख लें कि कितना परिवर्तन हो चुका है। यह मानव समाज के लिए ठीक नहीं है और हम सबको मिलकर इसे सही करने का प्रयास करना होगा। इस कड़ी में हम सब वन महोत्सव में पौधा लगाने का संकल्प लें, ताकि जलवायु का तापमान नियंत्रित रह सके, जल संकट से उबर सकें, हवा में प्रदूषण को कम किया जा सके, मिट्टी का संरक्षण हो सके, हमारे राज्य के नदी-नाले सालों भर बहते रहें और पूरा वातावरण सुन्दर और रमणीक बना रहे।

झारखण्ड राज्य देश के उन चुनिंदा राज्यों में शामिल हो गया है, जिनके भौगोलिक क्षेत्रफल का 34.38 प्रतिशत भू-भाग, राष्ट्रीय वन नीति, 1988 के अनुरूप वन एवं वृक्षावरण से आच्छादित है।

अब, हमारे लिए अपने राज्य की प्राकृतिक धरोहर को संरक्षित करने की जिम्मेदारी लेना महत्वपूर्ण है। हमें पृथ्वी की उसी तरह देखभाल करनी चाहिए जैसे वह हमारी देखभाल करती रही है। वन महोत्सव के जरिये सभी झारखण्डवासियों से अपील है कि आप पौधे लगाएं, उनको बचाएं और उसे वृक्ष बनाएं।

**जोहार !**
(हेमन्त सोरेन)



PR. No.- 358668/IPRD/2025-26

वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखण्ड सरकार